आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* विश्व वृद्ध दिवस

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 259 | उज्जैन, गुरुवार 01 अक्टूबर, 2026 | आश्विन कृष्ण 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पटाखों पर पूरी तरह बैन नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर बैन हटाने की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कहा- पूरे देश में पटाखों पर बैन लगाना मुमकिन नहीं है। पूरी पाबंदी से लोगों की भावनाएं आहत होंगी। लेकिन, 24 घंटे आतिशबाजी की इजाजत भी नहीं दी जा सकती। पटाखे चलाने के लिए समय तय करना होगा, जिससे कि त्योहार भी मनाया जा सके और लोगों को परेशानी भी न हो। जस्टिस एमएम सुंदरेश और पीबी वराले की बेंच ने कहा कि धार्मिक भावनाओं, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

एक साथ उड़ेंगे दुनिया के सबसे खतरनाक 80-फाइटर जेट

जोधपुर। जोधपुर में 8 देशों की तरंग शक्ति एक्सरसाइज में दुनिया के सबसे खतरनाक 60 से 80 फाइटर जेट्स एक साथ उड़ान भरेंगे। भारत में मौजूद फ्रांस एंबेसी ने इसकी जानकारी दी। मंगलवार को एक्सरसाइज के चौथे दिन सुखोई ने राफेल फाइटर को लीड किया। फ्रांस के एयरबस ए-400एम और एयरबस ए-330 मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट ने भी एक्सरसाइज में हिस्सा लिया। वहीं 40 हजार फीट की ऊंचाई पर ए-400 ने और फाइटर जेट राफेल में फ्यूल भरने की प्रैक्टिस की। 12 अक्टूबर तक चलने वाले वायुसेना के इस युद्धाभ्यास में अमेरिका के एफ-35 जेट और भारत के तेजस फाइटर जेट के अलावा ट्रांसपोर्ट विमान भी शामिल हैं।

एसआईआर में नाम कटे तो दोबारा जुड़वाना आसान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने एसआईआर पूरा हो चुके राज्यों में फॉर्म-6 में बड़ा बदलाव किया है। अब एसआईआर में नाम कटने के बाद दोबारा नाम जुड़वाने के लिए 2003 की वोटर लिस्ट की जानकारी नहीं देनी होगी। आवेदक को यह बताने की जरूरत नहीं होगी कि उसका, माता-पिता या दादा-दादी का नाम उस लिस्ट में था या नहीं। फॉर्म-6 से इससे जुड़ा अतिरिक्त घोषणा-पत्र हटा दिया गया है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि नाम बिना जांच के जुड़ जाएगा। वोटर बनने की पात्रता की जांच पहले की तरह होगी। फॉर्म-6 की सामान्य प्रक्रिया भी जारी रहेगी।

फिल्म हनुमान अंश के 2 पार्ट और आएंगे



दूसरे पार्ट को लेकर प्रोड्यूसर अनुप्रिया नागर बोलीं- महाराज जी बताएंगे कि यह कब आएगा

मुंबई। महज डेढ़ करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा के बजट में बनी हनुमान अंश ने जिस तरह दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाई, उसने फिल्म की अगली कड़ी की संभावनाओं को लेकर भी उत्सुकता बढ़ा दी है। फिल्म की निर्माता अनुप्रिया नागर ने बताया कि इसे आगे ले जाने का विचार सफलता मिलने के बाद पैदा नहीं हुआ, बल्कि फिल्म शुरू करने से पहले ही इसे एक फ्रेंचाइजी के रूप में विकसित करने की योजना थी। यहां तक कि शुरूआती स्तर पर तीन फिल्मों के बारे में सोचा गया था। हालांकि, दूसरे पार्ट की स्क्रिप्टिंग अभी शुरू नहीं हुई है और निर्देशक के दूसरी फिल्म साइन करने के कारण इसमें कुछ समय लग सकता है। इसके बावजूद अनुप्रिया नागर का कहना है कि कहानी और महाराज जी के जीवन से जुड़ी इतनी सामग्री है कि एक फिल्म में सब कुछ समेटना संभव नहीं। फिल्म बनाने से पहले ही हमारे मन में इसे फ्रेंचाइजी के तौर पर विकसित करने की बात थी।

नैनो न्यूज

- **गुजरात :** 3 हजार करोड़ की ड्रग्स के साथ 5 पाकिस्तानी गिरफ्तार, ईरानी नाव से मुंबई जा रहे थे, लक्षद्वीप के पास कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस ने पकड़ा।
- **नई दिल्ली :** 12 साल का इंतजार खत्म, भारत में लॉन्च हुआ एप्पल पे, एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से कर सकेंगे टॉप-टू-पे।
- **बिहार :** सारण में गंडक पर बना बांध टूटा, 6 जिलों में बाढ़, 1.59 लाख प्रभावित; यूपी में मंदिर नदी में समाया, आंध्र प्रदेश में कोहरा।
- **नई दिल्ली :** केंद्र ने रबी फसलों पर एमएसपी बढ़ाई, गेहूं में 25 की बढ़ोतरी, 1.86 लाख करोड़ के ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर को भी मंजूरी।
- **नई दिल्ली :** कोर्ट लालू यादव के खिलाफ नए सिरे से दलीलें सुनेगी, नौकरी के बदले जमीन लेने का मामला।
- **नई दिल्ली :** सस्ते टिकट ढूंढेगा, होटल रूम भी बुक करेगा डॉट्स, ओपनएआई ने लॉन्च किया नया एआई एजेंट, अभी पेड यूजर्स को मिलेगा।
- **नई दिल्ली :** कल 'नो यूपीआई डे' का फैसला वापस, वित्त मंत्री से मुलाकात के बाद व्यापारिक संगठनों का फैसला, यूपीआई चार्ज टालने की मांग रखी।

प्रदेश में मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, इंदौर में पुलिस से धक्का-मुक्की

पांढुर्णा में जंजीर से पुतला घसीटा, देवास में अर्थी निकाली, बैतूल में फांसी दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पांढुर्णा में पुतला जंजीर से बांधकर 500 फीट घसीटा गया। देवास में प्रतीकात्मक अर्थी निकाली गई। बैतूल में पुतले को फांसी दी। वहीं, इंदौर में पुलिस से धक्का-मुक्की हुई।

जबलपुर, भिंड, सागर, दमोह और मंडला में वाटर कैनन चलाया गया। ग्वालियर में बैरिकेड्स तोड़कर कलेक्ट्रेट में घुसने की कोशिश हुई, जबकि मऊगंज में दो बैरिकेड्स पार कर प्रदर्शनकारी तीसरे गेट तक पहुंच गए। छतरपुर में भी प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट के तीनों गेट पार कर अंदर पहुंच गए।

बैतूल में 15 फीट ऊंची क्रेन पर लटका पुतला

बैतूल में कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाया। लल्ली चौक पर पुतले को करीब 15 फीट ऊंची क्रेन पर लटका दिया गया। सांकेतिक फांसी दी गई।







इन जिलों में पुलिस ने पानी की बौछार की

जबलपुर में घंटाघर पर बैरिकेड्स पार करने की कोशिश के दौरान वाटर कैनन चलाया गया। भिंड में परेड चौराहे पर भी पुलिस ने पानी की बौछार की। सागर में कालिचरण चौराहे पर बैरिकेड्स हटाने की कोशिश हुई।
वहीं, दमोह में वाटर कैनन के बावजूद कांग्रेस ने तीन पुतले जला दिए। मंडला में भी बैरिकेड्स पर धक्का-मुक्की के बाद वॉटर कैनन चलाया गया। ग्वालियर में कांग्रेसियों ने बैरिकेड्स तोड़कर कलेक्ट्रेट में घुसने की कोशिश की।

पुतला जलाने के दौरान हुई धक्का-मुक्की

उज्जैन में जब कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला जलाने की तैयारी में थे, लेकिन माचिस नहीं मिली। माचिस तलाशने के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। कुछ देर बाद माचिस पहुंची, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाया। श्योपुर में कलेक्ट्रेट परिसर में पुतला जलाने के दौरान पुलिस से छीनाझपटी हुई। विधायक बाबू जंडेल पुतला लेने की कोशिश करते नजर आए। देवास में भोपाल चौराहे से कलेक्टर कार्यालय तक प्रतीकात्मक अर्थी निकाली गई। कलेक्ट्रेट गेट पर अर्थी जलाई गई।

गुना में गोरिल्ला के भेष में पहुंचा युवक

गुना में एक युवक गोरिल्ला के भेष में पहुंचा, जिस पर लिखा था- मैं हूं गोरिल्ला ज्ञानेश, वोट चुरा के करता ऐश। डिंडौरी में पुतला जलाने के बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड से आग बुझाई। शाजापुर में एक कार्यकर्ता ने ज्ञानेश कुमार का मुखौटा और हथकड़ी पहनकर प्रदर्शन किया।

मुरैना में दीवार पर चिपकाया ज्ञापन

मुरैना में कांग्रेस ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और फांसी की मांग की। अधिकारी के देर से पहुंचने पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पुराने कलेक्ट्रेट की दीवार पर चस्पा कर दिया गया। प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा घायल हुए। मैहर में धरने के बाद करीब 2 किमी मार्च निकाला गया।

चुनाव आयोग मनमानी कर रहा

कांग्रेस का आरोप है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चुनाव आयोग में मनमानी कर रहे हैं। दो अन्य चुनाव आयुक्तों की बात नहीं सुन रहे हैं। पार्टी का यह आरोप इंडियन एक्सप्रेस में छपी एक खबर के बाद आया है। खबर के मुताबिक, पिछले 10 महीनों में दोनों चुनाव आयुक्तों ने आयोग के फैसलों पर 14 बार आपत्ति जताई है।

6 अक्टूबर को चुनाव आयोग घेरेंगे, इंडिया ब्लॉक का फैसला

19 विपक्षी दलों का 2-8 अक्टूबर तक देशभर में प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस समेत 19 विपक्षी पार्टियां 2 से 8 अक्टूबर तक देशभर में मार्च निकालेंगी। 6 अक्टूबर को चुनाव आयोग का घेराव किया जाएगा। यह फैसला बुधवार को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में इंडिया ब्लॉक बैठक में लिया गया।

सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में प्रस्ताव लाया जाए। वोटर लिस्ट से हटाए गए नामों को सार्वजनिक किया जाए। नाम हटाने से पहले वोटर को



नोटिस और अपील का मौका मिले। ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं। बैठक के बाद खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी- शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयोग को कठपुतली बना दिया है। भाजपा चुनाव आयोग के साथ वोट चोरी कर रही है।

- **राहुल गांधी:** बीजेपी, अमित शाह, पीएम मोदी और ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। हम एक गठबंधन हैं और देश में बड़ा बदलाव लाएंगे।
- **ममता बनर्जी:** बीजेपी ने वोट चोरी करके बंगाल में लूट की, एमपी, हरियाणा, बिहार, छत्तीसगढ़ में जीते। ज्ञानेश कुमार चोर-डाकू हैं।
- **तेजस्वी यादव:** फॉर्म 6 में बदलाव विपक्ष के दबाव में हुआ है। यह हमारी पहली जीत है।
- **संजय राउत:** मुंबई में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन चल रहा है। हम उसकी तैयारियों में व्यस्त हैं।

इजराइल जा रही फ्लाइट क्रैश कराने की कोशिश

एजेंसी ▸▸ रियाद

दुबई से तेल अवीव जा रही एक फ्लाइट को हाईजैक कर क्रैश कराने की कोशिश हुई। को-पायलट ने साथी पायलट पर चाकू से हमला किया और विमान का कंट्रोल अपने हाथ में लेने की कोशिश की। दूसरे पायलट और कुछ यात्रियों ने हाथापाई कर उसे रोक लिया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक दुबई की फ्लाइट में यह घटना बुधवार सुबह करीब 9 बजे हुई। इस वजह से 1 मिनट के अंदर विमान करीब 17 हजार फीट नीचे आ गया।

बैंक को एफडी पर रोज बतानी होगी ब्याज दर, सुबह 10 बजे लगेगा पता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

1 अक्टूबर से बैंकिंग सिस्टम में बल्क फिक्स्ड डिपॉजिट से जुड़ा अहम बदलाव लागू होने जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के नए नियम के तहत बैंकों को अब हर कार्यदिवस अपनी वेबसाइट पर बल्क एफडी पर दी जा रही ब्याज दरें सार्वजनिक रूप से अपडेट करनी होंगी। इसका उद्देश्य बड़ी रकम जमा करने वाले ग्राहकों और संस्थानों के लिए ब्याज दरों में पारदर्शिता बढ़ाना है।

नए नियम के तहत बैंकों को हर कार्यदिवस सुबह 10 बजे तक बल्क एफडी की नई ब्याज दरें अपनी वेबसाइट पर अपडेट करनी होंगी। इसके लिए 10 मिनट की अतिरिक्त मोहलत दी गई है, यानी बैंक अधिकतम सुबह 10.10 बजे तक दरें अपडेट कर सकेंगे। वेबसाइट पर उस दिन प्रकाशित दर के अनुसार ही बैंक को बल्क एफडी स्वीकार करनी होगी। यह बदलाव मुख्य रूप से बल्क डिपॉजिट पर लागू होगा। आमतौर पर कमर्शियल बैंकों में 3 करोड़ रुपये या उससे अधिक की जमा राशि को बल्क डिपॉजिट माना जाता है।

नीले ड्रम वाली मुस्कान और प्रेमी हत्या के दोषी

एजेंसी ▸▸ मेरठ

मेरठ में पति को मारकर नीले ड्रम में छिपाने वाली मुस्कान और उसके प्रेमी को बुधवार को कोर्ट ने हत्या का दोषी करार दिया है। कोर्ट ने माना कि दोनों ने मिलकर सौरभ को मारा था। शव के टुकड़े करके उन्हें नीले ड्रम में पैक कर दिया था। घटना के 576 दिन बाद 126 तारीखों में 22 से ज्यादा गवाहों के बयान के बाद कोर्ट ने फैसला लिया। सजा का ऐलान कोर्ट 15 दिन बाद करेगी। हत्या 3 मार्च 2025 को हुई थी। जुलाई 2025 में जिला जज की कोर्ट में ट्रायल शुरू हुआ था। पुलिस ने 1 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी।

ओवरटेक करते ट्रक में घुसी बस, पांच की मौत

एजेंसी ▸▸ आणंद

गुजरात के आणंद जिले में बुधवार सुबह अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार निजी बस द्वारा आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में यह भीषण भिड़ंत हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और युद्धस्तर पर राहत व बचाव कार्य शुरू किया।

मुंबई में बेटी ने चार साल तक फ्रीजर में रखा पिता का शव


यूएसए भेजने की थी तैयारी, पैसों का इंतजाम करने में जुटी थी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के मलाड इलाके में एक बेटी ने अपने पिता के शव को करीब चार साल तक फ्रीजर में संभालकर रखा। बेटी अपने पिता से इतनी गहराई से जुड़ी हुई थी कि वह उनके शव को लंबे समय तक सुरक्षित रखना चाहती थी। इस हैरान करने वाले मामले का खुलासा तब हुआ, जब चॉल के रीडेवलपमेंट के लिए परिसर खाली कराने की प्रक्रिया शुरू हुई।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 78 वर्षीय बुजुर्ग काफी समय से कैंसर से पीड़ित थे और जून 2022 में दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद बेटी ने डॉक्टर से डेथ सर्टिफिकेट भी बनवा लिया था। शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि बुजुर्ग की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई थी और इसमें किसी तरह की आपराधिक साजिश के संकेत नहीं मिले हैं।

मौत के बाद बेटी ने पिता के शव को मालाड ईस्ट स्थित एक चॉल के डे-केयर सेंटर में रखे फ्रीजर में रखवा दिया था। पूछताछ में पता चला कि बेटी की योजना केवल शव को फ्रीजर में सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं थी। उसने अमेरिका की एक ऐसी संस्था से भी संपर्क किया था, जो शवों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की सेवा देती है। बेटी की योजना पैसे जुटाने और जरूरी कानूनी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद पिता के शव को अमेरिका भेजने की थी। इसके लिए वह लगातार अमेरिकी संस्था के संपर्क में थी, कानूनी सलाह ले रही थी और पैसों का इंतजाम करने में जुटी थी। इस दौरान वह खुद अंधेरी वेस्ट में रह रही थी।



मामले का ऐसे हुआ खुलासा

मामले का खुलासा तब हुआ, जब करीब 2 हजार वर्ग फुट से ज्यादा क्षेत्र में फैली इस चॉल के रीडेवलपमेंट की तैयारी शुरू हुई और मकान मालिक ने जगह खाली करने को कहा। मकान मालिक के मुताबिक, उसने साल 2022 की शुरुआत में अब्दुल रहमान नाम के व्यक्ति को यह जगह किराए पर दी थी। बाद में रहमान ने यह जगह एक दूसरे मैनेजमेंट को सौंप दी, जहां क्लिनिक और डे-केयर सेंटर चलाया जा रहा था। मकान मालिक का कहना है कि उसे इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि क्लिनिक और डे-केयर सेंटर के फ्रीजर में किसी इंसान का शव रखा हुआ है।

EPIC मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अहमदाबाद द्वारा आयोजित
हृदय रोग परीक्षण एवं सुपर स्पेशलिटी परामर्श शिविर
(हड्डी, कैंसर, किडनी, गायनेकोलॉजी, डायबिटीज)
* दिनांक : 04 अक्टूबर 2026 रविवार * समय प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक
स्थान : लोकमान्य टिळक विद्यालय, नीलगंगा चौराहा, उज्जैन
हृदय रोग विशेषज्ञ टीम द्वारा विगत् 25 वर्षों से अपनी सेवाएँ देकर हृदय रोग के 40 हजार सफल ऑपरेशन
EPIC HOSPITAL
(Unit of Vatsalya Healthcare LLP)
कार्डियक सर्जन: डॉ. अपूर्व पटेल, डॉ. कुणाल जैन
कार्डियक / जन. फिजिशियन: डॉ. राजेन्द्र बुखर
रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ सर्जन: डॉ. ध्रुव पटेल
हड्डियों के शल्य चिकित्सक: डॉ. पार्थ पारिख
डॉ. अनिल जैन
(एम.एस., डी.एन.बी., कार्डियो वेस्कूलर सर्जन)
फाउंडर एंड डायरेक्टर
एपिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, अहमदाबाद
कार्डियक सर्जन: डॉ. निकुंज शेखड़ा
कैंसर सर्जन: डॉ. भाविन वडोदरिया
स्त्री रोग विशेषज्ञ: डॉ. चैतसी शाह
किडनी रोग विशेषज्ञ: डॉ. राज मंडोत
डायबिटीज विशेषज्ञ: डॉ. स्मित शाह
पंजीयन शुल्क 50/-
जिन मरीजों ने एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, ईको-कार्डियोग्राफी, पेसमेकर, वाल्व सर्जरी, बाईपास सर्जरी, बेन्टल, एएसडी, वीएसडी आदि कराया हो या जिनको करवाने की सलाह दी गई हो उन मरीजों को इस शिविर में अवश्य परामर्श लेना चाहिए।
कैंसर रोग के मुख्य लक्षणः मुंह के छाले, असामान्य खून बहना, भोजन निगलने में दिक्कत, ब्रेस्ट में गांठ या सूजन, कम भोजन के बाद भी पेट में भारीपन व सूजन
स्त्री रोग से जुड़े मुख्य लक्षणः गर्भाशय बाहर आना, असामान्य डिस्चार्ज, माहवारी की समस्या, मेनोपॉज के बाद लिम्फ नोड्स की समस्या, प्रेग्नेंसी न ठहरना
किडनी रोग से संबंधित लक्षणः डायबिटिक नेफ्रोपैथी, हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन), डायलिसिस किडनी, ट्रांसप्लांट, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, एक्यूट किडनी इंजरी, क्रिटिकल केयर नेफ्रोलॉजी
हड्डियों में यदि इस प्रकार का रोग हो: एड़ी के दर्द, फ्लैट फीट, बनियन, स्पोर्ट्स इंजरी और डायबिटिक फीट केयर
हृदय रोग के लक्षणः ज्यादा थकान महसूस होना, पेट की उपरी भाग में जलन होना, छाती में दर्द, सांस फूलना, बैचेनी होना, हृदय की अनियमित धड़कन
डायबिटिज, थायरॉयठ, मोटापा और हार्मोन्स से जुड़ी समस्याओं का इलाज उपलब्ध रहेगा।
नोटः पूर्व पंजीयन अनिवार्य है, मरीज सभी पुरानी फाईल, रिपोर्ट्स व जांच आवश्यक रूप से साथ में लेकर आए। इस कार्डियक कैंप के लिये आने वाले मरीजों को सलाह दी जाती है कि वे पहले मौजूद रिपोर्ट के अलावा नीचे लिखी रिपोर्ट्स को भी तैयार रखें।
• फ्रेश ईसीजी • लिपिड प्रोफाईल • सीबीसी • छाती का एक्स-रे • इको
शिविर में डायबिटिज जाँच एवं हृदय रोग की दवाईयाँ निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।
एपिक (EPIC) मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
टाईम्स 104 के सामने, राजपथ रंगोली रोड, बोडकदेव, अहमदाबाद (गुज.) 380054
श्री केनी सर (प्रबंधक) मो. 098250-49151 (24 घंटे)

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

समय पर सही काम महाआयोजन को देना है अंजाम

महाआयोजन के लिए शहर में की जा रही तैयारी के लिए एक लंबी फेहरिस्त निर्माण कार्यों की है। इस बार श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान भी छोटा मोटा नहीं पूरे 30-40 करोड का है। अंदाजा लगाईए वार त्यौहार को जब शहर की जनसंख्या (7.5 लाख) का 50 प्रतिशत घरों से बाहर निकल आता है तो अपना शहर जाम हो जाता है। अभी की नहीं सामान्य हालातों के समय की बात की जा रही है। अगले डेढ़ साल बाद आयोजित होने वाले महाआयोजन में तो पूरे 45 दिनों में 30-40 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की तैयारी की जा रही है। मेजबान आप और हम सब रहेंगे। इस दौरान घराती की तरह हमें आचरण एवं व्यवहार करने की सीख अभी से अपने में ढालनी होगी। यही नहीं महाआयोजन में कालांतर से यहां का निवासी अपने घरों में मेहमान नवाजी का आदि रहा है। इसके लिए जब घरों में पूर्व से ही सामान्य राशन, बिस्तर आदि के इंतजाम किए जाते हैं तो शहर के इंतजाम तो निश्चित तौर पर बड़े पैमाने पर करने ही होंगे। उसके लिए समय पर निर्माण कार्यों को अंजाम दिया गया है। समय पर काम चल रहे हैं। प्रतिदिन की समीक्षा की जा रही है। सडकों के चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। अगर ये काम अभी नहीं होंगे तो फिर ऐन महाआयोजन तक चलते रहेंगे जो कि मेहमानों के सामने हमारी गंभीरता को प्रदर्शित करेंगे। महाआयोजन 1992 में कुछ ऐसे ही हाल रहे थे।अस्पताल बनाया गया था उसका प्लस्तर नहीं हुआ था। बस स्टैंड बना था अधुरा चालू किया गया था। खास तो यह है कि इस बार डेढ़ साल बाद के महाआयोजन की ही नहीं उसके साथ 2040 वाले की भी तैयारी की जा रही है। शहर को स्थाई सौगातें दी जा रही है। इसी तैयारी के लिए शहर के नागरिक काफी त्याग और समर्पण कर रहे हैं। अफसर भी रात दिन पसीना बहा रहे हैं। सबका एक ही ध्येय हैं महाआयोजन की सफलता एवं निर्विघ्नता। इसमें सभी को आपसी समन्वय, सामंजस्य एवं संवाद के साथ अपना योगदान देना है। घर के मसलों को घर में बैठकर सुलझाना है न कि बवाल मचाकर घर की लाज को उघाड़ने के काम को अंजाम देना है। बवाल के समय वर्दी एवं प्रशासन ने एक लय एक ताल से अपने काम को समय और समझ के साथ सही रूप से अंजाम दिया। ना समझों को उनकी भाषा में समझा दिया गया।

नैनो न्यूज

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया योगा फॉर बैक पेन पुस्तक का विमोचन, योग और रीढ़ के स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरूक करने योगाचार्य डॉ. सुषमा यादव और डॉ. भवित बंसल ने किया है लेखन
- सिंधी गरबा 2026ह्व में सकल सिंधी समाज मनाएगा नौ दिवसीय गरबा उत्सव, ह्यअनुपमाह्ल फेम अभिनेत्री रूपाली गांगुली होंगी विशेष आकर्षण, होटल पार्क पैलेस में सजेगा गरबा महोत्सव
- माधव कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता और नशामुक्ति का संदेश, मंगलनाथ में चलाया स्वच्छता अभियान, सांदीपनि आश्रम में बताए नशे के दुष्परिणाम
- अम्बे माता मंदिर में पूजा कर 'हनुमान अंश' देखने पीवीआर पहुंचीं 250 महिलाएं, श्री हरि संस्था ने दिखाया निःशुल्क शो, धार्मिक व सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी है संस्था
- एक साल में 100 किताबें लिखकर डॉ. चिंतामणि राठौर ने रचा विश्व कीर्तिमान, गिनीज बुक में दर्ज हुआ नाम, कालिदास अकादमी में हुआ पुस्तकों का लोकार्पण, पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी बोले- संघ की प्रेरणा से असंभव काम हुआ संभव
- एक साल में 100 किताबें लिखकर डॉ. चिंतामणि राठौर ने रचा विश्व कीर्तिमान, गिनीज बुक में दर्ज हुआ नाम, कालिदास अकादमी में हुआ पुस्तकों का लोकार्पण, पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी बोले- संघ की प्रेरणा से असंभव काम हुआ संभव
- राज्य स्तरीय बॉक्सिंग में उज्जैन के लय शर्मा ने जीता स्वर्ण पदक, भोपाल में आयोजित स्पर्धा में 1800 खिलाड़ियों ने लिया था हिस्सा, सेंट पॉल स्कूल के छात्र ने बढ़ाया शहर का मान

ट्रेंडिंग



श्राद्ध में कौवे को भोजन कराया जाता है लेकिन खतरनाक प्रदूषण ने कौवे समेत तमाम पंक्षियों की जिंदगी लील ली

श्राद्ध पक्ष में नहीं मिल पा रहे कौवे, नहीं सुनाई देती छत पर कांव-कांव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इस समय श्राद्ध पक्ष चल रहे हैं, लोग अपने घरों में पूर्वजों का श्राद्ध करते हैं और श्राद्ध में पितरों के नाम पर जो खाना बनाया जाता है वो कौवों को दिया जाता है लेकिन शहर में अब कौवों की प्रजाति विलुप्त होती जा रही है। आजकल श्राद्ध के दिनों में कौवे ढूंढे नहीं मिल रहे। फसलों में कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल, मोबाइल टावरों की रेडियो धर्मी किरणों और शहरों में खतरनाक प्रदूषण ने कौवे समेत तमाम पंक्षियों की जिंदगी लील कर रख दी है।

शहर में इन दिनों कौवे नहीं मिल पाने के कारण अन्य पक्षियों को मजबूरी में भोजन करवाया जा रहा है। एक समय था जब शाम के समय गांव और शहर में सभी जगह चिड़ियां, कौवे और दूसरे पक्षियों की चहचहाट रहती थी। श्राद्ध के दिनों में लोग कौवे को खास तौर से श्रद्धा के साथ देखते थे। पूर्वजों का श्राद्ध कर-के कौए का ग्रास, भोजन निकालने की रस्म तो आज भी पूरी की जाती है।



लेकिन इस ग्रास को खाने के लिए कौवे ढूंढे नहीं मिल रहे। ग्रामीण अंचल में तो कहीं-कहीं कौवे नजर आ जाते हैं। लेकिन शहरों में पूरी कोशिश के बावजूद दिनभर में कौवे दिखाई नहीं देते।

कौवे ना मिले तो यह करें

अगर आपको कौवा नजर नहीं आ रहा है तो आप उसके नाम का खाना निकालकर कुत्ते को खिला सकते हैं। ऐसा करने से भी आपका खाना उन तक पहुंच जायेगा।

रामचरित मानस में भी है वर्णन, सीता के पैर में मारी थी चोंच



अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि धार्मिक ग्रंथ रामचरित मानस में कौवे का वर्णन आता है। रामायण में भी काग भुसुंडी की चर्चा है। रामायण में भी सीता के पांव पर कौवे के चोंच मारने तथा श्रीरामजी की आरती में भी वर्णन है।

बैंककर्मी भावना शर्मा ने बताया कि इन दिनों पितर पक्षों में पूर्वजों की याद में हर साल पितरों को खाना खिलाने के तौर पर सबसे पहले कौवों को खाना खिलाया जाता है। बुजुर्गों का कहना है कि व्यक्ति मरकर सबसे पहले कौवे का जन्म लेता है। कौवों को खाना खिलाने से पितरों को खाना मिलता है। इसलिए श्रद्धापूर्वक पित्र पक्षों में कौवों को खाना खिलाए जाने की मान्यता है।

विलुप्त होती जा रही कौवों की प्रजाति



श्राद्ध पक्ष में कौवे खाना खिलाने की परंपरा पितरों के प्रति श्रद्धा और स्मरण से जुड़ी है। डॉ. डाली गिरी गोस्वामी, व्याख्याता, शासकीय शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन ने बताया कि कौवे का अन्न ग्रहण करना धार्मिक आस्था का विषय है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, पेड़ बचाने तथा पक्षियों के लिए स्वच्छ जल और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। वर्तमान में काला कौआ तेजी से लुप्त हो रहा है।



आशुतोष शुक्ला ने बताया कि कुछ साल पहले गांव से लेकर शहरों तक झुंड के झुंड कौवे दिखाई देते थे, लेकिन अब ये धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कौवों की प्रजाति प्रदूषण के कारण तेजी से घट रही है। वातावरण में जैसे-जैसे प्रदूषण बढ़ रहा है, वैसे-वैसे ही सारस, गिद्ध और चील की तरह कौवों की प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। वर्तमान समय में कौवा भी पक्षियों की संकटग्रस्त प्रजातियों में सम्मिलित हो गया है। इसमें काला कौवा तो एकदम गायब हो रहा है।

समाजजन काम तकनीकी रूप से संवेदनशील होने से पूरी सुरक्षा के साथ चरणबद्ध रूप से अंजाम दे रहे

500 मीटर दायरे में वीडियो-फोटोग्राफी रोकी, मिनार से सटाकर मचान लगाया

सोशयल मीडिया पर दुष्प्रचार करने के साथ पथराव करने वाले 10 आरोपियों को जेल भेजा गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोमवार को हुए पथराव की घटना के बाद शाही मस्जिद क्षेत्र को पूरी तरह से पुख्ता सुरक्षा घेरे में ले रखा गया है। बुधवार को इसके आसपास के 500 मीटर दायरें में वीडियो-फोटोग्राफी पर रोक लगा दी गई है। चौड़ीकरण में आ रहे भाग को समाजजन ही हटा रहे हैं उन्होंने मिनार से सटाकर मचान लगाया है और उसके बाद काम की शुरूआत की गई है। सोमवार को पथराव की घटना में शामिल खाराकुंआ थाना पुलिस की गिरफ्त में आए 10 आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

मस्जिद के चौड़ीकरण के हिस्से को हटाने का काम तीसरे दिन भी समाजजनों की ओर से जारी रहा है। बुधवार पूर्वान्ह में समाजजनों ने लोहे के पाईपों से मचान लगाया था जिसके आधार पर उपर की और तुड़ाई के काम को अंजाम देने की शुरूआत की गई थी। क्षेत्र में चारों और बैरिकेड्स लगाए गए हैं और पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल तैनात किया गया है।



10 आरोपी गए जेल

बुधवार को खाराकुआ थाना पुलिस ने सोमवार को दर्ज अपराध क्रमांक 170/2026 में सोशल मीडिया के माध्यम से रील/वीडियो बनाकर अपलोड करने, विरोध प्रदर्शन करने एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने, अपराध क्रमांक 171/2026 में टंकी चौराहा पर एकत्रित होकर पुलिस के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने, अपराध क्रमांक 172/2026 में मावा बाजार में एकत्रित होकर पुलिस के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं जिलादंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने के तीन अलग-अलग मामलों में करीब 2 दर्जन आरोपी बनाए हैं। सीएसपी कोतवाली संजू चौहान के अनुसार बुधवार को इन आरोपियों का खाराकुआ थाना पुलिस ने मेडिकल करवाने के पश्चात न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी न्यायालय में पेश किया था जहां से आरोपी अरसद हुसैन पिता सब्बीर, कोर्ट मोहल्ला, इशान पिता मुबारिक खान, मिल्कीपुरा, तैय्यब पिता मो. गनी, आगर नाका, सलमान पिता आजाद, अहमद नगर, कासिम पिता रिजवान, बेगमबाग, आशिक पिता इकबाल अब्दुल, मसद्दीपुरा, साहिल खान पिता अब्दुल रसीद, जयसिंहपुरा, शाविर पिता अकरम, गणेश कॉलोनी, शेख अल्फेज पिता आशिम, गरीब नवाज कॉलोनी, समीर पिता मुबारिक, शंकरपुर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

एहतियात बतौर 500 मीटर दायरे में आवाजाही रोकी

एसपी गुरुप्रसाद पाराशर के अनुसार समाजजनों के कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान न हो और आवाजाही में कोई हताहत न हो इसे देखते हुए 500 मीटर दायरे में फोटो एवं वीडियोग्राफी के साथ आवाजाही पर रोक लगाई गई है।

ज्यादातर दुकानों का ही भाग

तोड़ा जा रहा हिस्सा तल स्थित दुकानों का ही है। चौड़ीकरण में आ रहे भाग में ही ये हैं। तुड़ाई का काम तीसरे तल से नीचे की ओर किया जा रहा है। नगर निगम के कार्यपालन यंत्री राजकुमार राठौर के अनुसार मास्टर प्लान के अनुसार ही छत्री चौक से गोपाल मंदिर की ओर अगले हिस्से में 2.7 मीटर एवं अंत में 1.4 मीटर भाग शामिल है जिसका नोटिस दिया गया था। इस काम के चलते क्षेत्र की दुकानों भी प्रभावित हुई हैं। काम तकनीकी रूप से संवेदनशील होने के कारण इसे समाजजन चरणबद्ध तरीके से पूरे सुरक्षित रूप से अंजाम दे रहे हैं। शहर काजी खलिकुर्रेहमान के अनुसार पांचों दैनिक नमाज समाजजन यहां अंजाम दे रहे हैं।

शारदीय नवरात्रि 11 से, हाथी पर आगमन, मंगलवार को गमन शुभ



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आश्विन मास की शारदीय नवरात्रि को लेकर सहरसा सहित कोसी अंचल के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक उत्साह चरम पर है। मंदिरों और पूजा पंडालों में भव्य तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस वर्ष जगतजननी मां दुर्गा का आगमन गज (हाथी) पर हो रहा है।

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार जब माता का वाहन हाथी होता है, तो वह देश-समाज में प्रचुर वर्षा, कृषि उपज में वृद्धि, सुख-समृद्धि और धन-धान्य की परिपूर्णता का मंगलकारी संदेश लेकर आता है। रविवार को देवी का आगमन और मंगलवार को प्रस्थान दोनों ही श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत फलदायी माना गया है। शारदीय नवरात्रि का महापर्व 11 अक्टूबर, रविवार से प्रारंभ होगा। इसी दिन विधि-विधान से कलश स्थापना के साथ प्रथम स्वरूपा मां शैलपुत्री की उपासना की जाएगी।

विजयादशमी व विसर्जन को लेकर पंचांग मतभेद

नवरात्र हवन की पूर्णाहुति 20 अक्टूबर की सुबह 09:40 बजे की जाएगी। विजयादशमी और प्रतिमा विसर्जन की तिथि को लेकर पंचांगों में थोड़ा मतभेद है। आचार्य बमबम झा ने बताया कि मिथिला पंचांग के अनुसार उदया तिथि की मान्यता के चलते 21 अक्टूबर (बुधवार) को विजयादशमी मनाई जाएगी तथा इसी दिन कलश व मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। वहीं, काशी पंचांग को मानने वाले स्थानों पर श्रवण नक्षत्र के संयोग के आधार पर 20 अक्टूबर (मंगलवार) को ही विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा।

भस्म आरती में शामिल हुए क्रिकेटर रिंकू सिंह, दो घंटे नंदी हॉल में बैठे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय क्रिकेट टीम के हरफनमौला खिलाड़ी रिंकू सिंह बुधवार तड़के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचे। उन्होंने पहली बार भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल के दर्शन किए।

रिंकू सिंह सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे। वे करीब दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती के दर्शन करते रहे। इस दौरान वे भक्ति में लीन नजर आए। उन्होंने हाथ जोड़कर बाबा महाकाल को नमन किया और महाकाल का जाप करते दिखाई दिए। आरती के बाद रिंकू सिंह ने महाकाल मंदिर की



देहरी से भगवान का आशीर्वाद लिया। उन्होंने पुजारियों के माध्यम से बाबा महाकाल को जल भी अर्पित किया। मंदिर समिति की ओर से उनका सम्मान किया गया। दर्शन के बाद रिंकू सिंह ने कहा, यहां आकर बहुत अच्छा लगा। बहुत अच्छे से दर्शन हुए। पहली बार भस्म आरती में शामिल हुआ। महाकाल जी के दर्शन कर धन्य हो गया।

स्वामित्व योजना में निःशुल्क रजिस्ट्री की अड़चन दूर करने प्रशासन सख्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रदेश में स्वामित्व योजना के तहत पात्र पट्टाधारियों को निःशुल्क रजिस्ट्री का लाभ दिलाने में आ रही अड़चनों को अब सरकार ने गंभीरता से लिया है। रजिस्ट्री प्रक्रिया में सहयोग नहीं करने या अनावश्यक देरी करने वाले मैदानी कर्मचारियों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने सभी कलेक्टरों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए समय सीमा निर्धारित की है। इसके तहत अब जिलों में प्रत्येक सप्ताह गुरुवार से शनिवार तक रजिस्ट्री का काम कराया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि तय समय में प्रक्रिया शुरू नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

उज्जैन जिले में भी स्वामित्व योजना के तहत पात्र पट्टाधारियों को रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को प्रक्रिया में तेजी लानी होगी। कलेक्टर को जिले में रजिस्ट्री कार्य को प्राथमिकता के साथ शुरू कराने और उसकी नियमित निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि पात्र हितग्राहियों को दस्तावेज तैयार कराने से लेकर रजिस्ट्री कराने तक किसी तरह की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

राज्य शासन ने संबंधित अधिकारियों को अगले बुधवार तक रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी यदि निर्धारित अवधि में काम शुरू नहीं होता है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे साफ है कि सरकार अब योजना के क्रियान्वयन में होने वाली देरी के लिए जिम्मेदारी तय करने के साथ ही मैदानी स्तर पर निगरानी भी बढ़ा रही है।

वाणिज्यिक कर विभाग को भी जिम्मेदारी सौंपी

स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन के लिए राजस्व विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। प्रमुख सचिव राजस्व की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में योजना के समन्वय, क्रियान्वयन और निगरानी की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। रजिस्ट्री प्रक्रिया में समन्वय के लिए वाणिज्यिक कर विभाग को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्थानीय अधिकारी भी इस कार्य में सहयोग करेंगे। मैदानी स्तर पर पटवारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उन्हें आवश्यक कार्रवाई पूरी करने और संबंधित अभिलेखों के आधार पर प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

स्मार्ट सिटी विकसित करेगा मार्ग, नगर निगम साइड क्लीयर कर देगा

महाकाल के एक नंबर गेट से चौराहा तक 80 फीट मार्ग की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के गेट नंबर-1 से महाकाल चौराहे तक 80 फीट मार्ग की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस मार्ग को स्मार्ट सिटी बनाने वाला है। नगर निगम उज्जैन की और से स्मार्ट सिटी को साइड क्लीयर कर देना है। इस मार्ग के बनने के साथ ही नीलकंठ द्वार से चौराहा तक 24 मीटर एवं उसके आगे चौराहा से कमरी मार्ग तक 20 मीटर चौड़ा मार्ग प्रस्तावित है। इससे भविष्य में पूरा सवारी मार्ग चौड़ा हो जाएगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के गेट नंबर 1 से लेकर चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण को लेकर नगर निगम झोन 3 ने यहां व्यवसायियों को नोटिस जारी किए थे। हाल ही में न्यायालय से स्थगन हटाने के बाद नगर निगम टीम बुधवार को मौके पर पहुंची और दुकानदारों, होटल संचालकों से दुकानें व होटल खाली करने को कहा। व्यापारियों का आरोप है कि उन्हें

मंदिर से सवारी मार्ग को तीन तरफा चौड़ा करने के लिए नगर निगम ने की मार्किंग





कार्रवाई के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया और निगम की टीम बिना पूर्व सूचना के जेसीबी लेकर तोड़फोड़ करने पहुंच गई। व्यापारियों के मुताबिक, मंगलवार शाम को ही यहां मार्किंग की गई थी और अगले दिन सुबह कार्रवाई शुरू कर दी गई।

नियमानुसार सभी कार्रवाई

मामले में झोन कार्यपालन यंत्री राजकुमार राठौर ने बताया कि नियमानुसार सभी कार्रवाई की जा रही हैं। मंदिर से चौराहा तक का यह मार्ग स्मार्ट सिटी विकसित करेगा। वर्तमान में यह मार्ग 40 फीट का है और 80 फीट किया जाना प्रस्तावित है। करीब 200 मीटर का यह मार्ग चौराहा तक है। आगे यह मार्ग नीलकंठद्वार से चौराहा तक वर्तमान 14 मीटर मार्ग को 24 मीटर किया जाना प्रस्तावित हैं जहां मार्किंग की जा चुकी है। यही मार्ग चौराहा से कमरी मार्ग तक 20 मीटर किया जाना प्रस्तावित है जो कि अभी करीब 7 मीटर है। इस पूरे मार्ग में मंदिर से चौराहा और उसके उपरांत गुदरी होते हुए कमरीमार्ग तक सवारी मार्ग है।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार 01 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह के तहत बच्चों का किया गया श्रवण परीक्षण

इंदौर। इंदौर जिले में राष्ट्रीय बधिरता निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 21 से 27 सितंबर 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह मनाया गया। इस वर्ष की थीम ह्यबधिर व्यक्तियों के मानवाधिकारों की घोषणा रही। सप्ताह के दौरान जनजागरूकता गतिविधियों, श्रवण परीक्षण एवं परामर्श के माध्यम से बधिर व्यक्तियों के अधिकारों, सांकेतिक भाषा के महत्व तथा श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए गए। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय सहित समस्त शासकीय चिकित्सालयों में विशेष ओपीडी एवं काउंसलिंग का आयोजन किया गया।

युवा संगम रोजगार मेले में 389 युवक-युवतियों का चयन

इंदौर। बेरोजगार युवक-युवतियों को एक ही छत के नीचे रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को आईटीआई नंदा नगर, इंदौर में एक दिवसीय युवा संगम का आयोजन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई एवं जिला उद्योग केंद्र इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 23 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से कुल 389 युवक-युवतियों का विभिन्न पदों पर रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 664 आवेदकों ने पंजीयन कराया, जिनमें 530 युवक एवं 134 युवतियां शामिल थीं।

सफाई कर्मियों का सम्मान सहित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

इंदौर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वाराणसी से वडनगर तक निकाली जा रही जन सेवा संकल्प यात्रा बुधवार, 30 सितम्बर को सांवेर विधानसभा क्षेत्र के क्षिप्रा पहुंचेगी। जल संसाधन मंत्री एवं सांवेर विधायक तुलसीराम सिलावट के नेतृत्व में यात्रा का क्षिप्रा में भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर यात्रा में शामिल युवाओं के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंत्री श्री सिलावट के नेतृत्व में क्षिप्रा में स्वच्छता अभियान, क्षिप्रा घाट पर पूजन तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य एवं सफाई कर्मियों का सम्मान किया जाएगा। यात्रा सांवेर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए अनेक जनकल्याणकारी एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता करेगी।

चरक में विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



उज्जैन। जिला चिकित्सालय (चरक भवन) उज्जैन में विगत मंगलवार को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हृदय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अजय निगम ने बताया कि बदलती जीवनशैली, अस्वास्थ्यकर खान-पान, तनाव, व्यायाम की कमी, धूम्रपान तथा तंबाकू सेवन से हृदय रोगों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सीने में तेज दर्द, पसीना आना, घबराहट तथा दर्द का हाथ, कंधे या जबड़े तक फैलना हार्ट अटैक के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर बिना देरी किए तत्काल अस्पताल पहुंचना चाहिए। नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से हृदय रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में बताया गया कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और वजन नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन से पूरी तरह बचकर स्वस्थ हृदय और स्वस्थ जीवन अपनाया जा सकता है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया, डॉ. निधि जैन, डॉ. अजय निगम, अस्पताल प्रबंधक श्रीमती हिमांगी चौहान, सहायक अस्पताल प्रबंधक श्रीमती वर्षा चौहान, अस्पताल के समस्त स्टाफ सदस्य एवं नर्सिंग छात्राएं उपस्थित रहीं।

नैनो न्यूज

- **देवास – साइबर ठगी गिरोह पकड़ा गया-** देवास पुलिस ने साइबर ठगी गिरोह का खुलासा कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। छह मामलों में करीब दस लाख की ठगी सामने आई।
- **आगर – सटोरियों पर पुलिस कार्रवाई-** आगर में पुलिस ने सट्टा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया। बस स्टैंड क्षेत्र में दबिश दी गई।
- **शाजापुर – चार इनामी आरोपी गिरफ्तार-** मक्सी पुलिस ने लूट-डकैती के चार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने करीब 12 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया।
- **सुसनेर – उपचुनाव में भारी मतदान-** सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव में 75.96 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना तीन अक्टूबर को होगी।
- **रतलाम – फोरलेन किनारे शव मिला-** रतलाम में फोरलेन किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। पास में क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी थी, हादसे की आशंका जताई गई।
- **मंदसौर – नकली दूध घी फैक्ट्री पकड़ी-** सुवासरा पुलिस ने नकली दूध और घी बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी। मौके से बड़ी मात्रा में मिलावटी सामान बरामद किया गया।

स्लॉट के अनुसार होगी बुकिंग, छोटे मार्ग से कराए जाएंगे दर्शन, प्रयोग सफल रहा तो स्थायी होगी व्यवस्था

महाकाल में भीड़ कम रही तो आम भक्तों को भी मिलेगा वीआईपी प्रवेश

सामान्य लंबी कतार के बजाय छोटे मार्ग से महाकाल मंदिर में प्रवेश देकर सुविधापूर्वक दर्शन कराए जाएंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में अब आम भक्तों को भी वीआईपी दर्शन की सुविधा मिल सकती है। सूत्र बताते हैं मंदिर समिति ने प्रायोगिक तौर पर इस प्रकार की व्यवस्था लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसमें भीड़ कम रहने वाले समय को चिह्नित कर सामान्य दर्शनार्थियों के लिए स्लॉट निर्धारित किए जाएंगे।



श्रद्धालु मंदिर की वेबसाइट के माध्यम से इन स्लॉट की बुकिंग कर सकेंगे और निर्धारित समय पर उन्हें सामान्य लंबी कतार के बजाय छोटे मार्ग से मंदिर में प्रवेश देकर सुविधापूर्वक दर्शन कराए जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य केवल भक्तों को सुविधा देना नहीं, बल्कि स्लैक सीजन में महाकाल दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का प्रवाह बढ़ाना और उज्जैन की अर्थव्यवस्था को वर्षभर गति देना भी है।

योजना सफल रहती है तो मंदिर समिति इसे स्थायी रूप से लागू करने पर विचार कर सकती है। मंदिर की आईटी शाखा द्वारा योजना का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। एक्सपर्ट उन समयावधियों को चिह्नित कर रहे हैं , जब मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रहती है। इसके आधार पर स्लॉट बनाए जाएंगे।

उपलब्ध स्लॉट के अनुसार ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे

प्रत्येक स्लॉट में कितने श्रद्धालुओं को छोटे मार्ग से दर्शन कराए जा सकते हैं, इसकी क्षमता का आंकलन भी होगा। भक्त उपलब्ध स्लॉट के अनुसार ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे। वर्तमान में शनिवार, रविवार और सोमवार को छोड़कर सप्ताह के अन्य दिनों में दर्शनार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रहती है। इसी तरह वर्ष में दशहरा, दीपोत्सव के पांच दिन सहित अन्य कई ऐसे प्रमुख व्रत, त्यौहार आते हैं जब अवकाश के बावजूद महाकाल मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या कम रहती है। ऐसे समय में अधिक श्रद्धालुओं को उज्जैन आने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में यह व्यवस्था महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

बता दें कि वर्तमान में शनिवार, रविवार और सोमवार को छोड़कर सप्ताह के अन्य दिनों में दर्शनार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रहती है। इसी तरह वर्ष में दशहरा एवं दीपोत्सव के पांच दिन सहित अन्य कई ऐसे प्रमुख व्रत, त्यौहार आते हैं जब अवकाश के बावजूद महाकाल मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या कम रहती है। ऐसे समय में अधिक श्रद्धालुओं को उज्जैन आने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में यह व्यवस्था महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

होटल से ई-रिक्शा तक बढ़ेगा कारोबार

बाबा महाकाल दर्शन के लिए बाहर से आने वाला श्रद्धालु केवल महाकालेश्वर मंदिर तक सीमित नहीं रहता। उसके उज्जैन में ठहरने, भोजन करने और शहर के अन्य धार्मिक स्थलों तक जाने से स्थानीय कारोबार को भी लाभ मिलता है। इसलिए स्लैक सीजन में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ने से होटल, यात्रीगृह, भोजनालय, रेस्टोरेंट, ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा सहित छोटे-बड़े कारोबारियों को वर्षभर ग्राहक मिल सकेंगे।

---

300 धनुष तोप बनाएगी जीसीएफ, प्रति मिनट 3 राउंड की दर से डेढ़ घंटे तक लगातार फायरिंग की क्षमता

ऑपरेशन सिंदूर के बाद जबलपुर में बनी देसी बोफोर्स का क्रेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में बनी धनुष तोप का क्रेज बढ़ा है। इसका असर अब उत्पादन लक्ष्य पर दिखाई दे रहा है। खास बात यह है कि धनुष अब सिर्फ संख्या में नहीं बढ़ेगी, बल्कि इसकी भूमिका भी बदलेगी। 95 फीसदी कलपुर्जों के स्वदेशीकरण के साथ यह पूरी तरह माउंटेन गन के रूप में तैयार होगी और पुरानी टोड गनों की जगह लेगी। धनुष को भारतीय सेना की पहली 155 मिलीमीटर, 45 कैलिबर की उन्नत स्वदेशी हावित्जर तोप माना जाता है और इसे देसी बोफोर्स भी कहा जाता है। करीब 38 किलोमीटर है धनुष की मौजूदा मारक क्षमता, जिसे अपग्रेड कर 44 किलोमीटर से अधिक करने की तैयारी है। 1980 के दशक की बोफोर्स तोप पर आधारित डिजाइन वाली धनुष एक मिनट में करीब छह राउंड फायर कर सकती है।

पूरी तरह देश में विकसित

1990 के दशक में बोफोर्स सौदे के बाद यह पहली बड़ी स्वदेशी आर्टिलरी गन है जिसे सेना को बड़े पैमाने पर सौंपा जा रहा है। धनुष पर कार्य 2012 में शुरू हुआ था। इसमें उन्नत कम्युनिकेशन सिस्टम और आधुनिक तकनीक का समावेश किया गया है।

प्रमुख विशेषताएं- प्रति मिनट 3 राउंड की दर से डेढ़ घंटे तक लगातार फायरिंग की क्षमता। आवश्यकता पड़ने पर 12 राउंड प्रति मिनट तक फायरिंग। 46.5 किलोग्राम वजनी गोला दागने में सक्षम। स्वदेशी रक्षा उत्पादन की दिशा में धनुष तोप भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता और सैन्य ताकत का मजबूत प्रतीक बनकर उभरी है।

पहाड़ी इलाकों के लिए खास माउंटेन गन सिस्टम

नई माउंटेन गन सिस्टम को वाहन पर आसानी से ले जाया जा सकेगा और यह चारों दिशाओं में घूमकर फायरिंग करने में सक्षम होगी। इससे दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में सेना की मारक क्षमता और लचीलापन दोनों बढ़ेंगे। धनुष 155 मिमी 45 कैलिबर की आधुनिक आर्टिलरी गनों में प्रमुख है। इसके लगभग 81 प्रतिशत पुर्जे स्वदेशी हैं और लक्ष्य इसे बढ़ाकर 91 प्रतिशत तक ले जाने का है। इस आर्टिलरी गन की खासियत इसकी तीव्र फायरिंग क्षमता है। यह 13 सेकंड में तीन राउंड दाग सकती है और फायरिंग के तुरंत बाद अपनी पोजिशन बदलने में सक्षम है, जिससे दुश्मन के काउंटर अटैक से बचाव होता है। लगभग 13 टन वजनी यह तोप रात में भी सटीक निशाना साध सकती है।



धनुष तोप की ये खूबियां बनाती हैं घातक- स्वदेशी धनुष तोप फुल्ली ऑटोमेटिक सिस्टम पर काम करती है। एक धनुष तोप की लागत 17 करोड़ के लगभग है, जो दूसरे के मुकाबले कम है। वजन में भी यह हल्की है। इंजनयुक्त होने से पहाड़ी सहित ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर लाना-ले जाना आसान है। इसकी 38 किमी तक सटीक लक्ष्य साधने की मारक क्षमता है। धनुष तोप के संचालन पर मौसम का कोई भी असर नहीं होता। यह सभी तरह के मौसम में उपयोगी है।

8 माह में 50 हजार से अधिक लोगों ने ली पुलिस की मदद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर एवं जिले में डायल 112 पर फोन लगाकर सैकड़ों लोग पुलिस को बुलाकर मदद ले रहे हैं। सेवा की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि औसतन 10 से 15 मिनट के भीतर घटनास्थल तक सहायता पहुँच रही है। आंकड़ों के मुताबिक पुलिस की डायल 112 योजना ने बीते 8 माह में लगभग 50 हजार लोगों को समय पर पहुंचकर मदद दिलवाई है।

इसमें, मारपीट, शराबखोरी, सीनियर सिटीजन और अन्य अपराध शामिल हैं। वहीं कई घायलों को इलाज के लिए भी तुरंत अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान भी बचाई है। डायल 112 के प्रभारी राम कुमार मिश्रा ने बताया कि मुसीबत में फंसे लोगों को एक ही नम्बर डायल-112 याद रहता है। हालांकि उसको लेकर शिकायतें भी कम नहीं रहती। बावजूद इसके हर माह लगभग 7 हजार कॉल उज्जैन के निवासियों द्वारा डायल-112 पर किए गए हैं। साथ ही कई फर्जी कॉल्स भी दर्ज किए जाते हैं। डायल-112 की बदौलत प्रतिदिन औसतन 250 से अधिक नागरिकों को आपातकालीन सेवाएँ मिल रही हैं। जिम्मेदारों का कहना है कि नई डायल 112 सेवा ने न केवल जन सुरक्षा की गारंटी को मजबूत किया है, बल्कि विश्वसनीयता और त्वरित कार्रवाई की नई मिसाल भी पेश की है।

हवाबाजों का नया खेल ! नई कार के साथ हाथ में बंदूक, न कानून का डर, न पुलिस की कार्रवाई का खौफ !

सोशल मीडिया पर जाट की दबंगई का प्रदर्शन

शादी-ब्याह में हथियार दिखाने से लेकर सोशल मीडिया पर बंदूक लहराने तक, हवाबाजी का शौक रखने वालों पर सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में सोशल मीडिया पर रौब झाड़ने और हवाबाजी दिखाने का चलन अब खतरनाक मोड़ लेता नजर आ रहा है। कभी नई कार के साथ फोटो खिंचवाकर दबंगई दिखाने की कोशिश, तो कभी हाथों में बंदूक लेकर खुद को बड़ा खिलाड़ी बताने का शौक। ऐसा ही एक मामला सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें रोहन जाट नाम का युवक नई कार के साथ खड़ा नजर आ रहा है और उसके हाथ में बंदूक दिखाई दे रही है। फोटो सामने आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि आखिर हथियारों का प्रदर्शन कर सोशल मीडिया पर रौब जमाने वालों को कानून का कितना डर है?

इंदौर पुलिस पूर्व में हथियारों का प्रदर्शन करने और सोशल मीडिया पर रौब जमाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। इसके बावजूद यदि युवा बंदूक लेकर तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं, तो यह कानून के प्रति लापरवाही का संकेत है। हालांकि, वायरल तस्वीर में दिखाई दे रही बंदूक का वैध लाइसेंस है या नहीं, इसकी पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

अब देखना यह है कि सोशल मीडिया पर बंदूक के साथ हवाबाजी दिखाने वाले रोहन जाट के मामले में पुलिस क्या कार्रवाई करती है और हथियार के प्रदर्शन को लेकर क्या तथ्य सामने आते हैं।

बंदूक हाथ में, हवाबाजी सिर पर

शहर में कुछ लोग शादी-ब्याह और अन्य आयोजनों में हथियारों का प्रदर्शन करते नजर आते हैं। कई बार हवाई फायरिंग जैसी घटनाएं भी सामने आती रही हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर बंदूक के साथ तस्वीरें सामने आना पुलिस की निगरानी और हथियारों के गैरकानूनी प्रदर्शन को लेकर सवाल खड़े करता है। नई कार के साथ बंदूक दिखाकर आखिर युवक क्या संदेश देना चाहता है? यह सवाल अब चर्चा में है।

मप्र में आयुष्मान योजना का पेमेंट अटका, डॉक्टरों का प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों का कैशलेस इलाज करने वाले निजी अस्पतालों के संचालकों का सब्र अब जवाब दे गया है। पिछले 5-6 महीनों से योजना के बकाये भुगतान और एनएबीएच (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स) की सख्त अनिवार्यता के विरोध में राजधानी भोपाल के डॉक्टर बुधवार को सड़कों पर उतर आए।

यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन (यूपीएचडीए) के बैनर तले डॉक्टरों ने जेपी अस्पताल परिसर स्थित आयुष्मान योजना के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर जोरदार नारेबाजी की और धरना दिया। प्रदर्शन में शामिल डॉक्टरों ने बताया कि भोपाल में करीब 468 निजी अस्पताल आयुष्मान योजना से संबद्ध हैं। प्रत्येक अस्पताल का योजना के तहत औसतन 1.5 से 2 करोड़ रुपये का भुगतान पिछले 5 से 6 महीनों से अटका हुआ है।

यूनाईटेड प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. धनंजय मिश्रा ने बताया कि लंबा बकाया होने के कारण अस्पतालों के लिए दवाई वेंडरों, पैथोलॉजी और डॉक्टरों सहित कर्मचारियों का भुगतान करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने मांग की कि अटकी हुई राशि का तुरंत भुगतान किया जाए।

काम अधूरा होने के चलते मेघा इंजीनियरिंग ने रास्ता बंद कर रखा

अधूरी चोरल टनल से निकलने के लिए हटाया पत्थर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर-खंडवा राजमार्ग पर वाहनों की कतारें लगते ही लोग चोरल में बनने वाली निर्माणधीन सुरंग से निकल रहे है। काम अधूरा होने के चलते मेघा इंजीनियरिंग ने रास्ता बंद कर रखा है। बावजूद इसके शनिवार को फिर एक बार वाहन चालक सुरंग से निकलते नजर आए।

सुरक्षा की दृष्टि से निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों ने इन्हें मना किया तो लोग विवाद करने लगे। इसके चलते एजेंसी का काम प्रभावित हो रहा है। उधर एनएचएआइ ने जिला प्रशासन से लेकर सिमरोल पुलिस को कई बार आवेदन दिया है, लेकिन अभी तक सुरंग से जबरन निकल रहे वाहन चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

पिछले साल जून में भारी वर्षा के चलते चोरल सुरंग का एक हिस्सा गिर गया था। इसके बाद सुरंग का रास्ता बंद कर दिया। बावजूद इसके ग्रामीण और वाहन चालक समय बचाने के चक्कर में निर्माणधीन सुरंग से गाड़ियां निकाल रहे है। अभी तक एक दर्जन से ज्यादा बार वाहन चालक और एजेंसी के कर्मचारियों के बीच विवाद हो चुका है। यहां 500 मीटर लंबी इस सुरंग बनाई जा रही है।सुरंग में किसी तरह की दुर्घटना रोकने के लिए दोनों तरफ बैरिकेड और लोहे के गेट लगाए हैं इसके साथ ही सुरक्षाकर्मियों की तैनाती भी की गई है। इसके बावजूद कुछ लोग सुरंग से होकर निकलने के लिए विवाद करते है। लोगों का कहना है कि सुरंग से रास्ता मिलने पर करीब तीन किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर बच जाता है।

पहले बैरिकेड हटाए

शनिवार शाम करीब चार बजे कुछ ग्रामीण और वाहन चालक सुरंग के पास पहुंचे। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से गेट खोलने को लेकर बहस शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने निर्माण कार्य पूरा नहीं होने और सुरक्षा जोखिम का हवाला देते हुए लोगों को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान कुछ वाहन चालकों ने बैरिकेड और गेट हटा दिया। फिर सुरंग से 200 मीटर दूरी पर रास्ता बंद करने के लिए पत्थर की कोशिश की। विवाद के बीच एक ग्रामीण ने सुरक्षा गेट पर लगा ताला तोड़ दिया। बताया गया कि अगस्त-सितंबर के बीच आठ से दस बार इसी सुरंग से निकलने को लेकर लोग व ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों के बीच विवाद किया है।



काम करना हो गया मुश्किल



मेघा इंजीनियरिंग के प्रोजेक्ट मैनेजर नागेश्वर राव ने बताया कि सुरक्षा कारणों के चलते निर्माणधीन सुरंग का रास्ता बंद कर रखा है। मगर लोग वहीं से निकलते है। कई बार विवाद की स्थिति बनती है। घटना के बारे में एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी है। साथ ही एसडीएम और सिमरोल पुलिस को भी आवेदन दिया गया है।

चमकेंगे मध्यप्रदेश के तीन बड़े शहर

इंदौर, भोपाल और उज्जैन बनेंगे अब 'मॉडल सिटी'

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

क्या आपके मोहल्ले में कचरा उठाने वाली गाड़ी समय पर आती है? क्या आपके घर के आसपास की सड़कों और खाली भूखंडों पर धूल और कचरे के ढेर जमा रहते हैं? मध्य प्रदेश के निवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'प्रगति-50' पहल के तहत प्रदेश के तीन प्रमुख शहरों इंदौर, भोपाल और उज्जैन का चयन देश के 50 मॉडल (आदर्श) स्वच्छ शहरों के रूप में किया गया है।

इस योजना के धरातल पर उतरने के बाद आम नागरिकों की रोजमर्रा की जिंदगी और उनके मोहल्लों की सूरत में सीधा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

'प्रगति-50' पहल के तहत इन तीनों शहरों में मिशन मोड पर काम शुरू किया जा रहा है। इसका सीधा असर आम जनता के दैनिक जीवन और नागरिक सुविधाओं पर पड़ेगा...

कचरा-मुक्त और धूल-मुक्त सड़कें: मोहल्लों की गलियों, मुख्य सड़कों और कॉलोनियों के मोड़ पर लगने वाले कचरे के ढेरों (ब्लैक स्पॉट्स) को पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। नियमित रूप से सड़कों की सफाई और डस्ट-फ्री मेंटेनेंस पर जोर रहेगा।

डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में सुधार: घर-घर से कचरा उठाने की व्यवस्था को और अधिक हाई-टेक और समयबद्ध बनाया जाएगा। गीला और सूखा कचरा अलग-अलग (स्रोत स्तर पर पृथक्करण) एकत्र करने के नियमों का सख्ती से पालन होगा। मोहल्लों के सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, बाजारों और चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

न्यूज कालम



फ्यूजन फाइनेंस एजेंटों से लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बाग। फ्यूजन फाइनेंस के कलेक्शन एजेंटों से लूट के मामले में बाग पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई पल्सर मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एवं नगदी सहित करीब 1.80 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 10 सितंबर को चेतन ठाकुर अपने साथी के साथ खारपूरा-लॉन्गसरी क्षेत्र से कलेक्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान कच्चे रास्ते पर बदमाशों ने मोटरसाइकिल को लात मारकर गिराया और कलेक्शन की राशि, बाइक एवं मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए थे। मामले में थाना बाग में अपराध क्रमांक 297/2026 दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने जांच के दौरान परविंद उर्फ प्रवीण जमरा (25), निवासी खोजकुआं एवं गोरेलाल डोडवे (33), निवासी सातउमरी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने साथियों के साथ वारदात करना स्वीकार किया है। मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी हिरुसिंह रावत, चौकी प्रभारी डेहरी उनि नवलसिंह बघेल सहित पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

मादा तेंदुए की मृत्यु की सूचना मिलने पर की गई कार्यवाही

बड़वानी । एक वन्यजीव मादा तेन्दूआ की मृत्यु की घटना 29 सितंबर को राजस्व क्षेत्र श्री जगदीश पिता बद्री निवासी रेहगून के खेत में बीट सजवानी सबरेंज सिलावद, वन परिक्षेत्र बड़वानी के अंतर्गत प्रकाश में आया। जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया पश्चात ३० सितंबर को डॉग स्क्वाड व वन विभाग के दल द्वारा घटना स्थल एव उसके आस-पास छानबीन की गई। किसी प्रकार की कोई अवैध गतिविधि फंदा, जाल, जहर खुरानी नही पाया गया। पोस्टमार्टम विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों के नाम (1) डॉ. महेन्द्र बघेल वेटनरी असिस्टेंट सर्जन बड़वानी के द्वारा किया गया है। वन्यजीव मादा तेन्दूआ के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह / भस्मीकरण की कार्यवाही श्री पी.के. सिंह वन संरक्षक कार्य आयोजना खण्डवा, श्री विजयसिंह मोर्य उप वनमण्डलाधिकारी बडवानी, श्री सचिन लौवंशी वन परिक्षेत्र अधिकारी बड़वानी, श्री दीपक मस्कोले नायब तहसीलदार बडवानी, श्रीमति शिवानी अलावे सरपंच ग्राम पंचायत रेहगून एवं वन विभाग दल की उपस्थिति में की गई। प्रथम दृष्टया मादा तेन्दूआ की मृत्यु का कारण प्राकृतिक (कमजोरी एवं बीमारी से) प्रतित हो रहा है। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही जारी है।

2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभाओं में होगा राशन हितग्राहियों की सूची का वाचन

बड़वानी । 2 अक्टूबर को ग्रामों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में जनसुदाय को अवगत कराने के लिए उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं द्वारा पात्र हितग्राहियों एंव वितरित सामग्री का विवरण का वाचन किया जायेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम सभा में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत राशन प्राप्त करने वाले पात्र परिवारों एवं हितग्राहियों के नाम, पात्र परिवारों को वितरित राशन सामग्री की मात्रा, ईकेवायसी से शेष प्रतीक्षारत हितग्राहियों के नाम, वर्तमान में सम्मिलित हितग्राहियों में से रि-ईकेवायसी न कराने वाले हितग्राहियों के नाम, वर्तमान में सम्मिलित हितग्राहियों में से मृत एवं स्थाई रूप से पलायन करने वाले हितग्राहियों का चिन्हांकन का वाचन ग्राम सभाओं में किया जायेगा।

हिंदी दिवस पखवाड़े का समापन

बड़वानी । पी.एम.श्री शा.बालक उ.मा.वि.क्रमांक-2, बड़वानी में मंगलवार को हिंदी दिवस पखवाड़े का समापन मुख्य वक्ता सुनील पंड्या, रामसागर मिश्रा, प्रीतमराज बड़ोले के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि हिंदी केवल अभिव्यक्ति का माध्यम ही नही हैं बल्कि यह हमारी संस्कृति और सामाजिक मूल्यों की पहचान है और राष्ट्र को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य करती हैं। उन्होनें हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए, इसका अधिकाधिक उपयोग करने हेतु संकल्प भी दिलाया / अतिथियों ने हिंदी दिवस पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुष्पहार पहनाकर व प्रमाण-पत्र देकर पुरूस्कृत किया। अंत में सभी अतिथियों को सॉल-श्रीफल देकर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयतिसिंह ने एक व्यक्ति को किया जिला बदर

बड़वानी। जिला दण्डाधिकारी बड़वानी श्रीमती जयति सिंह ने पुलिस रिपोर्ट के आधार पर मेणीमाता निवासी गोविन्द पिता दौलत जाधव को 3 माह के लिए जिला बदर किया है । जिला बदर की अवधि में यह व्यक्ति राजस्व सीमा बड़वानी एवं उसके समीपवर्ती जिले धार, झाबुआ, अलिराजपुर, खरगोन, खण्डवा, बुरहानपुर, की राजस्व सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे ।

सद्भावना मंच की मुख्यमंत्री से मांग, जनसुनवाई को बंद किया जाए

खंडवा। ज्ञापन तथा वीडियो का ईमेल भेजकर खंडवा में हालात सुधरने तक जनसुनवाई को कुछ समय के लिए बंद करने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है। सदभावना मंच अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा आये दिन जनसुनवाई के साथ जनठुकाई भी साथ साथ चल रही है। पूर्व में एक बुजुर्ग को धक्के मार कर बाहर निकाला ही नहीं गया उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जेल पहुंचा दिया गया। आज फिर एक बुजुर्ग को धक्के देते हुए पुलिस बल के साथ बाहर निकाला गया। इतना ही नहीं कलेक्टर द्वारा पत्रकारों को अपमानित करते हु? उनको बेवकूफ कहा गया। जिसकी सदभावना मंच घोर निंदा करता है तथा उचित कार्यवाही की मांग करता है।

छोटा बोरगांव में शराब पीने से मना करने पर युवक से मारपीट

खंडवा। पदमनगर थाना क्षेत्र के छोटा बोरगांव में शराब पीने से मना करने की बात पर युवक के साथ मारपीट की गई। पिरु ढाबे के पास हुई घटना में आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों और लकड़ी से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दिपेन्द्र पटेल सहित तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

सेंट्रल रेलवे जीएम राजीव श्रीवास्तव ने खंडवा स्टेशन का किया आकस्मिक निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

सेंट्रल रेलवे के जीएम राजीव श्रीवास्तव और भुसावल डिवीजन के डीआरएम पुनीत अग्रवाल और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने खंडवा स्टेशन री डेवलपमेंट और खंडवा से भुसावल,मनमाड तक विंडो इंस्पेक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत मंगलवार सुबह खंडवा आये। मात्र आधा घंटा खंडवा स्टेशन पर रुककर रवाना हो गये।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सेंट्रल रेलवे के जीएम राजीव श्रीवास्तव और डीआरएम भुसावल पुनीत अग्रवाल का खंडवा स्टेशन पर आकस्मिक निरीक्षण कार्यक्रम हुआ। मंगलवार सुबह 5 बजे



पंजाब मेल से जोड़कर अपने आए स्पेशल सैलून से जीएम और डीआरएम खंडवा पहुंचे। उसके बाद सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर जीएम श्रीवास्तव और डीआरएम अग्रवाल सैलून से बाहर आये।

प्लेटफॉर्म नम्बर 3 पर संबंधित विभाग द्वारा खंडवा स्टेशन री डेवलपमेंट के नक़्शे,प्लान को लगाया गया जिसको जीएम में देखकर अधिकारियों से चर्चा की। उसके बाद प्लेटफार्म नंबर 1 पर आये। यहां मध्य रेल समिति सदस्य मनोज सोनी,सुनील जैन, देवेंद्र जैन ने जीएम और डीआरएम का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सेंट्रल रेलवे

जी एम श्रीवास्तव यहां से स्टेशन के बाहरी परिसर में खंडवा स्टेशन री डेवलपमेंट के बारे में चर्चा कर आगे बढ़ गए और पुनः प्लेटफार्म नंबर 3 पहुंचकर स्पेशल विंडो सैलून में बैठ मथेला की तरफ निकल गए, मथेला से सेंट्रल रेलवे की रेल सीमा से विंडो इंस्पेक्शन शुरू कर भुसावल की तरफ निकल गए।

मध्य रेल समिति सदस्य मनोज सोनी, सुनील जैन, देवेंद्र जैन ने जीएम से मुलाकात कर खंडवा स्टेशन री डेवलपमेंट का कार्य जल्द समय सीमा में पूरा करने की मांग की, खंडवा सनावद के फेरे बढ़ाने, नागपुर भुसावल ट्रेन पुनः शुरू करने की मांग रखी। जिस पर सकारात्मक आश्वासन दिया गया।

श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 4 से 11 अक्टूबर तक चलेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

श्री अग्रवाल समाज के कुलपिता महाराजा श्री अग्रसेन जी के जन्म जयंती महोत्सव का पारंपरिक समाज आयोजन इस वर्ष 4 अक्टूंबर को महाराजा श्री अग्रसेन जी के सूर्य किरणों वाले गौरवशाली ध्वजारोहण से शुभारंभ होगा शुभारंभ सत्र मे श्री अग्रसेन भवन खंडवा मे पूरा अग्रवाल समाज एक परिवार के रूप मे एकत्रित होगा एवं अपने कुलपिता महाराजा श्री अग्रसेन की आरती ध्वज गीत करेगा, शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल,एवं विशेष अतिथि धार भोजशाला मामले मे सनातन पक्ष की ओर से याचिका कर्ता एवं समाज सेवी श्री आशीष गोयल जी (धार)रहेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश अग्रवाल करेंगे , रविवार 4 अक्टूंबर से प्रारंभ महोत्सव सतत 11 अक्टूंबर तक चलेगा इस दौरान श्री अग्रसेन भवन समिति खंडवा के आयोजन एवं मार्गदर्शन में समाज की विभिन्न समितियों श्री अग्रवाल महिला मंडल,बहू मंडल, युवा मंच, सोशल ग्रुप , अग्रवाल महिला प्रगति ग्रुप ने समाज के बालक बालिकाओं,युवाओ, महिलाओं, युवतियों सभी आयु वर्गों के लिये परस्पर मैत्रीपूर्ण प्रतियोगिताएं,खेल स्पधाएँ,बोद्धिक एवं मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम संयोजन की शानदार तैयारीयां की है, जयंती महोत्सव के दौरान ही भव्य म्युजिकल गीत संगीत से सजी सुमधुर शाम भी होगी ।



कक्षा 12वीं कृषि के विद्यार्थियों ने किया बड़वानी का शैक्षणिक भ्रमण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

राजकुमार खंडेलवाल स्मृति हायर सेकंडरी स्कूल, बड़वानी के कक्षा 12वीं कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र बड़वानी का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि की आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक पद्धतियों तथा व्यावहारिक कृषि ज्ञान से अवगत कराना था। इस दौरान बड़वानी के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. बड़ोदिया सर ने विद्यार्थियों को विभिन्न कृषि गतिविधियों, उन्नत कृषि तकनीकों एवं फसलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने कृषि वैज्ञानिकों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य माधव खंडेलवाल ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं तथा कृषि के प्रति उनकी रुचि को बढ़ाते हैं।

विद्यालय परिवार एवं कक्षा 12वीं कृषि के विद्यार्थियों ने डॉ. बड़ोदिया सर एवं ्यङ्क्य बड़वानी की पूरी टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया।

दिव्यांगजनों को अधिकारों एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

श्रवण एवं वाक बाधित दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों, शासकीय योजनाओं एवं न्याय तक आसान पहुंच की जानकारी देने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन बड़वानी में राज्यव्यापी अनुगूंज से उद्घोष विशेष विधिक साक्षरता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 65 दिव्यांगजन एवं उनके परिजन शामिल हुए।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ऑनलाइन माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की सदस्य सचिव सुश्री सुमन श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने श्रवण एवं वाक बाधित दिव्यांगजनों को उनके कानूनी अधिकारों, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016, निःशुल्क विधिक सहायता हेल्पलाइन एवं अन्य महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम में श्रवण एवं वाक बाधित बच्चों के लिए रचनात्मक अवसर, उनकी रुचियों की पहचान, नृत्य एवं कला प्रशिक्षण, रोजगार मार्गदर्शन तथा भविष्य की तैयारी से संबंधित विषयों पर भी जानकारी दी गई।

इसके साथ ही बच्चों के विरुद्ध हिंसा, दुर्व्यवहार एवं शोषण की रोकथाम, संभावित खतरों एवं संवेदनशील परिस्थितियों की पहचान तथा उनसे बचाव के उपायों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में माननीय मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर एवं संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर श्री अल्पेश वाय. कोगजे द्वारा श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों के हित में विभिन्न कानूनी एवं अधिकार संबंधी जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के न्यायमूर्ति श्री विवेक अग्रवाल एवं न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया भी उपस्थित रहे।



स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर किया सम्मान

आलीराजपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत जिले में स्वच्छता कार्य से जुड़े कर्मियों के स्वास्थ्य एवं सम्मान को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत नानपुर, आम्बुआ, बरझर एवं सोंडवा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। स्वास्थ्य शिविरों में ग्राम पंचायतों में स्वच्छता कार्य में संलग्न सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकीय दल द्वारा स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। इस दौरान स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता कर्मियों द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में दिए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनका सम्मान भी किया गया। स्वच्छता कर्मियों के कार्य की सराहना करते हुए उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया। स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा देने के साथ ही स्वच्छता कार्य से जुड़े कर्मियों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता की भावना को सुदृढ़ करना है। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित इन गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वस्थ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

पुलिस ने दो पिकअप वाहन से 9 गोवंश मुक्त कराए, चार आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

अवैध रूप से गौवंश परिवहन की सूचना पर सनावद पुलिस ने खरगोन रोड स्थित रेवा गुर्जर बायपास पर नाकाबंदी कर दो पिकअप वाहनों को पकड़ा। वाहनों की जांच में क्रूरतापूर्वक परिवहन किए जा रहे कुल 9 गौवंश मिले, जिन्हें पुलिस ने मुक्त कराया। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार 30 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो पिकअप वाहनों से गौवंश को अवैध रूप से ले जाया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बायपास पर



घेराबंदी की। कुछ देर बाद बताए गए हुलिए के दोनों पिकअप वाहनों को रोककर जांच की गई।

पुलिस ने दोनों वाहनों से गौवंश परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे, लेकिन आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। मामले में पुलिस ने अनिल पिता भीमराव सोनूने, आकाश पिता देवीदास सावले, अनिल पिता पांडुरंग सनान्से और आकाश पिता विश्वनाथ जंजाल को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने थाना सनावद में अपराध क्रमांक 432/26 के तहत मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6, 9 तथा पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(घ) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। जब्त मशरुके में 9 गौवंश की अनुमानित कीमत 1.89 लाख रुपए तथा दो पिकअप वाहनों की कीमत करीब 12 लाख रुपए बताई गई है। कुल जब्त मशरुका करीब 13.89 लाख रुपए का है।



वार्ड 28 में आँगन मिलन सेवा का शुभारंभ

जावरा । सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक 28 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 52 पर आँगन मिलन सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य च्हर आंगनवाड़ी केंद्र बनेगा पोषण, शिक्षा और सम्मान का केंद्रज्ञ की भावना को साकार करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के पूजन एवं कन्या पूजन के साथ हुआ। इसके बाद वार्ड पार्षद शिवेंद्र माथुर एवं उपस्थित अतिथियों ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर बच्चों को फल-फ्रूट एवं पुरस्कार वितरित किए गए। बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करते हुए वार्ड पार्षद माथुर ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र केवल पोषण का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के शिक्षा, संस्कार और सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इनके सशक्तीकरण के लिए समाज की सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम में भाजपा नेता अभय कोठारी, पार्षद बाबूलाल मईडा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीता चावला, दायमा आंटी सहित मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में नन्हे-मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे।

सनावद में दिखेगा जनसेवा का अलग रंग

सनावद। गांधी जयंती से शुरू होने वाला सप्ताह इस बार सनावद में सिर्फ आयोजन नहीं, बल्कि जनसेवा और जागरूकता की गतिविधियों का सिलसिला लेकर आएगा। लायंस क्लब सनावद स्नेह ने 2 से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। क्लब की बैठक में सातों दिनों के कार्यक्रम तय करने के साथ सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। एलसी आईएफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता भागचंद जैन ने बताया कि लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के दिशा-निदेर्शों के तहत प्रतिदिन अलग-अलग जनसेवा एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी।

पोषण केंद्र कर्मियों को तीन माह से नही मिला मानदेय

खरगोन। जिला मुख्यालय सहित समस्त विकासखंडों में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) में पदस्थ सपोर्ट स्टॉफ (आउटसोर्स) कर्मियों को बीते तीन माह से मानदेय नही मिला है। मानदेय के अभाव में आर्थिक तंगी से जुझ रहे कर्मचारियों ने बुधवार को ठेका कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों ने शिकायती मांगपत्र सौंपते हुए रुका वेतन जारी करने के साथ ही वेतन में किए जा रहे कटौत्रे एवं इपीएफ का हिसाब देने की मांग की। सपोर्ट स्टॉफ सबीना खान, राधा परमार, संगीता मंडलोई, मनीषा चौधरी लाडकी मुजाल्दे, सुनीता ठाकुर आदि ने बताया कि वे वर्ष 2009 से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत निष्ठापूर्वक सेवाएं दे रहे हैं। जुलाई 2017 में उन्हें आरकेएस को सौंपा गया, जिसके बाद अगस्त 2019 में उन्हें एक आउटसोर्स एजेंसी कामधेन सिक्युरिटी कम्पनी के अधीन कर दिया गया। मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र भोपाल के 13 अगस्त 2019 के पत्र के अनुसार, सपोर्ट स्टाफ कर्मियों को अर्द्धकुशल श्रेणी के अनुरूप निर्धारित मानदेय और समय-समय पर होने वाली वृद्धि का लाभ मिलना चाहिए, किंतु यह लाभ भी नहीं दिया जा रहा है। कर्मियों ने शिकायत की है कि जब भी वे अपनी समस्याओं को उठाते हैं, तो उन्हें नौकरी से हटाने या सेवा समाप्त करने की धमकी दी जाती है।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति जावरा
जिला - रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक /मण्डी/स्टोर/2026-27/1333 — जावरा, दिनांक 30-9-2026

निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना

सर्वसम्बंधितों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति जावरा को भावांतर योजना अन्तर्गत सोयाबीन नीलाम के दौरान मण्डी प्रांगण अरनियापीथा उपमण्डी सुखेड़ा एवं उपमण्डी बड़ावदा में वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के कार्य हेतु दरें आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य कराया जाना अनिवार्य नहीं हैं।

अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कंपनी/संस्था उपरोक्तानुसार कार्य के लिए कृषि उपज मण्डी समिति जावरा के नवीन मण्डी प्रांगण अरनियापीथा तथा उपमण्डी बड़ावदा एवं सुखेड़ा के प्रांगणों में उपस्थित होकर निरीक्षण कर वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कार्य की प्रतिदिवस की दरें मण्डी कार्यालय अरनियापीथा में सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते है जिसकी अंतिम तिथि 15.10.2026 को समय सांय 5.30 बजे तक हैं। प्राप्त सीलबंद लिफाफे दिनांक 16.10.2026 को समय सायं 4.00 बजे समक्ष में खोलें जावेंगे । निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त निविदाएं/कोटेशन मान्य नहीं किये जावेंगे। प्राप्त दरों में न्यूनतम दर स्वीकृत की जाएगी। दर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मण्डी समिति को रहेगा, जिसका कारण बताने हेतु बाध्य नही होगी । सशर्त निविदाएं/कोटेशन स्वीकार नहीं किये जावेगें । किसी भी प्रकार के विवाद में अंतिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी/मण्डी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति जावरा
जिला रतलाम (म.प्र.)

कार्यालय नगरपालिका परिषद् बड़वानी जिला बड़वानी म.प्र.

निविदा क्र. / 3673 / ई-टेण्डरिंग / 2026 — बड़वानी दिनांक 29.09.2026

निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद् बड़वानी अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा (प्रतिशत दर के आधार पर) आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण म.प्र. शासन के mptenders पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर UADD विभाग अन्तर्गत देखा जा सकता है।

क्र	पोर्टल टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर राशि	समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2026_UAD_539414_1	वार्ड क्रमांक 03 में श्रीराम कॉलोनी में LT लाईन पोल शिफ्टिंग का कार्य।	1.41	2850/-	30 दिवस	1000/-

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in पर वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(श्रीमती सोनाली शर्मा) मुख्य नगरपालिका अधिकारी — (सुभाष भावसार) उपाध्यक्ष — (श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान) अध्यक्ष

न्यूज -कॉलम

स्ट्रीट डॉग का शिकार बालिका को लाया गया उज्जैन

उज्जैन। आगर-मालवा की रहने वाली सात वर्षीय बालिका शीला पिता राकेश को बुधवार सुबह उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया था। परिजनों ने बताया कि खेत पर मकान बना हुआ है। सुबह घर से बाहर निकली थी, उसी दौरान 3 कुत्तों ने हमला कर दिया। बालिका की चीख-पुकार सुनकर परिवार के सदस्यों ने उसे कुत्तों के झुंड से छुडाया। बालिका को माकडोन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां से उज्जैन रैफर किया गया। डॉक्टरों ने बालिका को रैबीज वैक्सीन का डोज लगाने के बाद भर्ती किया है।

नगरीय सीमा में घूमता मिला जिलाबदर बदमाश

उज्जैन। अपराधिक गतिविधयों में शामिल बदमाश अजरिया उर्फ अजहरुद्दीन पिता मेहरुद्दीन निवासी जूना सोमवारिया को 6 माह के लिये जिले की सीमा से बाहर करते हुये जिलाबदर कर दिया गया था। मंगलवार रात कानून व्यवस्था की ड्युटी में लगी पुलिस टीम को खबर मिली कि जिलाबदर बदमाश कमरी मार्ग क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस ने कमरी मार्ग पर घेराबंदी की और मस्जिद के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। टीआई प्रतीक शर्मा ने बताया कि आरोपी की जिलाबदर अवधि समाप्त होने पर समय बचा था, उससे पहले वह नगरीय सीमा में आ गया। उसके खिलाफ रासुका की कार्रवाई की गई और बुधवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

कोट मोहल्ला में 61 साल के वृद्ध पर चाकू से हमला

उज्जैन। कंदार मोहल्ला में मंगलवार रात रिक्शा खडी करने पर चालक इमरान से विवाद 3 युवकों ने विवाद किया उनके बीच कहासुनी के बाद मामला शांत हो गया। लेकिन तीनों युवक रिक्शा चालक के घर कोट मोहल्ला पहुंच गये और फिर से विवाद करने लगे। रिक्शा चालक के पिता अब्दुल सलीम पिता अब्दुल रहीम 61 साल बीच बचाव के लिये पहुंचे। तीनों युवकों ने चालक के पिता पर चाकू से हमला कर दिया। घायल वृद्ध को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती कर महाकाल थाना पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि घायल अब्दुल सलीम गोली-बिस्किट की सैल्समेनी करते है। चाकू मारने वाले वजीर पार्क कालोनी के रहने वाले सरफू, इद्दू और उसका पुत्र है। पुलिस ने मामले में तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

सोयाबीन काटने की बात पर 2 पक्षों में चले डंडे

उज्जैन। माकडोन के ग्राम डेलची में राम मंदिर के पास हार्वेस्टर से सोयाबीन फसल काटने की बात पर धर्मेन्द्र पिता विक्रमसिंह चौहान और महेन्द्र पिता प्रेमसिंह राजपूत के बीच विवाद हो गया। दोनों की ओर से उनके साथी ने एक-दूसरे पर डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों सोयाबीन फसल काटने का काम चल रहा है और विवाद के मामले भी सामने आ रहे है। माकडोन के ही ग्राम रूपाखेडी में पुराने विवाद का लेकर उमेश पिता राजेश राठौर और जीवन पिता बनेसिंह देवडा के बीच झगडा हो गया। जीवन ने उमेश के घर में घुसकर डंडे से मारपीट की। वहीं उमेश ने परिवार के साथ मिलकर जीवन पर डंडे से वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

जमातखाने से लापता हुआ 75 साल का बुजुर्ग

उज्जैन। महिदपुर के नागौरी मोहल्ला में रहने वाला अब्दुल हाफीज पिता अब्दुल मजीद नागौरी 75 साल 30 अगस्त की दोपहर घर से जमातखाने गये थे। जब शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। नहीं मिलने पर देर रात महिदपुर थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण करने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जमानखाने से लेकर घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखकर पता लगाने के प्रयास कर रही है।

बुलेट-बाइक की भिड़ंत दोनों चालक घायल



उज्जैन। नागदा बायपास मार्ग पर गुर्जर पेट्रोल पंप के पास बाइक और बुलेट के बीच भिड़ंत हो गई। बाइक पर सवार दिनेश पिता फूलचंद परिहार निवासी ग्राम पुवाडलिया और बुलेट पर सवार नूर पिता अब्दुल मजीर खान निवासी प्रकाशनगर नागदा घायल हो गये। दोनों ने एक-दूसरे पर लापरवाही से गाडी चलाने का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों की ओर से प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखकर मामले में आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।

दिन	477-8	369-8
मेन बाजार	359-7	589-2
कल्याण नाइट	670-3	200-2
मिलन डे	789-4	230-5
मिलन नाइट	246-2	579-1
मधुर डे	267-5	790-6
मधुर नाइट	570-2	683-3
शुभांक	9 8	1

पुलिस से बचकर भागने में गिरकर हुआ घायल...

73 दिन बाद पकड़ाया डबल मर्डर में फरार आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गोरकर परिवार के 2 सगे भाईयों की हत्या में 73 दिनों से फरार चल रहा आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। चारों ओर से घेराबंदी कर चुकी पुलिस से वह बच नहीं सका और गिरकर घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उससे पूछताछ शुरू की गई है।

नीलगंगा थाना पुलिस लोकेश गोरकर और उसके भाई जय गोरकर की हत्या में फरार चल रहे आरोपियों की लगातार तलाश कर रही है। बुधवार को सूचना मिली कि डबल मर्डर में शामिल एक आरोपी बालाजी परिसर के पीछे दिखाई दिया है, जो अपने घर की ओर जाने की फिराक में है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिये घेराबंदी की। आरोपी ने पुलिस को देखा तो भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान उबड-खाबड रास्ते पर गिर गया। उसके पैर में चोंट लगी थी, जिसके चलते पुलिस की गिरफ्त में आ गया। नीलगंगा टीआई तरूण कुरील ने बताया कि आरोपी नितेश उर्फ खलनायक पिता अजय बौरासी निवासी जबरन कालोनी का रहने वाला है। जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया। गुरूवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा। विदित हो कि शनिवार रात को पुलिस ने डबल मर्डर में शामिल 2 आरोपियों सोनू पिता विजय बहादूर पासी और विजय सूर्यवंशी उर्फ छोटू गोल्डन को करोहन से गिरफ्तार किया था।



दोनों ने बीच रास्ते में पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास किया था और पथराव कर दिया था। पुलिस ने दोनों को शार्ट एनकाउंटर के बाद पकडा था।

18 जुलाई की रात चली थी गोलियां

नीलगंगा चौराहा पर पासी समुदाय के 2 दर्जन बदमाशों ने गोरकर परिवार पर हमला किया था और ताबातोड गोलियां चलाई थी। कुछ बदमाशों ने पथराव कर तलवार-चाकू से वार किये थे। हमले में लोकेश और जय गोरकर की मौत हो गई थी। चाचा दिलीप गोरकर और चचेरा भाई तपन गोरकर गंभीर रूप से घायल हुये थे। पुराने विवाद में हमला होना सामने आया था। हमले का मुख्य आरोपी रोशन पासी, रोहित पासी, नरेश पासी और नीलू संगत होना सामने आये थे, जो एक जन्मदिन की पार्टी में अपने साथियों के साथ एकत्रित हुये थे और गोरकर परिवार पर हमले की साजिश रचकर नीलगंगा चौराहा पहुंचे थे।

अब तक हो चुकी 18 आरोपियों की गिरफ्तारी

पिछले ढाई माह में पुलिस डबल मर्डर के मामले में 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जिसमें 3 नाबालिग और एक महिला शामिल है। सभी को जेल भेजा जा चुका है। अब मामले में चार आरोपियों की तलाश है। जिनके ठिकानों पर पुलिस कई शहरों में दबिश दे चुकी है, बावजूद अब तक गिरफ्त में नहीं आये है। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी पर 10-10 हजार का इनाम भी घोषित किया है।

छत्तीसगढ़ में मिली 39 दिन से लापता बालिका

उज्जैन। 39 दिनों से लापता बालिका को पुलिस ने बुधवार को छत्तीसगड से दस्तयाब कर लिया। बालिका ने परिवार से नाराज होकर घर छोडना बताया। पुलिस ने समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द किया है। नागदा थाना टीआई अमृतलाल गवरी ने बताया कि 21 अगस्त को 16 साल की बालिका लापता हो गई थी। सभी जगह तलाश करने के बाद 22 अगस्त को चाचा ने थाने आकर पुलिस को भतीजी के लापता होने सूचना दी थी।

मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। सायबर सेल टीम की मदद से मंगलवार को जानकारी सामने आई कि लापता बालिका छत्तीसगढ़ में है। बालिका को दस्तयाब करने के लिये एएसआई वीरेन्द्रसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक रितेश बोरिया, राजेश चन्देल, महिला आरक्षक उस्मानी शबनम को रवाना किया गया। बुधवार को सकुल बालिका को नागदा लाया गया। जहां उसने बताया कि नाराज होकर चाचा के घर से छत्तीसगढ़ में रहने वाली मां के पास चली गई थी। उसके साथ कोई घटना घटित नहीं हुई है। बालिका के बयान दर्ज करने के बाद उसे परिजनो को सौंपा गया है।

अपहरण मामले में नया मोड़, युवती बोली मर्जी से आई हूं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लालबाई-फूलबाई क्षेत्र में मंगलवार रात कार से आये युवकों द्वारा एक युवती का अपहरण कर लिया था। लेकिन सुबह होने से पहले अपहरण मामले में नया मोड आ गया। युवती ने युवक के साथ वीडियो बनाकर शेयर किया और कहा कि मर्जी से आई हूं। हमने शादी कर ली है। युवक ने मर्जी से भागने की बात कहीं है।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के लालबाई-फूलबाई क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई थी, जब काले रंग की कार से आये 2 युवकों में शामिल एक युवक ने घर के बाहर बैठी युवती को जबरदस्ती अपनी कार में बैठा लिया था। युवती के परिवार ने उसे छुडाने की कोशिश की थी लेकिन दोनों युवक कार लेकर भाग निकले



थे। घटना के बाद सामने आया था कि युवती के पिता यातायात विभाग में प्रायवेट क्रेन चलाक है। जीवाजीगंज पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे थे। जिसमें युवती को कार में बैठाने के फुटेज सामने आये थे। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया था और अपहरण करने वालों की पहचान के प्रयास शुरू किये थे। युवती को जबरदस्ती कार में बैठाने वाले की पहचान ध्रुव कुमावत निवासी उर्दूपुरा के रूप में हो गई थी। पुलिस ने मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर कार के जाने वाले रूट को ट्रेस करना शुरू किया था। पुलिस ने भैरवगढ़ क्षेत्र से पीछा भी किया था लेकिन वहां से निकले अलग-अलग रास्तों की वजह से आगे का रास्ता ट्रेस नहीं हो पाया था। पुलिस सभी रास्तों पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाल रही थी। इस बीच सुबह होने से पहले अपहरण करने वाले युवक और युवती के 2 वीडियों परिवार के वाट्सएप पर पहुंच गये। जिसमें दोनों बालिग होने के साथ अपनी मर्जी से भागने और शादी करने की बात कहते सुनाई दिये। उनका कहना था कि भागने का तरीका गलत नहीं था, युवती ने वीडियो में बताया कि वह खुद कार में बैठी थी, उससे दीदी ने पकडा लिया था वह कुछ दिनों में लौट आयेगें। दोनों वीडियो पुलिस के पास भी पहुंचे। वीडियो को लेकर युवती के परिजनों का कहना था कि डरा-धमकाकर वीडियो बनाया गया है। मामले में टीआई प्रतीक शर्मा ने बताया कि अपहरण का वीडियों सामने आने के बाद मामले की जांच जारी है। जल्द अपहृत युवती का पता लगाकर उसका अपहरण करने वालों को गिरफ्तार किया जायेगा।

यातायात नियमों को लेकर पुलिस ने शुरू किया जागरूकता अभियान

उज्जैन। सडक दुर्घटना में होने वाली जनहानि को रोकने के लिये पुलिस ने 10 दिवसीय जागरूकता अभियान की शुरूआत की है। बुधवार को 2 महाविद्यालयों के 500 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस द्वारा सुरक्षित यातायात संस्कृति को बडावा देने के उद्देश्य से 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक जागरूकता अभियान की शुरूआत की है। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट के साथ सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिये लोगों जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को यातायात एएसपी मनोज खत्री और डीएसपी दिलीपसिंह परिहार टीम के साथ विजन महाविद्यालय के साथ प्रशांति महाविद्यालय पहुंचे। जहां 500 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और पालन करने के लिये प्रोत्साहित किया। डीएसपी परिहार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यातायात संकेतों एवं रोड मार्किंग सहित सडक सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही प्रदेश और शहर में घटित सडक दुर्घटनाओं तथा उनमें होने वाली जनहानि के संबंध में जानकारी देते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं से यातायात नियमों से संबंधित प्रश्नोत्तर किए गए, सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को मौके पर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों को जीवन के मूल्य को समझते हुए यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। एएसपी खत्री ने बताया कि अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले तथा बिना सीटबेल्ट चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ प्रतिदिन चालानी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होने आमजन से अपील करते हुये कहा कि सडक सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन कर स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

गैस टैंकर में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ग्राम नजरपुर में गैस प्लांट के बाहर खडे टैंकर में मंगलवार-बुधवार रात आग लग गई, चालक ने कूदकर जान बचाई। इस बीच अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही टैंकर के केबिन में आग लगी थी। जिस पर कुछ देर में काबू पा लिया गया।



घट्टिया थाना पुलिस ने बताया कि रात में नजरपुर गैस प्लांट के बाहर खडे टैंकर में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। टैंकर चालक ने कूदकर जान बचा ली थी। आग से टैंकर का केबिन पूरी तरह से लपटों में घिर चुका था, जिस पर काबू पाने के लिये गैस प्लांट की फायर फायटर पहुंची, जिस पर कुछ देर में काबू पा लिया गया। टैंकर में लगी आग के बाद आसपास खडे टैंकर चालकों में अफरा-तफरी मच गई थी। एसआई अलकेश डांगे ने बताया कि आग लगने की वजह टैंकर की वायरिंग में शार्ट सर्किट होना सामने आ रहा है। आग टैंकर तक नहीं पहुंची थी अन्यथा बड़ा घटनाक्रम हो सकता था। वैसे टैंकर खाली बताया जा रहा है, जो प्लांट पर गैस भरवाने के लिये पहुंचा था। मामले में चालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आगजनी की जांच शुरू की जायेगी।

मां-बेटी के आरोप झूठे, पत्रकार को न्यायालय ने दोष मुक्त किया

उज्जैन। कार्तिक चौक निवासी वरिष्ठ पत्रकार नीलेश शर्मा पर षड्यंत्र पूर्वक मां-बेटी बबीता शर्मा व निशांक्षी तिवारी ने अपने मकान के पास रखे नो-पार्किंग बोर्ड को फेंकते हुए अनावश्यक विवाद कर मारपीट करने, जान से मारने धमकी देने जैसे झूठे आरोप लगाकर 17 मार्च 2025 को खाराकुआ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद श्री अंशुल ताम्रकार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला न्यायालय उज्जैन ने 24 सितंबर 2026 को अंतिम आदेश में अभियुक्त पत्रकार नीलेश शर्मा को समस्त अपराधों के आरोपों से दोषमुक्त किए जाने का फैसला सुनाया। पत्रकार शर्मा की ओर से मामले की पैरवी उज्जैन के वरिष्ठ हाईकोर्ट एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा ने की। उनके प्रतिनिधि एडवोकेट कार्तिक शर्मा ने मामले की जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि श्री शर्मा वरिष्ठ पत्रकार, उज्जैन प्रेस क्लब के सदस्य होने के साथ समाजसेवी, मंदिर के पुजारी एवं तीर्थ पुरोहित भी है। मां-बेटी द्वारा द्वेष भावना उन पर उक्त आरोप लगाए गए थे जो न्यायालय में झूठे साबित हुए। इसलिए संपूर्ण पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया।

सरकार की भावांतर योजना में पंजीयन की तैयारी,किसानों की लाभांश सहित भाव की मांग....

भावांतर का पंजीयन, लाभांश सहित भाव की मांग में फंसेगा

सोयाबीन उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सरकार किसानों के सोयाबीन को पिछले वर्ष की तरह भावांतर योजना पर खरीदी की तैयारी में है और किसानों की सोयाबीन विक्रय को लेकर लाभांश सहित भाव की मांग है। ऐसे में पंजीयन को लेकर पेंच फंसता दिख रहा है। सोयाबीन उपार्जन को लेकर कल से पंजीयन की शुरूआत होने वाली है। इसकी तैयारी की गई है।

भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। इधर भारतीय किसान संघ के अधिकृत प्रतिनिधि का कहना है कि हमने तो हमारी मांग का ज्ञापन 15 सितंबर को ही प्रशासन को सौंप दिया था। उस पर कोई पहल सामने नहीं आ रही है।

यहां नि:शुल्क पंजीयन-किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल www.mpeuparjan.nic.in पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीयन करा सकेंगे। इसके लिए जिले में निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी हैं। पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

यहां सशुल्क पंजीयन-पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकॉर्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। सिकमी / बटाईदार/ कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था? द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा।

आपूर्ति निगम 1 रू डालेगा-किसान के आधार लिंक बैंक खाते के सत्यापन के लिये पंजीयन के दौरान ही 1 रूपये का ट्रांजेक्शन मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम द्वारा ई-उपार्जन/ जेआईटी पोर्टल के माध्यम से कराया जाएगा।

पंजीयन कराने और फसल विक्रय के लिए आधार नंबर का वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। वेरीफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जा सकेगा। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जबकि किसान के भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा। सत्यापन होने की स्थिति में ही पंजीयन मान्य होगा।

हमारी मांग 50 प्रतिशत लाभांश के साथ भाव-भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना का कहना है कि भावांतर योजना नहीं हमें भाव चाहिए और वो भी 50 प्रतिशत लाभांश के मान से । किसानों को सोयाबीन पैदावार में लागत ही करीब रूपए 6250 प्रति क्विंटल बैठती है। ऐसे में भावांतर से किसान की पूर्ति नहीं होती है। इसके लिए हमारी और से 15 सितंबर को प्रशासन को ज्ञापन दिया गया था। ऐसा नहीं है कि सिर्फ जिले में ही ऐसा है पूरे प्रदेश में ही यह ज्ञापन दिया गया था। ज्ञापन में हमारी मांग पर विचार को लेकर अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। भावांतर के पंजीयन शुरू किए जा रहे हैं। इससे पेंच फंसने की स्थिति हो सकती है।

इस बार उत्पादन अधिक- श्री आंजना के अनुसार इस बार सावन में पानी नहीं रहा है ऐसे में सोयाबीन की फसल तगडी रही है। प्रति बीघा फसल आधा से एक क्विंटल अधिक सामने आ रही है। बारिश एवं मौसम की अनुकूलता के चलते ऐसा हुआ है। इसमें सोयाबीन की पुरानी किस्म जे एस 9560 शामिल है, लेकिन आगामी फसल में पानी की कमी की स्थिति मावठा नहीं गिरा तो रहेगी। सूखा के हाल में हमने उप संचालक से कम पानी की फसलों को प्रोत्साहित करने वाले बीजों को उपलब्ध करवाने के लिए आग्रह किया है जिसमें चना,सरसों सहित अन्य कम पानी की पैदावार वाली फसलें शामिल हैं।

स्मार्ट सिटी विकसित करेगा मार्ग...

महाकाल के एक नंबर गेट से चौराहा तक 80 फीट मार्ग की तैयारी

मंदिर से सवारी मार्ग को तीन तरफा चौडा करने के लिए नगर निगम ने की मार्किंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के गेट नंबर-1 से महाकाल चौराहे तक 80 फीट मार्ग की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस मार्ग को स्मार्ट सिटी बनाने वाला है। नगर निगम उज्जैन की और से स्मार्ट सिटी को साईड क्लीयर कर देना है। इस मार्ग के बनने के साथ ही नीलकंठ द्वार से चौराहा तक 24 मीटर एवं उसके आगे चौराहा से कमरी मार्ग तक 20 मीटर चौडा मार्ग प्रस्तावित है। इससे भविष्य में पूरा सवारी मार्ग चौडा हो जाएगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के गेट नंबर 1 से लेकर चौराहा तक मार्ग चौडीकरण को लेकर नगर निगम झोन 3 ने यहां व्यवसायियों को नोटिस जारी किए थे। हाल ही में न्यायालय से स्थगन हटाने के बाद नगर निगम टीम बुधवार को मौके पर पहुंची और दुकानदारों, होटल संचालकों से दुकानें व होटल खाली करने को कहा। व्यापारियों का आरोप है कि उन्हें कार्रवाई के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया और निगम की टीम बिना पूर्व सूचना के जेसीबी लेकर तोडफोड़ करने पहुंच गई। व्यापारियों केमुताबिक, मंगलवार शाम को ही यहां मार्किंग की गई थी और अगले दिन सुबह कार्रवाई शुरू कर दी गई। मामले में झोन कार्यपालन यंत्री राजकुमार राठौर ने बताया कि नियमानुसार सभी कार्रवाई की जा रही हैं। मंदिर से चौराहा तक का यह मार्ग स्मार्ट सिटी विकसित करेगा। वर्तमान में यह मार्ग 40 फीट का है और 80 फीट किया जाना प्रस्तावित है। करीब 200 मीटर का यह मार्ग चौराहा तक है। आगे यह मार्ग नीलकंठद्वार से चौराहा तक वर्तमान 14 मीटर मार्ग को 24 मीटर किया जाना प्रस्तावित हैं जहां मार्किंग की जा चुकी है। यही मार्ग चौराहा से कमरी मार्ग तक 20 मीटर किया जाना प्रस्तावित है जो कि अभी करीब 7 मीटर है। इस पूरे मार्ग में मंदिर से चौराहा और उसके उपरांत गुदरी होते हुए कमरीमार्ग तक सवारी मार्ग है।

मंगलनाथ पुल पर काला ने युवक को मारे चाकू

उज्जैन। गणेश प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचे युवक को मंगलनाथ पुल पर मंगलवार-बुधवार रात ढाई बजे काला नामक बदमाश ने चाकू मार दिये। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि चरक अस्पताल से चाकूबाजी में घायल मंयक पिता जितेन्द्र सुनेरिया 22 साल निवासी महेशनगर के घायल होने की सूचना मिलने पर पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची थी। घायल ने बताया कि वह रात में गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने मंगलनाथ पुल पर गया था। जहां उसका विवाद गीता कालोनी में रहने वाले मयंक उर्फ काला से हो गया था। काला ने चाकू से हमला किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। उसे घायल हालत में दोस्त अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज करने के बाद मामले में मंयक काला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। बुधवार शाम तक चाकू मारने वाला पुलिस की हिरासत में नहीं आ सका था।

अंतिम मानव लक्ष्य



कभी आपने सोचा है कि मनुष्य जीवन भर किसकी तलाश करता रहता है? ब्रह्म मन की सीमाओं से परे है। इसलिए ब्रह्म से संबंधित कोई भी सवाल परम प्रश्न है। ब्रह्म की प्राप्ति परमोत्तर, अर्थात सर्वोच्च उत्तर है और ब्रह्म को प्राप्त करने का निरंतर प्रयास आध्यात्मिक साधना है। मनुष्य के भीतर दो प्रकार का ज्ञान एक साथ सक्रिय रहता है- परा ज्ञान, जो परम सत्य से संबंधित है और अपरा ज्ञान, जो इस सापेक्ष संसार से संबंधित है। इसलिए मन में उठने वाले किसी भी प्रश्न को अनदेखा नहीं करना चाहिए। फिर भी, यहां चर्चा उस प्रश्न की है, जो मनुष्य को उसके सीमित संसार से उठाकर परम सत्य की ओर ले जाता है।

इसे एक सरल उदाहरण से समझा जा सकता है। धान से चावल तैयार होता है। यह एक तथ्य है। धान से चावल किस प्रकार तैयार किया जाता है, यह जानना भौतिक विज्ञान का विषय है। धान को किस प्रक्रिया से संसाधित करने पर चावल प्राप्त होता है, इसकी जानकारी अपरा विद्या के अंतर्गत आएगी। विज्ञान इस प्रक्रिया को समझ सकता है और उसके विभिन्न चरणों की व्याख्या कर सकता है, लेकिन जब प्रश्न उठता है कि धान में चावल बनने की क्षमता आई कहां से? यह क्षमता किसने दी और क्यों दी? तब प्रश्न का स्वरूप बदल जाता है। यह उस मूल स्रोत और शक्ति की खोज का प्रश्न बन जाता है, जिसने धान में चावल बनने की संभावना पैदा की। यही परम प्रश्न है, क्योंकि इसका उत्तर मन की सामान्य सीमाओं से परे है।

इसी बात को चंद्रग्रहण के उदाहरण से भी समझा जा सकता है। पृथ्वी की छाया जब चंद्रमा पर पड़ती है, तब चंद्रग्रहण होता है। यह एक वैज्ञानिक तथ्य है। खगोल विज्ञान यह बता सकता है कि ग्रहण कब लगेगा, पृथ्वी, चंद्रमा और सूर्य की स्थिति कैसी होगी और किस प्रकार पृथ्वी की छाया चंद्रमा तक पहुंचेगी। ये सभी प्रश्न अपरा विद्या के क्षेत्र में आते हैं। इसके आगे एक और प्रश्न उठ सकता है- पृथ्वी, चंद्रमा और सूर्य की ऐसी व्यवस्था किसने बनाई? इस व्यवस्था के पीछे कौन-सी सत्ता कार्य कर रही है? खगोल विज्ञान इस प्रश्न का उत्तर वैज्ञानिक गणनाओं से नहीं दे सकता। विज्ञान घटना की प्रक्रिया और उसके नियमों को समझाता है; परम प्रश्न उस व्यवस्था के मूल स्रोत की खोज करता है।

अपरा विद्या में मनुष्य स्वयं ज्ञाता होता है और बाहरी संसार उसकी ज्ञान-वस्तु, लेकिन परा विद्या में दृष्टिकोण बदल जाता है। यहां मनुष्य स्वयं को अंतिम ज्ञाता नहीं मानता। वह स्वयं को उस परम सत्ता के सामने एक ज्ञेय, एक वस्तु के रूप में देखता है, जो सबका ज्ञाता और साक्षी है। इस दृष्टि से परम सत्ता ही इस विराट ब्रह्मांडीय प्रयोगशाला की अंतिम सत्ता है।

सम्पादकीय


चुनाव आयोग की साख

दुनिया के तमाम छोटे-बड़े लोकतंत्र भारतीय निर्वाचन आयोग को एक नजीर के रूप में देखते रहे हैं। इसकी पारदर्शिता और मतदाताओं व राजनीतिक दलों में स्वीकार्यता ने हमारे लोकतंत्र को दुनिया भर में प्रतिष्ठा दिलाई है। ऐसे में, उसकी कार्यशैली पर इतने गंभीर सवालों का खड़ा होना वाकई अफसोसनाक है। एक राष्ट्रीय दैनिक की खबर के बाद मौजूदा आयोग की कार्यप्रणाई को लेकर देश भर में संशय का जो माहौल बना है, उसे शनिवार को आयोग द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण और उसके द्वारा उठाए गए नए कदमों से शांत हो जाना चाहिए था, मगर मंगलवार को महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी एस चोकलिंगम का एक पत्र सामने आया, जिसने ताजा विवाद को नया आयाम दे दिया। चोकलिंगम ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे अपने पत्र में मांग की कि स्थानीय निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) को अधिक अधिकार-संपन्न बनाया जाए। इसके लिए उन्होंने ईसीआईनेट में चार बदलावों की मांग की है, ताकि ईआरओ अपने स्तर पर फैसले ले सकें, न कि केंद्रीय स्तर पर निर्णय हो। हाल में जो विवाद खड़ा हुआ है, उसके मूल में एक बिंदु यह भी था कि दोनों चुनाव आयुक्तों ने कथित तौर पर ईआरओ के अधिकारों में कटौती पर अपनी असहमति जताई थी, मगर मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनको नजरअंदाज कर दिया था।

शनिवार को चुनाव आयोग ने जिन नौ कदमों की घोषणा की, उनमें एक घोषणा यह है कि हर बैठक का एजेंडा पहले सदस्यों को दिया जाएगा। तो क्या अब तक बिना एजेंडे के आयोग की बैठकें हुआ करती थीं? एक अन्य निर्णय यह है कि बैठक में लिए गए फैसलों के रिकॉर्ड और मिनट्स सुरक्षित रखे जाएंगे। यह तो किसी भी सांविधानिक संस्था की बैठक का बुनियादी उसूल होता है, होना ही चाहिए। ऐसे में, आयोग की बैठकों को लेकर सवाल उठने लाजिमी हैं। आयोग ने अपने नौ निर्णयों में भी चोकलिंगम की स्पष्ट मांगों को लेकर बहुत साफ-साफ कुछ नहीं बताया, अलबत्ता उसने ईसीआईनेट की समीक्षा और जरूरत के मुताबिक अधिकारियों को सहूलियत देने की बात जरूर कही है। ऐसे में, एक बार फिर सवाल उठता है कि आयोग पारदर्शिता को अपनी सबसे पहली शर्त कब बनाएगा? चोकलिंगम की चिंता बेवजह नहीं है।

01 अक्टूबर पर वृद्धजन दिवस पर विशेष

वृद्धजन का जैसा सम्मान करेंगे, वैसा ही मिलेगा आपको



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

मनुष्य में अजर-अमर अर्थात चीर यौवन की इच्छाएं अनादि काल से ही रही हैं। फिर भी शाश्वत यौवन की उसकी कल्पना अधूरी है। वृद्धावस्था या बुढ़ापा यद्यपि जीवन का बुढ़ापे को रोकना आपके हाथों में नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में वृद्धावस्था आती ही है।

प्रश्न यह है, कि आखिर बुढ़ापा क्यों होता है? हम सब को पता है, कि हमारा शरीर हजारों-करोड़ों छोटी-छोटी नंगी आंखों से न दिखाई देने वाली कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इन कोशिकाओं में हमेशा विभाजन होकर एक से दो, दो से चार..... नई नई कोशिकाएं बनती रहती हैं। पुरानी कोशिकाएं एक निश्चित आयु के बाद नष्ट हो जाती हैं, और उनका स्थान नई कोशिकाएं ले लेती हैं। जब तक नई कोशिकाओं के बनने और पुरानी कोशिकाओं के नष्ट होने की गति समान रहती हैं। तब तक शरीर ज्यों का त्यों बना रहता है, परंतु जब नई कोशिकाओं के बनने की रफ्तार कम हो जाती है। तब शरीर का ह्रास प्रारंभ हो जाता है। इस स्थिति में त्वचा ढीली होने लगती हैं, और जोड़ सख्त होने लगते हैं। कुछ ही दिनों बाद शरीर की विभिन्न जैविक क्रियाएं जैसे पाचन, श्वसन, उत्सर्जन आदि में परिवर्तन आ जाता है और शरीर को अनेक प्रकार के रोग लग जाते हैं।

मनुष्य अनंत समय तक जीने की लालसा रखता है। यह तो सही है, परंतु वह यह जीवन बुढ़ापे के रोगों से बेहाल हो कर नहीं जीना चाहता है, बल्कि जब तक जिंदा रहे चुस्त और दुरुस्त रहकर जीवन जीने का सम्मान,आनंद और उत्साह लेना चाहता है। इसके लिए मनुष्य की सेहत के प्रति बढ़ती जागरूकता और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लेने से उसकी औसत आयु भी बढ़ी है।

थिंक टैंक नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी कहते हैं, चिकित्सा और सामाजिक पहलू के साथ बुजुर्गों की देखभाल के बारे में सोचने का समय आ गया है। यदि देखा जाए तो अनेक देशों में लोगों की औसत आयु 70 वर्ष से अधिक है। भारत जैसे विकसित देश के नागरिकों की औसत आयु 60 वर्ष से अधिक 65 हो रही है। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के कारण देश में वृद्धजन की संख्या बढ़ रही है। देश में 2011 में 10.38 करोड़ वरिष्ठ नागरिक थे, जिनके 2050

तक बढ़कर 30 करोड़ होने का अनुमान है। वही 2050 तक कुल जनसंख्या की 19.5 प्रतिशत वृद्धजन में होगी, जो फिलहाल 10 प्रतिशत है । अनुमान है, कि 2050 तक हर चौथा भारतीय बुजुर्ग होगा। यह बात भारत के सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ने कही है । इसी के कारण बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं । इन्हीं के एक विकराल समस्या एकाकीपन और मानवीयता का साथ का अभाव, अकेलेपन का दर्द क्या होता है, यह वही जान सकता है, जिसने इसे भोगा है।

बच्चे भी नौकरी के लिए पलायन कर जाते हैं। बुढ़ापे में जब सबसे ज्यादा परिवार की जरूरत होती हैं। वृद्धजनों द्वारा दायर 35 लाख से अधिक मामलों में से करीब 7 लाख केस ऐसे हैं, जो अपना ही बच्चों द्वारा बेसाहारा छोड़ देने या सताए जाने पर गुजारा भत्ता या घरेलू हिंसा को लेकर दायर किए गए हैं। यह वे केस हैं, जिनमें बच्चे अपने माता-पिता को ढलती उम्र मे दो जून की रोटी और दवा के पैसे तक के लिए तरसाते हैं। वृद्धजन की स्थित यह पहले बच्चों ने सताया अब वे कोर्ट के धक्के खा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वृद्धजन के केस दो-तीन महीने में निपटने के निर्देश है, फिर भी वहीं कई केस 5/ 10 वर्षों के बाद भी अटके पड़े हैं , इनमें यूपी, महाराष्ट्र और कर्नाटक के वृद्धजन के बुजुर्ग ज्यादा परेशान हैं।

वृद्धजन की दुर्दशा के दो केस

केस-1 : दिल्ली की नंदनगरी के एक बुजुर्ग दंपति (मोहनलाल व सुंदरी) से उनके दोनों बेटे अलग रहते हैं। न भोजन देते हैं, न दवाओं के लिए मदद। वे पड़ोसियों की दया पर आश्रित हैं। कड़कड़डूमा कोर्ट में केस चल रहा है। लेकिन, हर बार बेटा तारीख ले लेता है।

केस-2 : शाहदरा की 65 वर्ष

महिला लक्ष्मी देवी ने अपने बेटे के खिलाफ घरेलू हिंसा करने व गुजारा भत्ता न देने का केस दायर किया था। मगर, बेटा कोर्ट में पेश ही नहीं हो रहा। वह अज्ञात जगह पर रह रहा है। 2 साल से केस अटका है।

आबादी में बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, और युवाओं की संख्या घट रही है। इस तरह बुजुर्ग की बढ़ती हुई संख्या का सम्मान करना भी

स्वेट मार्डेन का कथन है कि मनुष्य जब तक बूढ़ा नहीं होता तब तक उसके हृदय में मधुरता और उत्साह बना रहता है। जब तक उसके हृदय में महत्वाकांक्षाएँ बनी रहती है तब तक उसके मन में कार्य शक्ति का प्रवाह बहता रहता है। अमेरिका के कुछ हिस्सों में जहाँ जन्म और मृत्यु के कारणों से श्रमिकों और अधिकारियों की कमी है। नियोक्ताओं को शिक्षित और योग्य व्यक्ति मिल पाना कठिन हो गया है। ऐसे वक्त में जन्म हुआ एबल नाम के संगठन का, जो एबिलिटी बेस्ड ऑन लॉन्ग एक्सपीरियंस (लंबे अनुभव पर आधारित योग्यता) का संक्षिप्त रूप है। इस संगठन द्वारा दर्जनों कंपनियों में समर्पित अनुभवी, निष्ठावान और स्वस्थ सभी वृद्धों को रोजगार दिया गया है। और उनके काम से संतुष्ट भी हैं, क्योंकि अमेरिका में यह सर्वविदित है, कि वृद्धजन समाज पर बोझ नहीं है, बल्कि समाज की संपत्ति है, और जीवन का संचित अनुभव भी उनके पास है। हमारे देश में भी वृद्धावस्था वह अवस्था है ,जब व्यक्ति अपने जीवन में अत्यंत सम्मान युक्त स्थान पा लेता है, न सिर्फ इसलिए कि वह आयु वृद्ध है ,अपितु कर्म की भट्टी में तप कर, अपने कर्तव्यों का सफल निर्वाह कर, वह अपने अनुभवों की पूंजी से समृद्ध होकर हमारे समक्ष विशाल वटवृक्ष की भाँति है, यदि चाहे वह अशिक्षित ही क्यों हो न हो ? वह परिवार के लिए सदैव पूज्यनीय है।

राष्ट्रसन्त कमल मुनि कमलेश ने अपने प्रवचन में कहा जो ज्ञान शास्त्रों से और संतो से भी नहीं मिल पाता वह अनुभव का ज्ञान, जिंदगी में चढ़ाव-उतार की ठोकरे खाने के बाद बुजुर्गों के अनुभवों से प्राप्त होता है। उन्होंने अपने प्रवचन में आगे भी बताया है। वृद्ध की सेवा करने पर उनकी आत्मा से मिलने वाला आशीर्वाद हमारे जीवन के लिए वरदान बनता है। वें अनुभव का खजाना होते हैं, शास्त्रों में उन्हें वटवृक्ष के रूप में माना गया है। वृद्धजन को जो भार मानता है, इससे बढ़कर दुर्भाग्य कुछ नहीं हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि ऋ माता-पिता ने अपनी जिंदगी दांव पर लगाकर आपको इस योग्य बनाया, उनको अनदेखा किया तो उनकी आत्मा से निकलने वाली बहुआ खाक में मिला देगी।

फटी हुई हरी दरी

गाँव के प्राथमिक विद्यालय के सीलन भरे बरामदे के ठीक बीचोंबीच सूती धागों से बनी वह फटी हुई पुरानी हरी दरी बिछी रहती थी जिसके किनारे वक्त की मार से पूरी तरह उधड़ चुके थे और बीच में कई जगह टाट के पैबंद लगे हुए थे। उस फटी हरी दरी के एक कोने पर हर सुबह सात बजते ही राधे काका अपनी लकड़ी की लाठी टेककर आकर बैठ जाते थे। सफेद खद्दर का झोला कंधे पर लटकाए और आँखों पर पीतल की कमानी वाला चश्मा चढ़ाए राधे काका का काम बस उस दरी के फटे हुए धागों को अपने कांपते हाथों से सहलाना और सामने टूटे ब्लैकबोर्ड को एकटक निहारते रहना था। सुबह आठ बजते ही गाँव के नंगे पाँव बच्चे अपनी फटी कॉपियाँ दबाए आते और उसी हरी दरी पर बैठ जाते। जब भी कोई नया शिक्षक या तहसील का क्लर्क निरीक्षण के लिए अपनी मोटरसाइकिल से वहाँ उतरता तो वह इस बुजुर्ग को उस फटी दरी के कोने पर पहरा देते देखकर सोच में पड़ जाता था। स्कूल का पुराना रसोइया मंगलू जब मिड डे मील की खिचड़ी का भगोना बरामदे में रखता तो राधे काका उससे बहुत ही धीमी और कांपती आवाज में पूछते क्यों रे मंगलू आज इस डिजिटल उत्सव में इस फटी हरी दरी के बदले कोई नया टाट आने का हुक्म हुआ क्या या आज भी सिर्फ मंच पर भाषणों की रोटी से ही पेट भरा जाएगा? मंगलू बस अपनी नजरें झुका लेता और एक ठंडी गहरी साँस भरकर चुपचाप बर्तनों को माँजने में लग जाता था। स्कूल में हाल ही में राजधानी के बड़े शिक्षा निदेशालय से नए खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर आए साहब मनीष त्रिपाठी बहुत ही कड़क, अंग्रेजीदां और आधुनिक तकनीकी शिक्षा के पक्के समर्थक माने जाते थे। मनीष साहब जब भी अपनी चमकती हुई गाड़ी से उतरकर स्कूल के गलियारे में कदम रखते तो उनकी नजर सबसे पहले उसी फटी हरी दरी के कोने पर बैठे राधे काका पर जाकर अटक जाती थी जिनकी उँगलियाँ हमेशा दरी के उस सबसे बड़े छेद को ढंकने की कोशिश करती रहती थीं। मनीष साहब को आधुनिक टेबलेट और स्मार्ट क्लास के इस नए जमाने में किसी बुजुर्ग का इस तरह रोज आकर एक फटी हुई दरी के आगे हाथ जोड़ना शिक्षा के माहौल में खलल डालने जैसा लगता था।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 01 अक्टूबर 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:18सूर्यास्त 18:13
आश्विन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि- पंचमी 14:21 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र- कृतिका 08:42 उपरांत रोहिणी
योग- सिद्धि 24:50 उपरांत साध्य
करण - तैतिल
चन्द्रमा - वृषभ मे है
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 18तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में नई योजनाओं पर काम शुरू करने की ऊर्जा रहेगी। अति उत्साह और तनाव से बचें।

वृषभ- व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं, लेकिन जल्दबाजी से बचें। परिवार में मांगलिक चर्चा हो सकती है।

मिथुन- प्रेम संबंधों में संवाद बढ़ेगा और भावनाएं स्पष्ट होंगी। रुके आर्थिक मामलों में प्रगति हो सकती है।

कर्क- सहकर्मियों के साथ मिलकर काम करने से फायदा होगा। व्यापार में बड़े निर्णय लेते समय सावधानी रखें।

सिंह- परिवार में धार्मिक गतिविधि की योजना बन सकती है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, खर्च नियंत्रित करें।

कन्या- काम का दबाव बढ़ सकता है, इसलिए योजनाबद्ध तरीके से काम करें।

तुला- प्रतिद्वंद्वियों से सावधान रहें और जरूरी जानकारी साझा न करें। जीवनसाथी के साथ बातचीत में संयम रखें।

वृश्चिक- बजट बनाकर चलना बेहतर रहेगा। आंखों और मानसिक थकान से बचें।

धनु- नई जिम्मेदारी मिल सकती है और यात्रा का योग बन सकता है।

मकर- व्यापार में रुके काम गति पकड़ेंगे। संतान पक्ष से सकारात्मक समाचार मिल सकता है।

कुंभ- आय के नए अवसर मिलेंगे। मानसिक और शारीरिक ऊर्जा अच्छी रहेगी। वाणी और संवाद शैली से कार्यस्थल पर प्रभाव पड़ेगा।

मीन- व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे, लेकिन अति जोखिम से बचें।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,50,400 रवा- 1,50,200 चांदी-टंच- 2,27,000 पाट- 2,26,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

संजा का छठा दिन

आज बनेगी छठ की छबड़ी



संजा पर्व के छठा दिन छठ पर कुंवारी कन्याएं छबड़ी बनाती है। यह छबड़ी लोक कथाओं में एक कहानी का रूप लिए हुए है। मालवा में छबड़ी बनाने के बाद जब बारता याने कहानी कही जाती है तो बुजूर्ग महिलाएं बताती है कि छबड़ी का महत्व क्या है।

कुंवारी कन्याओं को बताया जाता है कि छबड़ी हर चीज को एक जगह, सुरक्षा के साथ एकत्रित करने की वस्तु है। ठीक उसीप्रकार ससुराल में जब कन्या विवाह बाद पहुंचती है तो उसका कर्तव्य होता है कि वह परिवार के सभी सदस्यों को एक सूत्र में पिरोकर, एक ही छत के नीचे रखे। चूंकि पुराने जमाने में संयुक्त परिवार की प्रथा थी तथा घर का कोई सदस्य यदि संयुक्त परिवार से हटकर अलग रहता था तो उसे सामाजिक दृष्टि से उचित नहीं माना जाता था। समाज यह मानता था कि जो परिवार से अलग हुआ है, उसने परिवार की लाज को ठेस पहुंचाई। वहीं संयुक्त परिवार के मुखिया की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती थी। यही कारण था कि बहु के ससुराल आने के बाद अपेक्षा की जाती थी कि सम और विषम, दोनों स्थितियों में वह परिवार का अंग बने तथा परिवार को जोड़े रखे। सास-जेठानी-देवरानी के बीच परस्पर समन्वय की कहानी का पात्र बनती थी छबड़ी का उदाहरण।

ससुराल में संजा के साथ जब भी कोई घटना होती थी, वह अपने चांद और सूरज भैया को जरूर कहती थी। दिन में सासु के किसी ताने से मन दुःखता तो वह सूरज को कहती और रात्रि में ऐसा होता तो चांद को। उसने कभी भी अपने पति से अपने ससुराल के सदस्यों की बुराई या शिकायत नहीं की। मन में दुःखी होकर उपर से हंसती रही। मां ने संस्कार दिए थे कि पीहर से डोली जा रही है, ससुराल से अर्थी उठेगी। कभी रूठकर या झगड़कर पीहर मत आना वरना लोग कहेंगे कि मां ने ऐसा ही सिखाया था?

इधर संजा की सहेलियां ससुराल में संजा के दुःख के चलते उसके ससुरालवालों को गीत के माध्यम से ताने मारती है-

संजा बई का सासरे जावांगा
खाटो रोटो खावांगा
संजा बई की सासु उकड़ली
कोट पे बैठी चिड़कली
ऐसी दुंगा दारी के धमका की
काम करउंगा ठमका से
मैं बैठुंगा गादी पे
उके बिठउंगा मिट्टी में

■ श्रीमती स्वाति अंकित

संजा पर्व के पारंपरिक गीत

श्राद्ध पक्ष में कुँवारी लड़कियां16 दिन तक नित्य दीवार पर गाय के गोबर से सुंदर एवं प्रत्येक दिन के महत्व के अनुसार आकृतियां बनाती है जो संजा कहलाती है। सखियों के साथ रोज शाम को आरती, गीतों (वैसे तो संजा के कई गीत है किंतु ये खास संजा गीत ज्यादा प्रचलित है) इन गीतों की गूंज से वातावरण कर्णप्रिय हो जाता है। गीत और आरती पश्चात प्रसाद वितरित किया जाता है।लड़कियों को ढँक कर लाए गए प्रसाद का प्रकार और नाम बताना होता है।



संजय वर्मा दैनिक अवन्तिका

संजा जीमेल ,चुठले
मै जिमाऊ सारी रात
चट्टक चांदनी की रात
फुल्ला भरी है परात
एक फुल्लो टूटी गयो ने
संजा माता रुसगी।

संजा बाई का लाड़ा जी
लुगाड़ो लाया जाड़ा जी



असा कई लाया दारिका
लाता गोट किनारी का
संजा बाई तो ओल पोल
लुगड़ो लाया झोल पोल।

छोटी सी गाडी
लुढ़कती जाए,लुढ़कती जाए
जिमें बैठ्या संजा बाई ,संजा बाई
घाघरो घमकाता जाए
चुड़लो चमकता जाए
बाई जी की नथनी झोला खाय
झोला खाए, झोला खाए।

काजल टिकी लो भई
काजल टिकी लो
काजल टिकी लई ने म्हारी
संजा बाई ने दो
संजा बाई को सासरो सांगा में
पदम्पधारया बड़ी अजमेर
राम थारी चाकरी गुलाम म्हाको देस
छोडो म्हाकी चाकरी
पधारो आपका देस....।

संजा तू थारे घर जा
की थारी बाई मारेगा के कुटेगा
के डेली में डचोकेगा
के चाँद गयो गुजरात
के हिरन का बड़ा बड़ा दाँत
के छोरा छोरी डरपेगा
के डरपेगा बई डरपेगा।

धर्म-आस्था

भगवान को खोजने से पहले पहचानना सीखिए

गोस्वामी तुलसीदास की रामचरितमानस की एक प्रसिद्ध पंक्ति है–

सीय राममय सब जग जानी। करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी॥

अर्थात इस पूरे संसार को सीताराममय जानकर मैं दोनों हाथ जोड़कर सबको प्रणाम करता हूं। रामचरितमानस के बालकांड में यह भाव स्पष्ट रूप से मिलता है कि संसार के समस्त जीवों में भगवान का अंश देखकर विनम्रता से नमन करना चाहिए।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

लेकिन इस चौपाई का वास्तविक अर्थ केवल हाथ जोड़कर प्रणाम करने तक सीमित नहीं है। असली परीक्षा तो तब होती है, जब भगवान हमारी आंखों के सामने किसी ऐसे रूप में आते हैं, जिसे हम भगवान मानने के लिए तैयार ही नहीं होते।

इसी भाव को समझाने वाली एक प्रचलित कथा तुलसीदासजी और एक उग्र बैल से जुड़ी है।

कहा जाता है कि तुलसीदासजी ने एक दिन यह चौपाई लिखी और अपने कार्य से लौट रहे थे। रास्ते में एक बालक मिला। उसने सावधान करते हुए कहा कि आगे एक बैल लोगों पर हमला कर रहा है, इसलिए उस रास्ते से न जाएं।

तुलसीदासजी ने सोचा–जब संसार में सब जगह राम हैं तो उस बैल में भी राम ही हैं। वे आगे बढ़ गए। लेकिन बैल ने उन्हें टक्कर मार दी और वे गिर पड़े।

कथा के अनुसार वे क्रोधित होकर वापस लौटे और उस चौपाई को गलत मानने लगे। तभी हनुमानजी ने उन्हें समझाया कि चौपाई गलत नहीं थी। गलती उनकी दृष्टि में थी। उन्होंने बैल में तो राम को देखने की कोशिश की, लेकिन जिस बालक ने पहले ही उन्हें खतरे से सावधान किया था, उसमें राम का संकेत नहीं पहचान पाए।

कथा का यही बिंदु इसे साधारण घटना से आध्यात्मिक संदेश में बदल देता है।

भगवान हमेशा मंदिर में ही मिलें, यह जरूरी नहीं। कई बार वे किसी व्यक्ति की सलाह, किसी बच्चे की चेतावनी, किसी बुजुर्ग की सीख या किसी अनजान व्यक्ति की मदद के रूप में हमारे सामने खड़े होते हैं।

हमारी समस्या यह है कि हम भगवान को अपने मन के बनाए हुए रूप में तलाशते हैं। मंदिर में दर्शन करने जाते हैं तो हाथ जोड़ लेते हैं, आरती में सिर झुका लेते हैं, तीर्थ पर स्नान करते हैं; लेकिन घर लौटते समय रास्ते में किसी जरूरतमंद को देखकर नजर फेर लेते हैं।

फिर सवाल उठता है–क्या हमारी भक्ति केवल पूजा की जगह तक सीमित है?

यदि किसी भूखे व्यक्ति को भोजन देना, किसी बुजुर्ग को सड़क पार कराना, किसी परेशान व्यक्ति की बात सुनना और किसी जरूरतमंद की सहायता करना हमारे व्यवहार का हिस्सा नहीं बन पाया, तो केवल धार्मिक अनुष्ठान हमारी आध्यात्मिक यात्रा को पूरा कैसे कर सकते हैं?

धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, दृष्टि बदलना भी है।

तुलसीदास की उक्त चौपाई हमें यही दृष्टि देती है। जब हम हर जीव में ईश्वर की उपस्थिति का भाव रखते हैं, तो हमारे भीतर अहंकार कम होता है और व्यवहार में विनम्रता आती है। सामने वाला छोटा है या बड़ा, गरीब है या अमीर, अपना है या पराया–इन भेदों से ऊपर उठकर मनुष्य में मनुष्य को देखना भी आस्था का ही एक रूप है। आज के समय में इस संदेश की जरूरत शायद और बढ़ गई है। हम मंदिरों की संख्या गिन सकते हैं, तीर्थों की यात्रा कर सकते हैं, धार्मिक आयोजन कर सकते हैं, लेकिन यदि हमारे व्यवहार में करुणा कम होती जा रही है तो हमें अपनी भक्ति के अर्थ पर फिर विचार करना चाहिए।

कई बार जीवन हमें संकेत देता है, लेकिन हम उन्हें अनदेखा कर देते हैं। किसी मित्र की सलाह, माता-पिता की सीख, शिक्षक की चेतावनी या किसी बच्चे की सरल बात–इनमें भी जीवन के लिए बहुत बड़ा संदेश छिपा हो सकता है।

कथा में बालक की बात को गंभीरता से लिया जाता तो दुर्घटना टल सकती थी। यही संदेश आज के जीवन में भी लागू होता है–हर चेतावनी डराने के लिए नहीं होती और हर सलाह रोकने के लिए नहीं होती। कभी-कभी वही बात हमें किसी बड़ी परेशानी से बचा सकती है।



वाराणसी से वडगर जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा का शुजालपुर में किया स्वागत

शुजालपुर। सेवा से संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से बडगर जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा के शुजालपुर आगमन पर प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार सहित जनप्रतिनिगणों, नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। यात्रा के शुजालपुर के दौरान जगह जगह मार्गो के विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पुष्पवर्षा एवं ढोल-ढमाकों के साथ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान वातावरण में सेवा, जनभागीदारी और सामाजिक सरोकारों के प्रति उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान मंत्री परमार ने यात्रा का स्वागत करते हुए यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने यात्रा के माध्यम से सेवा, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं जनभागीदारी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया सहित जनप्रतिनिधि, नागरिकगण, अधिकारी मौजूद थे।

जमीन वापस करने के दबाव में किसान से मारपीट का आरोप

शुजालपुर। मंडी पुलिस को ग्राम गुर्दाखेड़ी निवासी लखन सिंह राजपूत ने शिकायत कर जमीन वापस करने के दबाव में उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। फरियादी के अनुसार उसने जून 2025 में अमलाय पत्थर निवासी जटालसिंह मेवाड़ा से गुर्दाखेड़ी रोड स्थित करीब एक बीघा 14 बीसवा जमीन खरीदी थी। रजिस्ट्री पत्नी मधुबाई के नाम कराने के बाद वह जमीन पर खेती कर रहा है।

साधारण सभा में संस्था की आय बढ़ाने सहित अन्य विषयों पर संवाद किया

देवास। सिरोल्या बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी संस्था मर्यादित सिरोल्या में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संस्था से जुड़े किसानों ने कर्मचारियों से संस्था की आय बढ़ाने सहित समय पर खाद मिलने एवं किसानों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से अधिक लाभ मिले इस विषय पर संवाद किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने आफिस से लगे पुराने खाद भवन गोडाउन को नवीनीकरण करने, नवीन सदस्यों को संस्था में सदस्यता प्रदान करने संस्था की गायत्रीनगर में खाद भंडारण की वाल बाउंड्रीवाल बनाने सहित खाद भंडारण स्थान पर नए गोडाउन एवं संस्था की जगह पर दुकानों से आय बढ़ाने पर ठहराव प्रस्ताव करने पर चर्चा की।

लंबित भुगतान की मांग को लेकर महिला रसोइयों ने निकाली रैली

देवास। महिला स्वयं सहायता समूह महासंघ और एमडीएम व सांझा चूल्हा रसोइया संघ के बैनर तले जिलेभर की महिला रसोइयां मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचीं। महिलाओं ने रैली निकालकर नारेबाजी की और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ की जिलाध्यक्ष ज्योति अर्जुन बैरागी ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आंगनवाड़ी, पोषण आहार और शासकीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था संभाल रही हैं। कम मानदेय, बढ़ती लागत और भुगतान में देरी के कारण आर्थिक परेशानी हो रही है। महिलाओं ने आंगनवाड़ी में काम कर रही रसोइयों का मानदेय 500 रुपए प्रतिमाह बढ़ाने और मध्यान्ह भोजन रसोइयों का मानदेय 10 माह के बजाय 12 माह करने की मांग रखी।

तीन थानों की पुलिस ने तोड़ा अपराधियों का तिलिस्म, एसपी ने प्रेस वार्ता में किया खुलासा

साल भर से पुलिस को छका रहे 10 हजार के चार इनामी डकैत धराए, 9.90 लाख रुपये नकद व दो बाइक जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



मक्सी थाना क्षेत्र में साल भर पहले सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लूटकर पुलिस के लिए चुनौती बने शातिर गिरोह का आखिरकार पर्दाफाश हो गया है। वारदात के बाद से ही लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को छका रहे 10 हजार रुपये के चार इनामी बदमाशों को तीन थानों की संयुक्त टीम ने सायबर सेल की मदद से रूलकी कंजर डेरा में दबिश देकर दबोच लिया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान इस बड़ी कार्रवाई का खुलासा किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट के आभूषण बेचकर हासिल की गई 9 लाख 90 हजार रुपये की बड़ी नकदी और वारदात में इस्तेमाल दो मोटर साइकिलों सहित कुल 12 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है।

प्रेस वार्ता में एसपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि मक्सी थाने में लूट एवं डकैती का प्रकरण दर्ज किया गया था। एक साल से अधिक समय से लंबित इस मामले में बदमाश सोने का हार, कंदोरा, पायजेब, चांदी के गिलास, सोने की कान की बाली, सोने की चेन, सोने की अंगूठी व अन्य आभूषणों सहित 50 हजार रुपये की नकदी लूटकर भाग निकले थे। वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

लंबित गंभीर अपराध के खुलासे के लिए एसपी शुक्ला के निर्देशन तथा एएसपी घनश्याम मालवीय व एसडीओपी डॉ. नागेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई थी। मक्सी थाना प्रभारी निरीक्षक मदन इवने, बेरछा थाना प्रभारी निरीक्षक भरत सिंह किरार और सलसलाई थाना प्रभारी निरीक्षक जनक सिंह रावत ने अपनी टीमों के साथ तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रूलकी कंजर डेरा निवासी चार आरोपियों जोगिंदर उर्फ भूरा पिता फत्ता कंजर (34), सावन पिता किशन कंजर (23), महेंद्र पिता कमल कंजर (23) और विकास पिता माना कंजर (28) को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए इन आरोपियों के खिलाफ मक्सी सहित अन्य थानों में भी स्थायी और गिरफ्तारी वारंट जारी हैं।

इस सनसनीखेज वारदात में शामिल दो अन्य आरोपी भूरिया पिता बौदिया हाड़ा निवासी पांडा, जिला देवास और चेतन पिता छत्तरमल छाड़ी निवासी रूलकी अभी फरार हैं। पुलिस टीमें दोनों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

गहने बेचकर बांट ली थी नकदी, बिचौलिए की हो चुकी है मौत

पूछताछ में सामने आया कि बदमाशों ने लूटे गए सोने-चांदी के आभूषणों को चिड़ावद जिला देवास निवासी भूपेन्द्र पिता राजेश हाड़ा के माध्यम से बेचा था। जेवरात बेचने से मिली रकम को सभी आरोपियों ने आपस में बांट लिया था। पुलिस के अनुसार, आभूषण बिकवाने वाले आरोपी भूपेन्द्र हाड़ा की मृत्यु हो चुकी है। उसने ये आभूषण किसे बेचे थे, पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्यों के जरिए उस खरीदार का पता लगा रही है।



सोशल मीडिया पर रायफल दिखाना पड़ा भारी शुजालपुर के रफीक खां का लाइसेंस निरस्त

शुजालपुर। सोशल मीडिया पर रायफल के साथ फोटो वायरल करना शुजालपुर सिटी निवासी रफीक खां को भारी पड़ गया। पुलिस के प्रतिवेदन के आधार पर जिला दण्डाधिकारी ने उनका शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया। रफीक खां पिता सोराब खां के शस्त्र लाइसेंस पर 315 बोर एक नाल बंदूक दर्ज थी। थाना शुजालपुर सिटी के प्रतिवेदन में सोशल मीडिया पर रायफ ल के साथ फोटो वायरल होने के साथ ही अन्य लोगों को फोटो खिंचवाने और सार्वजनिक स्थानों पर रायफ ल प्रदर्शन के लिए शस्त्र दिए जाने का उल्लेख किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने 17 सितंबर को प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रकरण में शस्त्र के दुरुपयोग की संभावना तथा लोक शांति एवं लोकव्यवस्था को देखते हुए जिला दण्डाधिकारी ने आयुध अधिनियम की धारा के तहत 28 सितंबर को लाइसेंस निरस्त करने का आदेश जारी किया। पुलिस ने आमजन से सार्वजनिक स्थानों पर शस्त्रों का प्रदर्शन नहीं करने तथा सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन संबंधी फोटो वीडियो प्रसारित करने से बचने की अपील की है।

सोयाबीन काटने जा रहे बाइक सवार दो युवक कार की टक्कर से घायल

शाजापुर। समीपस्थ ग्राम आक्या चौहानी रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चेतन और रोहित बाइक पर सवार होकर मंगलवार को खेत में सोयाबीन की फसल काटने जा रहे थे। इसी दौरान आक्या चौहानी गांव के रोड पर पीछे से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे में दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं और नाक से खून बहने लगा। घटना की सूचना मिलते ही अकोदिया की 108 एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। एंबुलेंस के ईएमटी राम सिंह मेवाड़ा और पायलट अशोक मालवीय ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार दिया और तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में दोनों का इलाज जारी है और फिलहाल दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।



किताबों तक सीमित नहीं रहेगी कानून की पढ़ाई

कॉलेज में शुरू हुई डिजिटल लाइब्रेरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



शासकीय विधि महाविद्यालय में अब कानून के भावी पैरोकार और जज बनने की तैयारी कर रहे छात्र पुरानी किताबों के पन्नों के साथ-साथ आधुनिक डिजिटल टूल्स से पढ़ाई करेंगे। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के निर्देश पर कॉलेज में आयोजित पुस्तकालय ओरिएंटेशन प्रोग्राम में विद्यार्थियों को कानूनी शोध की हाईटेक और वैज्ञानिक तकनीकों से रूबरू कराया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अजय कुमार चौहान ने की। इस दौरान नागपुर से आए विषय विशेषज्ञ दर्पण चोरे ने छात्रों को स्पेशल सॉफ्टवेयर और ई-लाइब्रेरी पोर्टल चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। चोरे ने विद्यार्थियों को बताया कि डिजिटल संसाधनों के सही इस्तेमाल से कानूनी रिसर्च में लगने वाला घंटों का समय मिनटों में बदला जा सकता है। उन्होंने ई-बुक्स, ई-जर्नल्स, विधिक आर्टिकल्स के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट और देश भर की हाईकोर्ट के फैसलों को खोजने की त्वरित प्रक्रिया समझाई।

प्रतियोगी परीक्षाओं और शोध में मिलेगी मदद : इस प्रशिक्षण का सीधा फायदा विद्यार्थियों को न्यायिक सेवा, एपीओ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं और कॉलेज के रिसर्च वर्क में मिलेगा। ग्रंथपाल कौशल्या सुतार के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में प्रो. अर्पित जैन, डॉ. विपिन सोनी, डॉ. पूजा नागर, डॉ. विनोद चौरसिया व विद्यार्थी उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय मोगली उत्सव में

जिले की कमान संभालेंगे शिवम और निकिता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

इनका रहा विशेष योगदान

प्रतियोगिता के लिए शिवम प्रजापति को तैयार करने में मार्गदर्शक शिक्षक दिलीप जायसवाल की अहम भूमिका रही। वहीं, जिला स्तरीय स्पर्धा के सफल संचालन में मास्टर ट्रेनर डॉ. माखनलाल धानुक और क्विज मास्टर संजय सोनी ने मुख्य जिम्मेदारी निभाई।

किताबों में जंगल और पर्यावरण के किस्से पढ़ने वाले जिले के दो होनहार विद्यार्थी अब मोगली लैंड यानी पेंच राष्ट्रीय उद्यान को करीब से जानेंगे। मोगली उत्सव के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी बौद्धिक क्षमता का लोहा मनवाते हुए सांदीपनि विद्यालय, शाजापुर के छात्र शिवम प्रजापति ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। जिला स्तरीय मुकाबले में कनिष्ठ वर्ग से शाजापुर विकासखंड के दो विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। इनमें सांदीपनि विद्यालय के कक्षा छठी के छात्र शिवम प्रजापति और माध्यमिक विद्यालय कांजा की छात्रा निकिता कुशवाह शामिल हैं। प्रतियोगिता में अव्वल आने पर अब इन दोनों विद्यार्थियों को पेंच राष्ट्रीय उद्यान के तीन दिवसीय निःशुल्क शैक्षणिक भ्रमण पर जाने का अवसर मिलेगा।

हिन्दी संप्रेषण और सृजनात्मक लेखन कौशल पाठ्यक्रम से मिलेगा विद्यार्थियों को रोजगार



शाजापुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय में हिन्दी संप्रेषण और सृजनात्मक लेखन-कौशल विषय पर 34 घंटे का ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कोर्स संपन्न हुआ। उक्त आयोजन में संयोजक डॉ.बी.एल.मालवीय ने पाठ्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी तथा पाठ्यक्रम की उपयोगिता बताते हुए कहा कि इस पाठ्यक्रम के माध्यम से हिन्दी की किसी भी विधा में अपने के विचार व्यक्त कर सकते हैं। इस दौरान प्रो. गिडवानी ने कहा कि कक्षा-पाठ्यक्रम के अतिरिक्त विद्यार्थियों को अन्य कौशल भी आना चाहिए, साथ ही यह भी कहा कि उक्त पाठ्यक्रम के माध्यम से आप अपना स्वरोजगार भी चला सकते हैं। इस अवसर पर डॉ.आर.सी. चौहान ने भी कहा कि यह पाठ्यक्रम आपके भविष्य के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। आयोजन में डॉ.तोफान लाल चौहान ने भी विषय से संबंधित विचार रखे। इस आयोजन में महाविद्यालय की डॉ.श्वेता चौहान, मुकेश सोलंकी, पूजा राठौर सहित महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी बडी संख्या में उपस्थित रहे।



उत्साह और उमंग के साथ मनाया

धर्म के व्यावहारिक स्वरूप को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

दिगंबर जैन समाज शुजालपुर मंडी द्वारा श्री दिगंबर जैन कुंदकुंद स्वाध्याय भवन, विंध्याचल ग्रीन कॉलोनी में दशलक्षण महापर्व उत्साह, उमंग एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर समाजजनों ने धर्म आराधना एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। दशलक्षण महापर्व के दौरान पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट, जयपुर से आए विद्वान पंडित सोनू शास्त्री द्वारा दस धर्मों पर मर्मस्पर्शी एवं सारगर्भित प्रवचन दिए गए। उन्होंने उत्तम क्षमा, मार्दव,आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य एवं ब्रह्मचर्य आदि दस धर्मों के आध्यात्मिक महत्व को विस्तार से समझाया। पंडित शास्त्री ने अपने प्रवचनों में बताया कि दशलक्षण धर्म केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें अपने व्यावहारिक जीवन में अपनाकर वर्तमान परिस्थितियों में भी आत्मिक शांति,संयम और सद्भाव की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है।

उन्होंने प्रत्येक धर्म के व्यावहारिक स्वरूप को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाते हुए बताया कि दैनिक जीवन में इन सिद्धांतों को किस प्रकार अपनाया जा सकता है। प्रवचन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्म के गूढ़ सिद्धांतों को सरल एवं सहज रूप में समझा। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। समाज के श्रद्धालुओं ने दशलक्षण महापर्व के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

बेटियों के जन्म पर उत्सव और माताओं का सम्मान

आंगन मिलन सेवा के समापन पर आंगनवाड़ियों में लगे स्वास्थ्य शिविर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने और जच्चा-बच्चा को बेहतर स्वास्थ्य व पोषण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को शहर के आंगनवाड़ी केंद्रों पर अलग ही उत्साह देखने को मिला। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत 27 से 29 सितम्बर तक चलाए गए तीन दिवसीय विशेष आयोजन आंगन मिलन सेवा के अंतिम दिन हितग्राही माताओं एवं स्वास्थ्य कार्यकताओं का सम्मान किया गया और स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर परामर्श दिया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की उप संचालक नीलम चौहान के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 10/3, 6/1, 6/2, 7/2 एवं 8/2 पर आयोजित हुआ। आयोजन के दौरान समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हुए नवजात एवं द्वितीय प्रसव पर बालिका को जन्म देने वाली दो बेटियों की माताओं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की लाभार्थी महिलाओं और लाड़ली लक्ष्मी योजना से जुड़ी माताओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मैदानी स्तर पर सेवाएं दे रहीं एएनएम का भी सम्मान किया गया तथा महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तसलीम, अफसाना, शाइस्ता, रेहाना और यासमीन खान ने बताया कि अभियान के अंतिम दिन की मुख्य गतिविधि के रूप में केंद्रों पर बच्चों, किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर व परामर्श सत्र लगाया गया। इसमें सभी के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें घर में पकायेंगे, घर का खायेंगे के संदेश के साथ घरेलू व पौष्टिक आहार अपनाने की समझाइश दी गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं मौजूद थीं।

बगलामुखी मंदिर में युवक को आया हार्ट अटैक, मौत

नलखेड़ा। आगर-मालवा के नलखेड़ा स्थित बगलामुखी मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालु की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। घटना मंगलवार की है। इसका वीडियो बुधवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार, नासिक से 35 श्रद्धालुओं का ग्रुप बगलामुखी माता के दर्शन के लिए नलखेड़ा पहुंचा था। इसमें रोहित खेरनार (32) भी शामिल था। दर्शन करने के बाद रोहित वेटिंग एरिया में बने प्रसाद काउंटर के पास खड़ा था। इसी दौरान अचानक जमीन पर आ गिरा। रोहित को गिरता देख आसपास मौजूद लोग दौड़े। उसे सीपीआर दिया।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री दिनेशचन्द्र पिता गोरधनलालजी जाति ब्राम्हण निवासी जूनाशहर बड़नगर जिला उज्जैन के स्वामित्व की कृषि भुमि सर्वे नंबर 28/1 रकबा 1.68, 29/6 रकबा 0.20 कुल किता 02 कुल रकबा 1.88 हैक्टर स्थित ग्राम झलारिया को क्रय करने का सोदा तय कर बयाना राशि भुगतान की है तथा शीघ्र ही भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित एवं पंजीकृत होना है।

अतः यदि उक्त संपत्ति में किसी व्यक्ति, संस्था, निजी ऋणदाता, बैंक, वित्तीय संस्था का किसी भी प्रकार से ऋण भार हो, मुख्त्यारनामा, अनुबंध, रहननामा हो या उक्त संपत्ति के संबध में किसी प्रकार का न्यायीक या पारिवारिक विवाद हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति करें अन्यथा मेरे पक्षकार अनुबंधित संपत्ति विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित एवं पंजीकृत करावेगें जिसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

दिनांक 30/09/2026

अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट बड़नगर
मो.न. 9424870281

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे 01 पक्षकार रामकिशन पिता पंचमसिंह जाति गवली पता छावनी तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 1/1 रकबा 1.35 हेक्टेयर व मेरे 02 पक्षकार पार्वतीबाई पति पंचमसिंह जाति गवली पता छावनी तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 1/2 रकबा 0.18 हेक्टेयर व मेरे 03 पक्षकार पांचूलाल उर्फ. प्रेमनारायण पिता पंचमसिंह जाति गवली पता छावनी तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 1/3 रकबा 1.35 हेक्टेयर इस तरह कुल किता 03 कुल रकबा 3.63 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम रोजवास तहसील तराना जिला उज्जैन भूमि को प्रतिफल राशि प्रदान कर पट्टा/किराया/लीज करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त पत्तादाता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति शासकीय अर्धशासकीय निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा कर्ज डिक्री चार्ज मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पश्चात सदर सम्पत्ति के लीज पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 30/09/2026

श्याम गुर्जर एडवोकेट
कोर्ट परिसर तराना जिला उजैन मो.नं. 8965809857
कार्यालय समय- सुबह 10 से 5 बजे

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड क्रमांक ए-16/2, ई डब्ल्यु. एस. ऋषिनगर योजना, उज्जैन का उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन द्वारा श्री नाथूलाल सूर्यवंशी पिता श्री गणपतलालजी सूर्यवंशी निवासी 7, आर्य समाज मार्ग गली, उज्जैन को 30 वर्ष के लिए लीज पर प्रदान किया गया था, जिसका रजिस्टर्ड लीज डीड दस्तावेज क्रमांक 365 तारीखी 07/05/1988 है। यह दस्तावेज कही गुम गया है और मिल नहीं रहा है तथा मिलने की संभावना भी नहीं है। उक्त दस्तावेज किसी के पास हो या इस दस्तावेज को सामयिक बंधक कर कोई ऋण किसी भी व्यवसायिक बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी से प्राप्त किया गया हो या इस मकान पर कोई ऋण भार हो या अन्य किसी का कोई हित हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा इस अवधि के बाद उक्त मकान को वर्तमान स्वामी रामचन्द्र चौधरी पिता श्री मोतीलालजी चौधरी के द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड को एल आई. सी. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड के पास बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त कर लिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

इति दिनांक- 30/09/2026 ई., स्थान उज्जैन

(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक
1, युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन
फोन 2554829, 94253-80339

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर उज्जैन मोहल्ला महाकाल सिंधी कॉलोनी लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पथ नंबर 1, गली नंबर 1, उज्जैन पर स्थित मकान जिसका नगर पालिक निगम 17 जिसका पुराना नंबर 52-ए रहा है जिसका कुल क्षेत्रफल 77.57 वर्गमीटर है। इस मकान को श्री गंगारामजी पिता श्री शंकरलालजी वर्मा के द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दस्तावेज क्रमांक 1300 दिनांक 26/03/1978 को श्री सत्यनारायणजी कुशवाह से क्रय किया गया था। इस मकान को क्रय करने के बाद श्री गंगारामजी का स्वर्गवास दिनांक 27/12/2007 को हो गया है, उनके स्वर्गवास के पश्चात उनके उत्तराधिकारियों में 1. नरेशचंद्र वर्मा, 2. रमेशचन्द्र वर्मा पुत्रगण स्व. गंगारामजी वर्मा, 3. श्रीमती सात्वाना पाल, 4. श्रीमती रानी पाल, 5. श्रीमती उषा पाल पुत्रीया स्व. गंगारामजी ने अपने आपको स्व गंगारामजी का एकमात्र उत्तराधिकारी होना बताकर उक्त भवन को श्री प्रेम कुरील पिता श्री द्वारकाप्रसादजी कुरील व श्रीमती द्रोपति कुरील पत्नि श्री प्रेम कुरील को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दस्तावेज क्रमांक एमपी 432022020 ए 1849052 तारीख 16/12/2020 को विक्रय कर दिया है।

उक्त विक्रय पत्र के पश्चात श्री प्रेम कुरील पिता श्री द्वारकाप्रसादजी कुरील का स्वर्गवास दिनांक 17/05/2021 को हो गया है, उनके स्वर्गवास के पश्चात श्रीमती द्रोपती पत्नि प्रेम कुरील, तुषार कुरील पिता स्व. श्री प्रेम कुरील, ऐश्वर्या कुरील पिता स्व. श्री प्रेम कुरील अपने आपको स्वर्गीय श्री प्रेम कुरीलजी के उत्तराधिकारी होना बताते है तथा उक्त मकान को विक्रय के लिए अनुबंधित कर दिया है। स्वर्गीय गंगारामजी वर्मा पिता श्री शंकरलालजी वर्मा तथा स्वर्गीय प्रेम कुरील पिता द्वारकाप्रसादजी के ऊपर लिखे उत्तराधिकारीयों के अलावा अन्य कोई उत्तराधिकारी हो और वह उक्त मकान में अपना हित रखता हो तो वह इस जाहीर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त मकान क्रमांक 17, पुराना नंबर 52-ए, महाकाल सिंधी कॉलोनी, लालबहादुर शास्त्री मार्ग, पथ नंबर 1, गली नंबर 1, उज्जैन कुल क्षेत्रफल 77.57 वर्गमीटर को बंधक कर खरीददार 1. गायत्री चंदानी, 2. गुलशन चंदानी को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

इति दिनांक-30/09/2026 ई., स्थान उज्जैन

(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक
1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन
फोन 2554829, 94253-80339

कम ऊंचाई पर रही 11 केवी लाइन बनी हादसे की वजह

शुजालपुर। ग्राम निपानिया खुर्द में मंगलवार शाम खेत के ऊपर से गुजर रही कम ऊंचाई की 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से किसान मुकेश सिंह जाट 49 वर्ष की मौत हो गई। वे अपने पिता जसमत जाट के खेत में हार्वेस्टर से सोयाबीन की कटाई में मदद कर रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली लाइन की ऊंचाई कम होने से हार्वेस्टर उसके संपर्क में आया और यह हादसा हुआ। बताया गया कि मुकेश सिंह हार्वेस्टर से गलछा निकाल रहे थे। इसी दौरान हार्वेस्टर ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगने से वे बेहोश होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के समय उनका बेटा अमन भी मौके पर मौजूद था। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि गांव में 11 केवी बिजली लाइनें कई स्थानों पर अपेक्षाकृत कम ऊंचाई पर हैं। इनसे पहले भी हादसे की आशंका जताई जा चुकी थी, लेकिन बिजली कंपनी द्वारा आवश्यक सुधार नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव में बिजली लाइनों की ऊंचाई की जांच कर नीचे झूल रहे तारों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसे रोके जा सकें।

रेस्ट हाऊस के पीछे ताश पर दांव लगा रहे तीन पकड़े

शुजालपुर । शासकीय रेस्ट हाउस के पीछे मोबाइल की रोशनी में ताश के पत्तों पर जुआ खेल रहे तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा। मौके से पुलिस ने 2470 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार 29 सितंबर को मुखबिर से शासकीय रेस्ट हाउस के पीछे जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीन लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान नौशाद निवासी महेशपुरा, कपिल और उबेद खां निवासी शुजालपुर सिटी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान नौशाद से 500 रुपए, कपिल से 220 रुपए और उबेद से 150 रुपए नकद मिले। वहीं जुआ फड़ से 1650 रुपए और 43 ताश के पत्ते मिले। इस तरह कुल 2470 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

रूट बदलने से अनजान छात्र चलती ट्रेन से उतरा

शुजालपुर। ट्रेन के बदले हुए रूट की जानकारी नहीं होने के कारण दो छात्रों को लगा कि वे गलत ट्रेन में सवार हो गए हैं। शुजालपुर रेलवे स्टेशन पर इसी भ्रम में उन्होंने चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास किया। एक छात्र सुरक्षित उतर गया, जबकि दूसरा संतुलन बिगड़ने से ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। हादसे में उसका पैर का पंजा और हाथ की उंगलियां कट गईं। जानकारी के अनुसार भोपाल से विदिशा लौट रहे हिमांशु कुरमी और राम साहू को ट्रेन के रूट में बदलाव की जानकारी नहीं थी। दोनों ने शुजालपुर स्टेशन पर ट्रेन के धीमे होने पर उतरने की कोशिश की। हिमांशु तो ट्रेन से उतर गया, लेकिन राम का संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म के नीचे चला गया। हादसे में राम रईस के दाएं पैर का पंजा और हाथ की उंगलियां कटकर अलग हो गईं। घटना के बाद रेलवे पुलिस ने तत्काल उसे शुजालपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में उसे निजी अस्पताल रेफर किया गया। हिमांशु ने बताया कि मोबाइल बंद होने के कारण उन्हें ट्रेन के रूट में हुए बदलाव की जानकारी नहीं मिल सकी थी।

65 लाख रूपये की लागत से रोड निर्माण का भूमिपूजन

बड़नगर। दोराया कॉलोनी में लंबे समय से प्रतीक्षित रोड एवं नाली निर्माण कार्य का आखिरकार विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग और बुनियादी समस्याओं को हल करने के लिए करीब 65 लाख रुपये की लागत से यह निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। उल्लेखनीय है कि इस कार्य के लिए पूर्व में दो बार टेंडर प्रक्रिया आयोजित की गई थी, परंतु दोनों बार टेंडर निरस्त कर दिए गए। इसके चलते पूरी कॉलोनी कीचड़ और जलजमाव की मार झेल रही थी। इस समस्या को लेकर शिवसेना नेता प्रभात पुरानीया और शिवसेना नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल के नेतृत्व में कॉलोनी की मातृशक्ति ने नगर पालिका का घेराव कर उग्र आंदोलन की स्पष्ट चेतावनी दी थी और प्रशासन को कड़ा अल्टीमेटम सौंपा था। इसके साथ ही नगर पालिका प्रशासन पर लगातार व्यक्तिगत संपर्क साधकर दबाव बनाए रखा गया। लगातार बने जन-दबाव के आगे प्रशासन को झुकना पड़ा और अंततः 65 लाख रुपये का नया टेंडर जारी कर कार्य की स्वीकृति देनी पड़ी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक जितेन्द्र पंड्या एवं स्थानीय पार्षद रितेश चांदीवाला ने भी सार्वजनिक रूप से शिवसेना नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल के जनहितकारी प्रयासों, मुखरता और कॉलोनी की समस्याओं को लेकर लगातार किए गए संघर्ष की मुक्तकंठ से सराहना की।

गोस्वामी संभागीय उपाध्यक्ष नियुक्त किये गये

बड़नगर। दशनामी दत्त सेना राष्ट्रीय संगठन का प्रदेश एवं जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन 27 सितंबर रविवार को गोस्वामी पैलेस पिपलोदा मैं संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत नरेंद्र गिरी महाराज के सानिध्य एवं दशनामी दत्त सेना राष्ट्रीय संगठन के संस्थापक ईश्वर गिरी नागावाडी द्वारा संभाग, जिला व तहसील के 52 पदाधिकारियों की नव नियुक्तियां कर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान देवपुरी गोस्वामी बड़नगर को उज्जैन संभाग उपाध्यक्ष नियुक्त कर साल ओढाकर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया । नियुक्ति पर महंत जितेंद्र भारती, महंत मंगल भारती, किशोर गिरी, भेरू गिरी बड़नगर ने बधाई दी।

छत्री चौक पर गली बंद करने के लिए बेरिकेट्स की जगह किया सामान से भरे ठेले का उपयोग ... ठेला पलटा सामान टूटा

गोपाल मंदिर छत्री चौक तरफ बाजार में सन्नाटा पसरा

फल फ्रूट सहित अन्य सामान से भरे कई ठेले लावारिस हालत में पड़े, ठेलों पर रखा सामान भी खराब हो रहा, फुटकर विक्रेता परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सोमवार को शाही मस्जिद के हिस्से को समाज के लोगों द्वारा हटाने की कार्रवाई के बाद एक पक्ष ने विरोध जताते हुए पत्थर बाजी कर दी थी । पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को तीतर बितर किया था अब यहां सब कुछ सामान्य है और समाज की ओर से चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं मस्जिद के हिस्से को हटाने की कार्रवाई की जा रही है लेकिन एहतियात के तौर पर गोपाल मंदिर, छत्री चौक सहित यहां की कई गलियों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। और मार्केट बंद है साथ ही लोगों की आवाजाही भी पूरी तरह से बंद है। इस कारण मार्केट व गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोगों के व्यापार व्यवसाय बंद पड़े हैं। छत्री चौक गोपाल मंदिर तरफ के 500 मीटर के एरिये में लोगों के आने जाने पर बिल्कुल प्रतिबंध लगा रखा है। इन क्षेत्रों में बैरिकेटिंग कर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है ऐसे में पिछले तीन दिन से गोपाल मंदिर, छत्री चौक, लखेरवाड़ी, पटनी बाजार, के मार्केट बंद है और जिन गलियों में लोगों की चहल पहल हुआ करती थी वहां सन्नाटा पसरा हुआ है और दुकाने व करोबार बंद पड़े है। सबसे ज्यादा परेशानी ठेले पर दुकान लगाने वालों की बनी हुई है कई ठेले वालो के ठेले भी छत्री चौक, गोपाल मंदिर सहित यहां की गलियों में फंसे पड़े हैं तथा ठेलो पर सामान भी रखा है। पिछले तीन दिन से छत्री चौक का मार्केट बंद होने की वजह से सामान सहित ठेले वहीं फंसे हैं इन ठेलों का इस्तेमाल बैरिकेट्स के रूप में नाकाबंदी करने के लिए किया जा रहा है। दुकान लगाने वालों ने प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह भी किया लेकिन उनकी समस्या दूर नहीं हुई है कुछ फुटपाथ पर ठेला लगाकर सामान बेचने वालों का कहना है कि गोपाल मंदिर, छत्री चौक, लखेरवाड़ी सहित अन्य जगह पर वह फल फ्रूट सहित अन्य सामग्री ठेले पर दुकान लगाकर बेचते हैं।

ऐसे 3 दिन से कारोबार बंद पड़ा है और ठेले भी बंद क्षेत्र में फंसे हुए हैं कई ठेले गलियों में सामान सहित लावारिस पड़े हैं जिन्हें नुकसान पहुंचाया जा रहा है। एक ठेले को बेरिकेट्स के रूप में उपयोग करने के दौरान यह ठेला पलटा दिया इस कारण ठेले में भरा सामान टूट फूट गया। इसकी जानकारी जब ठेले वाले को लगी तो उसका कहना था कि जैसे तैसे पैसे इकट्ठे कर बेचने के लिए सामान भरा था और अब ठेले को पलटाकर मेरा नुकसान कर दिया है इसका हर्जाना कौन देगा? ठेले पर भरा सामान भी टूट गया है और 3 दिन से धंधा भी बंद पड़ा है अब तो घर चलाने के लाले भी पढ़ने लगे हैं।



ग्राहक नहीं पहुंच रहे भोजन फेंकना पड़ रहा

भोजनालय संचालक शरद प्रधान ने बताया कि उनकी भोजनालय पर 27 सितंबर से ही ग्राहक आना बिल्कुल बंद हो गए है ऐसे में उन्होंने सोमवार से तो भोजनालय में भोजन बनाना भी बंद कर दिया है इसी के साथ आगे अन्य भोजनालय पर भी ग्राहक नहीं पहुंच रहे हैं ऐसे में उन्हें भी भोजन फेंकना पड़ रहा है।

ठेला फंसा, सामान खराब हो रहा



कंठाल क्षेत्र में किराए से रहने वाले गोपाल पोरवाल ने बताया कि वह छत्री चौक पर खाद्य सामग्री ठेले पर बेचता है। लेकिन जैसे ही सोमवार को बवाल मचा तो पुलिस ने छत्री चौक क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी तभी से गोपाल का खाद्य सामग्री से भरा ठेला छत्री चौक पर प्याऊ के समीप पड़ा है। गोपाल ने बताया कि तीन दिन से सामान से लदा ठेला छत्री चौक परिसर में पड़ा है। गोपाल ने आगे बताया कि फल फ्रूट सहित अन्य सामग्री बेचने वालों के ठेले भी सामान सहित छत्री चौक तरफ पड़े हुए हैं। और ठेले पर रखे फल व सामग्री खराब हो रही हैं। लेकिन किसी को भी ठेले निकालने नहीं दिए जा रहे हैं।

ट्रांसफर कराने के नाम पर 2.60 लाख की साइबर ठगी

तीन आरोपी गिरफ्तार,एनएचएम का डिप्टी डायरेक्टर बनकर किया था फोन, ठगी की रकम से खरीदी सात लाख की कार जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

इंदौर ट्रांसफर कराने के नाम पर एनएचएम भोपाल का डिप्टी डायरेक्टर बनकर महिला से 2.60 लाख रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को शुजालपुर मंडी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद ठगी की रकम से खरीदी गई करीब सात लाख रुपए कीमत की होंडा सिटी कार भी जब्त की है। प्रकरण में एक आरोपी की गिरफ्तारी अभी शेष है। पुलिस के अनुसार पंचवटी परिसर निवासी हेमा मालवीय के मोबाइल पर 6 दिसंबर 2025 को 9589312247 नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने अपना नाम मनोज सरयाम बताते हुए खुद को भोपाल में एनएचएम का डिप्टी डायरेक्टर बताया और हेमा मालवीय व उनकी सहेली श्रेष्ठा अहिरवार का ट्रांसफर इंदौर कराने का भरोसा दिया। इसके बाद दोनों से कुल 2 लाख 60 हजार रुपए ले लिए गए।

शिकायत पर थाना शुजालपुर मंडी में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने बैंक खातों की जानकारी जुटाकर ठगी की रकम में से 88 हजार 408 रुपए होल्ड कराए। यह राशि बैंक के माध्यम से वापस फरियादिया के खाते में ट्रांसफर कराई जा चुकी है। पुलिस ने मामले में महेन्द्र पिता शेषमणि तिवारी 38, निवासी उरतान, थाना कोतमा, जिला अनूपपुर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद नयनदीप पिता हलकई बंसल निवासी मुहली बमोरा, थाना बेहदिया, जिला सागर को सागर से पकड़ा गया।

पूछताछ में दोनों ने अपने साथियों दीपक बंसल और अर्जुन प्रसाद चौधरी के साथ मिलकर ठगी करना बताया। इसके बाद पुलिस ने फरार आरोपी अर्जुन प्रसाद चौधरी पिता कोंदू चौधरी, निवासी सिलपुर, थाना कोतमा, जिला अनूपपुर को भी



सिलपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने भी हेमा मालवीय और श्रेष्ठा अहिरवार का इंदौर ट्रांसफर कराने के नाम पर ठगी करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने ठगी की रकम से होंडा सिटी कार खरीदी थी, जिसे जब्त कर लिया गया है। प्रकरण में दीपक बंसल पिता हलकई बंसल, निवासी मुहली बमोरा, थाना बेहदिया, जिला सागर की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव, उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह घनघोरिया, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र चौहान, आरक्षक प्रहलाद जाट और आरक्षक मांगीलाल लववंशी की सराहनीय भूमिका रही।

मारपीट के मामले में दो आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा

शुजालपुर। घर के सामने से निकलने और पानी भरने जाने की बात को लेकर हुए विवाद में मारपीट के मामले में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश शुजालपुर अभिलाष जैन ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों आरोपियों पर साढ़े चार-साढ़े चार हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। मामले से जुड़े दो अन्य आरोपी विष्णु और महेश अभी फरार बताए जा रहे हैं।

प्रकरण के अनुसार फरियादी सिद्धनाथ निवासी डुगलाय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहू ज्योति सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने जा रही थी। इसी दौरान रमेश ने उसे अपने घर के सामने रोक दिया और गाली-गलौज की। इसके बाद विवाद बढ़ने पर रमेश, सीताराम सहित अन्य लोग लकड़ी और फरसी लेकर पहुंचे तथा परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। रिपोर्ट के अनुसार आरोपियों ने फरसी और डंडों से हमला किया, जिसमें नरेन्द्र, नन्नूलाल,धनियाबाई और भेरूलाल सहित अन्य को चोटें आई थीं। घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। पुलिस विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 325 और 326 का इजाफा किया गया था। प्रकरण की सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी रमेश और सीताराम को दोषी पाते हुए तीन-तीन वर्ष के कारावास तथा साढ़े चार-साढ़े चार हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं,प्रकरण में शामिल विष्णु और महेश के संबंध में बताया गया है कि दोनों अभी फरार हैं। शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक विद्याधर सोनानिया ने पैरवी की, कोर्ट मुहर्रिर रामेश्वर शर्मा ने सहयोग किया।

दूध-तेल के सैंपल लिए, जांच के लिए भेजे



शुजालपुर। दूध एवं खाद्य तेल के निर्माताओं और थोक विक्रेताओं की जांच के लिए बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई में चार फर्मों से खाद्य तेल और दूध के कुल पांच सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। गोपाल किराना से दमदार रिफाइंड सोयाबीन तेल और सनफ्लावर ऑयल की 15-15 लीटर की केनों से नमूने लिए गए। वहीं शिल्पा ट्रेडर्स से रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का सैंपल लिया गया। इसके अलावा सिमरोल स्थित महेश एवं ओमप्रकाश परमार की महाकाल दूध डेयरी में 20 केनों में संग्रहित करीब 590 लीटर दूध को समरस कर भैंस के दूध का सैंपल लिया गया। विजय राठौड़ की श्री सांवरिया दूध डेयरी से चार केनों में संग्रहित दूध को समरस कर मिश्रित दूध का सैंपल लिया गया। अधिकारियों के अनुसार सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद प्रकरण में नियमानुसार न्यायालयीन कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर अंकिता पाटकर एवं अभिहित अधिकारी डॉ. कमला आर्य के मार्गदर्शन में की गई। संयुक्त दल में नायब तहसीलदार प्रदीप केन तथा जिला फ्लाइंग स्क्वॉड के खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा और केएल कुंभकार शामिल रहे।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा ने भवनस्वामी आर्यन मीना पिता श्री मनीष मीना, निवासी 145/2, रघुनाथ की टापरी, शिवपुरा, नागदा जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के एक भवन म्यु. क्रमांक 170 स्थित विनायक पार्क कॉलोनी, पंवासा, मक्सी रोड, उज्जैन में है जिसका कुल क्षेत्रफल 48.30 वर्ग मीटर है, को क्रय करने के उद्देश्य से विक्रय अनुबंध पत्र किया गया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी भवनस्वामी को अदा कर दी है। अब शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष रहा है। विक्रय अनुबंध पत्र अनुसार तय समयावधि में शेष बची राशि अदा करके विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष रहेगा। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सम्पत्ति के विक्रय बाबत् किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान या किसी विभाग का कोई लेन देन बाकी हो, ऋण भार बाकी हो, स्वत्व या हित रखते हो, तो ऐसे व्यक्ति / संस्था इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि इसका निराकरण किया जा सकें। अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय में करवा लिया जावेगा। इसके बाद कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों बंधनकारी नहीं होगी। यह सूचित हो।

दिनांक-30-09-2026

घनश्यामसिंह हंस, एडव्होकेट
कार्या. चेम्बर 104, प्रथम मंजिल, कल्पतरू टॉवर, शास. माधव नगर अस्पताल, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र
मो. 9329410391

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार द्वारा श्री बाबूलाल पिता शंकरलाल गोमर, निवासी-ईडब्लयुएस 291/491, इन्दिरा नगर उज्जैन के भूमिस्वामित्व की भूमि ग्राम गोलवा तहसील तराना जिला उज्जैन में स्थित सर्वे क्रमांक 355 रकबा 0.02 हे0, सर्वे क्र. 359 रकबा 1.35 हे., सर्वे क्र. 635/1 रकबा 0.03 हे., सर्वे क्र. 636/2 रकबा 0.16 हे., सर्वे क्र. 637/1 रकबा 0.07 हे., सर्वे क्र. 640 रकबा 0.25 हे., सर्वे क्र. 653 रकबा 0.24 हे., सर्वे क्र. 655 रकबा 0.25 हे., सर्वे क्र. 666 रकबा 0.38 हे., सर्वे क्र. 669 रकबा 0.39 हे., सर्वे क्र. 1063/1179 रकबा 2.00 हे. कुल रकबा 5.14 हे. में सें विक्रित रकबा 3.79 हे. को तथा श्रीमती तेजुबाई पति श्री बाबूलाल गोमर, निवासी-ईडब्लयुएस 291/491, इन्दिरा नगर उज्जैन के भूमि स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे 259/1 रकबा 0.05 हे., सर्वे क्र. 673 रकबा 0.50 हे., सर्वे क्र. 674 रकबा 0.63 हे., सर्वे क्र. 675 रकबा 0.10 हे. कुल रकबा 1.28 हे. को तथा श्री कृष्णासिंह पिता श्री बाबूलाल गोमर, निवासी-ईडब्लयुएस 291/491, इन्दिरा नगर उज्जैन के भूमिस्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्र. 651 रकबा 0.41 हे. व सर्वे क्र. 654 रकबा 0.24 हे. कुल रकबा 0.65 हे. भूमि को क्रय करने का सौदा किया है एवं बयाना राशि भी उपरोक्त स्वामियो को अदा कर लिखित अनुबंध पत्र भी कर लिया है। सौदे के पालन में केवल उक्त कृषि भूमि के विक्रयपत्र का निष्पादन व पंजीयन होना शेष है। उक्त भूमि अनुबंधित भूमि है। मेरे पक्षकार को जानकारी लगी है कि भूमिस्वामी बाबूलाल, तेजुबाई, कृष्णासिंह उक्त भूमियों को बाले-बाले विक्रय करने का प्रयास कर रहे है जिसका कोई अधिकार उनको प्राप्त नही है और यह उनका अपराधिक कृत्य रहेगा। इस संबंध में मेरे पक्षकार पुलिस कार्यवाही करने का विचार भी कर रहे है। अतः हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमियों को कोई भी व्यक्ति क्रय, विक्रय अनुबंधित या अन्य प्रकार से हस्तांतरण ग्रहण करने का प्रयास न करे व ना ही किसी प्रकार का कोई लेन-देन भूमि के संबंध में करे अन्यथा होने वाली परेशानियों व परिणामों का उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा व ऐसा हस्तांतरण व्यवहार व लेन-देन विलेख शुन्यवत् होगा व निष्प्रभावी होगा। इस जाहिर सूचना के माध्यम से भूमिस्वामी बाबूलाल, तेजुबाई, कृष्णासिंह को यह भी सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 05-10-2026 के पूर्व मेरे पक्षकारगण से शीघ्र सम्पर्क कर एवं शेष विक्रय मूल्य की राशि प्राप्त कर मेरे पक्षकारगण के हित में विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन यथाशीघ्र करे। सो सूचित हो।

दिनांक 30-09-2026

राजपाल सिंह बैस (एडवोकेट)
बी.एस.सी. एल.एल.एम
कार्यालयः- 25-ए मोहन नगर, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 098277-35354

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी किशोर भटनागर पिता श्री गिरधारीलाल जी, निवासी- जवाहर मार्ग, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 170/2 रकबा 0.648 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 171 रकबा 0.405 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक 172/2 रकबा 0.162 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 1. 215 हेक्टर, ग्राम कस्बा महिदपुर, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन में स्थित है, तथा भूमि स्वामी शिवलाल पिता श्री चेता, निवासी- जमालपुरा तोडी, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 172/1 रकबा 0.615 में से रकबा 0.130 हेक्टर, ग्राम कस्बा महिदपुर, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन में स्थित है, तथा भूमि स्वामीगण 01. माया एकल पति श्री अशोक, निवासी ग्राम प्रतापपथ तोडी महिदपुर, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 170/3 रकबा 0.073 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 172/3/2 रकबा 0.1695 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक 173/1 रकबा 0.0650 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 0.3075 हेक्टर, ग्राम कस्बा महिदपुर, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन एवं देवुबाई पति श्री बाबुलाल, निवासी महिदपुर तोड़ी, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 172/3/1 रकबा 0.3075 हेक्टर, ग्राम कस्बा महिदपुर, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो। दिनांक 30/09/2026, उज्जैन

मोनिका सिंह, एडवोकेट
ऑफिस-सीएफ-10, भरतपुरी, उज्जैन मो. 98263 42244

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने श्री राजेश कृष्णनानी पिता श्री गुरुनोमल जी निवासी 121 सिंधी कॉलोनी उज्जैन का क्रयानुबंधित भूखण्ड क्रमांक 128 जो कि तिरूपति क्रिस्टल ब्लॉक-ए कॉलोनी, ग्राम जीवनखेडी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 91.97 वर्गमीटर या 990.00 वर्गफीट है। जिसकी पैमाईश लम्बाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान 40.00 फीट। चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान 24.75 फीट। जिसकी चर्तु:सीमा-पूर्व की ओर -भूखण्ड क्रमांक 224 पश्चिम की ओर रास्ता कॉलोनी का, उत्तर की ओर-भूखण्ड क्रमांक 127 दक्षिण की ओर भूखण्ड क्रमांक 129 है। उपरोक्त भूखण्ड को क्रय करने का लिखित अनुबंध कर किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है, उक्त भूखण्ड के मूलस्वामी मिताली राय पुत्री श्री नंदकिशोर जी राय से विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना बाकी है। अतः उक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखण्ड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखण्ड का विधिवत् ई विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक-30-09-2026

शुभम नगरिया एडव्होकेट
दुकान नंबर - सी 2/12 महाकाल वाणिज्यक केन्द्र
नानाखेडा उज्जैन मो. 97706-66658

न्यूज-कॉलम

रोजगार मेले में 85 अभ्यर्थियों का हुआ प्राथमिक चयन

मन्दसौर। जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर एवं जिला प्रशासन द्वारा शासकीय आईटीआई भानपुरा में जिला मंदसौर में युवा संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लीड बैंक मैनेजर संजय कुमार मोदी, प्राचार्य शासकीय आईटीआई भानपुरा राकेश कर्मा एवं जिला रोजगार अधिकारी मुकेश मौर्य द्वारा किया गया। आयोजित मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए गए। मेले में कुल 160 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीयन कराया गया, जिनमें से 85 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। मेले में ८ कंपनियों द्वारा सहभागिता की गई। मेले में उपस्थित कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी दक्षता के आधार पर पंजीयन, साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया संपादित की गई।

रतलाम की भूमिका ने जीता कांस्य पदक

रतलाम। 27 से 29 सितम्बर तक 37 वी वेस्ट झोंन एथलेटिक्स प्रतियोगिता गोवा में आयोजित हुई।इस प्रतियोगिता में रतलाम जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की भूमिका डोडियार ने कांस्य पदक जीता। एसोसिएशन के सचिव अमानत खान एवं कोच निर्मला भटेवरा के बताया कि गोवा में आयोजित वेस्ट झोंन प्रतियोगिता में 8 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 800 खिलाड़ियों ने भाग लिया।इसमे रतलाम की भूमिका डोडियार में 100 मीटर बाधा दौड़ में गुजरात, गोआ व राजस्थान की खिलाड़ियों को पराजित करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता।भूमिका यह दौड़ 17.18 सेकंड में पूरी की।।भूमिका की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी रुचि शर्मा,जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश पुरोहित, चैयरमेन डॉ गोपाल मजा दिया,उपाध्यक्ष डॉ एस एस मौर्य,कोषाध्यक्ष राजेन्द्र पुरोहित प्रकाश बरफे,आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

आज मुक्तिधाम में स्थापित होगा नि:शुल्क जनता पुस्तकालय

मंदसौर। स्थानीय मुक्तिधाम के सभाघर में च्निःशुल्क जनता पुस्तकालयज की स्थापना आज 1 अक्टूबर, गुरुवार को प्रातः 11 बजे की जाएगी। समाजसेवी दृष्टानन्द नैनवानी ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले नागरिकों को उनके प्रतीक्षा समय में सदग्रंथों के अध्ययन का अवसर प्रदान करना है। पुस्तकालय के संचालन के लिए एक विशेष चलित अलमारी तैयार करवाई गई है, जिसमें देशभक्ति, धर्म, संस्कृति, इतिहास, स्वास्थ्य और उच्च आचरण से जुड़ी पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी।

गांधी जयंती पर जिले की सभी मदिरा दुकानें एवं बार रहेंगे बंद

नीमच। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा ने मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण), वाणिज्यिक कर विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल की अधिसूचना के अनुपालन में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2026 को नीमच जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। आदेश के अनुसार 2 अक्टूबर को जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, एफ.एल.-6 थोक सैनिक कैंटीन, एफ.एल.-7 फुटकर सैनिक कैंटीन, एफ.एल.-2 रेस्टोरेंट बार एवं एफ.एल.-3 होटल बार बंद रहेंगे। इस अवधि में सभी प्रकार की मदिरा का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा ने संबंधित अधिकारियों को शुष्क दिवस के आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

केनेथ ग्रैंडी का अकादमी में चयन

मंदसौर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मंदसौर के खिलाड़ी केनेथ ग्रैंडी का चयन एमपी स्टेट शूटिंग अकादमी, भोपाल में शॉटगन खेल के लिए हुआ है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत

रतलाम मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर 17 सितंबर से 15 अक्टूबर तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 30 सितंबर को सफाई मित्र सुरक्षा, सेवा एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया। स्वच्छता कार्य से जुड़े कर्मचारियों एवं ठेका कर्मचारियों के स्वास्थ्य की देखभाल तथा उन्हें स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं स्वास्थ्य इकाइयों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, नीमच, चित्तौड़गढ़, दाहोद सहित अन्य रेलवे स्टेशनों पर आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविरों में सफाई कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

इंदौर रेलवे स्टेशन पर लायंस क्लब महानगर, रोटरी क्लब इंदौर एवं सारथी शिक्षा रोशन सेवा समिति एवं सत्यार फाउंडेशन के सहयोग से व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 7 चिकित्सक एवं 10 नर्सिंग स्टाफ सहित कुल 17 स्वास्थ्य कर्मियों ने सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान 115 से अधिक सफाईकर्मियों एवं अन्य रेल कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार संबंधित रोगों की दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में नेत्र रोग, अस्थि रोग एवं सामान्य चिकित्सा के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। आवश्यकता वाले कर्मचारियों को आगे के उपचार के लिए निःशुल्क रेफरल एवं उपचार हेतु पंजीकृत किया गया। शिविर के सफल आयोजन में सहयोगी सामाजिक संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

रतलाम स्थित स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 16 ठेका कर्मचारियों, जिनमें 8 महिला एवं 8 पुरुष कर्मचारी शामिल थे, का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों द्वारा कर्मचारियों को स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई तथा सभी कर्मचारियों को प्रोटेक्टिव गियर उपलब्ध कराए गए।

इसी क्रम में दाहोद हेल्थ यूनिट में ठेकेदार के तीन कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें भी प्रोटेक्टिव गियर उपलब्ध कराए गए।

चित्तौड़गढ़ हेल्थ यूनिट में सफाईकर्मी स्टाफ एवं रेलवे स्टेशन पर कार्यरत ठेका कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान कर्मचारियों को शारीरिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के संबंध में आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई।

रतलाम मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित इन स्वास्थ्य जांच शिविरों का उद्देश्य स्वच्छता कार्य में संलग्न कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सुरक्षित कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक करना है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला फूंका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ता गांधी चौराहा स्थित जिला कार्यालय पर एकत्रित हुए, जहां से हाथों पर काली पट्टी बांधकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने, उनके कार्यकाल के विवादित निर्णयों एवं मतदाता सूची में किए गए बदलावों की समीक्षा करने की मांग की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग के अन्य सदस्यों द्वारा कई निर्णयों पर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं, जिनकी पारदर्शी जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश में एस आई आर के दौरान साढ़े 13 करोड़ लोगों के वोट काट दिए गए। लोकतंत्र में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह होनी चाहिए। पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल ने कहा कि मतदाता के अधिकारों की रक्षा तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए कांग्रेस शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटील, राजेश रघुवंशी, तरुण खींची, इष्टा भाचावत, मनजीतसिंह मनी, अजय लोढ़ा, दीपक सिंह गुर्जर, भोपाल सिंह सोलंकी, उमराव सिंह, मुकेश पोरवाल, दुर्गेश पटेल, राघव शक्तावत, यूनुस मेव, किशोर गोयल, रफत पयामी, राखी सत्रावाला, मंथन धनोतिया सहित कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



प्रेमचंद के साहित्य पर पुस्तक क्लब ने आयोजित की विशेष समीक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नचिकेता सभागार में पुस्तक क्लब द्वारा महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद के साहित्य पर केंद्रित समीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने कहा कि साहित्य समाज को संवेदनशील बनाने और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रेमचंद के साहित्य की कालजयी प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए इस आयोजन की सराहना की। समीक्षा सत्र में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता लोधा ने सेवासदन संस्कृत प्राध्यापक एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज शर्मा ने च्दो सखियाँज तथा हिंदी की अतिथि विद्वान डॉ. ज्योति डोसी ने गबन उपन्यास पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में पुस्तक क्लब की संयोजक डॉ. वीणा सिंह ने आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा समापन सत्र में ध्यान सत्र का संचालन किया। मंच संचालन डॉ. प्रकाशचन्द्र सती ने किया तथा आभार प्रदर्शन दर्शन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. दशरथ आर्य द्वारा व्यक्त किया गया।

मैदान बचाओ समिति का धरना, हाइकोर्ट में याचिका खारिज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर के मध्य स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में भवन निर्माण को रोकने और खेल मैदान को यथावत रखने की आवाज उठाते हुए मैदान बचाओ समिति में 28 दिन तक अपना आंदोलन जारी रखा जिसके साथ ही हजारों लोगों के हस्ताक्षर अभियान के बाद हाई कोर्ट जाने पर वहां उनकी याचिका खारिज कर दी। शहर में चले विरोध के बाद मैदान बचाने की लडाई को हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली।

स्कूल क्रमांक-2 के ऐतिहासिक खेल मैदान पर न पर प्रस्तावित सांदीपनी (सीएम राइज) स्कूल का स्थल बदलने की माग वाली जनहित याचिका हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने खारिज कर दी।

इसके साथ ही इसी परिसर में स्कूल समय से कोर्ट ने कहा- लंबे सा के उपयोग से जमीन पर खेल के अधिकार नहीं होता, चुकी ओके भूमि शिक्षा केंद्र के लिए स्वीकृत है अब इस मैदान में आप स्कूल भवन निर्माण का रास्ता साफ हो गया। और जस्टिस सुबोध अभ्यंकर जस्टिस जयकुमार पिल्लई की युगलपीठ स्कूल ने आठ पन्नों के आदेश में कहा कि 17 एकड़ जमीन वर्ष 1956 से शिक्षा विभाग के नाम दर्ज है। राजस्व रिकॉर्ड में इसे सार्वजनिक खेल मैदान के रूप में आरक्षित नहीं किया गया।

एसपी ने जनरल परेड का निरीक्षण किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



जिला पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास द्वारा लाईन नीमच स्थित परेड ग्राउंड पर जनरल परेड का निरीक्षण, किया गया। जनरल परेड़ में अच्छे टर्न-आउट वाले अधिकारियों कर्मचारियों को किया पुरस्कृत, पुलिस लाईन स्थित स्टोंर, एमटी एवं आरमोरी का भी किया निरीक्षण किया गया। जिला पुलिस लाईन कनावटी नीमच पर दिनांक 29 सितम्बर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने जनरल परेड़ का निरीक्षण किया। परेड़ के पश्चात एस.पी.ने पुलिस लाईन स्थित स्टोंर, एमटी एवं आरमोरी का निरीक्षण किया। जनरल परेड़ में अच्छे टर्न-आउट वाले अधिकारियों /कर्मचारियों को किया पुरस्कृत भी किया गया।

पुलिस विभाग में अनुशासन बनाये रखने के लिये नियमित परेड का महत्वपूर्ण योगदान है। पुलिस फोर्स में परेड को अनुशासन का जड़ माना जाता है परेड होने से पुलिस फोर्स में अनुशासन के साथ ही एक साथ टीम के रूप में कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 29 सितम्बर मंगलवार को जिला पुलिस लाईन कनावटी स्थित परेड़ ग्राउन्ड पर जनरल परेड़ आयोजित की गई। रक्षित निरीक्षक श्री अजय सिंह द्वारा प्रातः 6.30 बजें परेड निरीक्षण हेतु पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड में प्लाटूनो को खड़ा किया गया, तत्पश्चात सुबह 7.10 बजे पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश व्यास के आगमन पश्चात परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्री अजय सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय को परेड की सलामी दी। सलामी उपरांत परेड कमांडर द्वारा परेड निरीक्षण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय को आमंत्रित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्लाटून वार तैयार परेड का निरीक्षण किया जाकर निरीक्षण के दौरान परेड़ में सम्मिलित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्न आउट का निरीक्षण किया गया। जनरल परेड़ निरीक्षण पश्चात प्रातः 7.10 बजे परेड़ का मार्चपास्ट कर 7.40 पर परेड़ का विसर्जन किया गया। जनरल परेड़ पश्चात एसपी द्वारा पुलिस लाईन स्थित स्टोंर, एमटी एवं आरमोरी का निरीक्षण किया।

रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री की बैठक में आपाधापी और प्रोटोकॉल उल्लंघन का आलम रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक विकास के मुद्दों से ज्यादा बदइंतजामी, प्रोटोकॉल के उल्लंघन और अन्न के अनादर को लेकर चर्चा में आ गई है।

प्रदेश के जन जातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर विजय शाह की मौजूदगी एवं रतलाम-झाबुआ सांसद अनीता नागर सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जनसमस्याओं के समाधान से अधिक व्यवस्थाओं की खामियां उजागर हुईं। प्रभारी मंत्री कुँवर विजय शाह ने दोपहर 12 बजे शुरू हुई इस दो घंटे की बैठक से मीडिया को दूर रखा। बैठक खत्म होने के बाद जो तस्वीरें सामने आईं, वे बेहद शर्मनाक और प्रशासनिक संवेदनहीनता को दशार्ती है।

बैठक में मौजूद लगभग 200 जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समक्ष नाश्ता परोसा गया था। बैठक समाप्त होने के बाद टेबल पर छोड़ी गई प्लेटों का दृश्य संवेदनहीनता वाला था। अधिकांश प्लेटों में खाद्य सामग्री झूठी कर वैसे ही छोड़ दी ।समय निकालकर नाश्ता करने की जहमत तक किसी ने नहीं उठाई। अन्न का यह अनादर और सरकारी धन की बर्बादी वहां मौजूद संवेदनशील लोगों को खटकती रही। इसके अलावा, स्वागत के लिए उपयोग किए गए महंगे पुष्पगुच्छ (बुके) भी फोटो खिंचवाने के बाद वहीं कचरे की तरह फेंक दिये बैठक में प्रशासनिक स्तर पर प्रोटोकॉल का उल्लंघन देखने को मिला।

शहर के विकास व जनसमस्याओं को लेकर पूर्व विधायक ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

मन्दसौर। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने जिला कलेक्टर दिव्यांक



सिंह को एक पत्र प्रेषित कर नगर एवं क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं तथा जनहित की समस्याओं के त्वरित निराकरण का आग्रह किया है। पत्र में दलौदा के समीप एलची सोसाइटी के निष्प्रयोज्य कृषक बहुउद्देशीय भवन को किराए पर देकर सब्जी मंडी के रूप में उपयोग में लाने का सुझाव दिया गया है। इसके अलावा विधायक निधि से स्वीकृत 3.80 करोड़ रु.की लागत वाले ट्रॉमा सेंटर का निर्माण जिला चिकित्सालय परिसर में रिक्त पड़ी भूमि पर शीघ्र शुरू कराने की मांग की गई है। ग्राम आक्या में लंबे समय से अनुपयोगी पड़े 500 मीट्रिक टन क्षमता के खाद गोदाम के मामले का निपटारा होने के बाद उसके त्वरित निस्तारण का विषय भी उठाया है। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार की दुकानों को बंद पड़े आबकारी गोदाम परिसर में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया गया है। साथ ही सरदार पटेल चौराहे से लेकर नयापुरा रोड तक बढ़ते अस्थाई अतिक्रमण, बेतरतीब खड़े वाहनों और लाउडस्पीकर के शोर पर नियंत्रण की आवश्यकता बताई गई है।

---

97 किलो अफीम की तस्करी करने के आरोपी को 15 वर्ष का सश्रम कारावास

नीमच। विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा ट्रक में कई स्थानों पर छुपाकर 128 पैकेटो में कुल 97 किलो 120 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने वाले आरोपी बगताराम पिता रायमल राम जाट निवासी-ग्राम धीमढ़ी, थाना व तहसील गुढ़ा मालानी, जिला बाड़मेर (राजस्थान) को 15 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2 लाख रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। विचारण के दौरान सी.बी.एन. के विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर वाणिज्यीक मात्रा से अधिक अवैध मादक पदार्थ अफीम की अंतर्राज्यीय तस्करी किये जाने के अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया।

पश्चिमी रेलवे द्वारा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के डॉ. अम्बेडकर नगर ⇌ दानापुर के बीच फेरों का विस्तार

गाड़ी सं.	से	तक	चलने का दिन	विस्तारित अवधि
09343	डॉ. अम्बेडकर नगर	दानापुर	गुरुवार	22.10.2026 से 26.11.2026
09344	दानापुर	डॉ. अम्बेडकर नगर	शुक्रवार	23.10.2026 से 27.11.2026

ठहराव, हॉल्ट समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ।

गाड़ी सं. 09343 के विस्तारित फेरों के लिए बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर 03.10.2026 से खुलेगी। उपरोक्त गाड़ी विशेष किराए पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें यहाँ लाइक और फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल आईडी प्रमाण साथ रखें

न्यूज कालम



आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में आंगन वाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

पिपलिया मंडी। नगरीय क्षेत्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष भारत सिंह सोनगरा, पार्षद श्रीमती संतोष गोर्धननाथ योगी, सभापति संगीता संजय धनोतिया, भाजपा जिला महिला संयोजक दीपिका सोलंकी एवं सेवा पखवाड़ा प्रभारी संगीता राठौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयुष विभाग की प्रतिभा भाबर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, एएनएम एवं ऊषा कार्यकताओं का सम्मान कर उनके सेवा योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पोषण आहार एवं मोटे अनाज के उपयोग सहित शासन की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अतिथियों ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा पोषण माह के तहत लगाई गई पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन सेक्टर पर्यवेक्षक भागवंती पाटीदार ने किया। समापन अवसर पर उपस्थित हितग्राहियों को फल एवं स्वल्पाहार वितरित किया गया।

अंगार की चतुर्थी पर प्राचीन गणपति मंदिर में गूंजा अथर्वशीर्ष

मंदसौर। अंगारकी चतुर्थी के पावन अवसर पर महाराष्ट्र समाज



उन्नयन समिति द्वारा गांधी चौराहा स्थित प्राचीन गणपति मंदिर में सामूहिक गणपति अथर्वशीर्ष पाठ का आयोजन किया गया। भक्तिमय माहौल में बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष दिनेश कोरान्ने, उपाध्यक्ष अनिल झांसीवाले, सचिव सुधीर चांदेकर, कोषाध्यक्ष धीरज पाठक एवं कार्यकारिणी सदस्यों सहित समाज के वरिष्ठ नागरिक और महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश से समाज की सुख-समृद्धि एवं मंगल जीवन की प्रार्थना की। आरती के पश्चात सभी उपस्थित जन को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

कुं. रणजीत सिंह कथा के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

पिपलिया मंडी। मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गाँव बांसखेड़ी



में चल रही सात दिवसीय देवनारायण कथा के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में 30 सितंबर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी उपस्थित हुए, जहां व्यास पीठ पर कुंवर शक्तावत का ग्रामवासियों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्पश्चात कुँवर शक्तावत ने कथावाचक पंडित विजय सिंह चौहान को पुष्पमाला पहनाकर उनके चरणों को छूकर आशीर्वाद लिया। कथा स्थल पर उपस्थित समस्त माताओं,बहनों,बुजुर्गों एवं धर्मावलंबियों को संबोधित करते हुए कुंवर शक्तावत ने कहा कि जहां जहां इस प्रकार की धार्मिक भावनाओं का प्रवाह होता है उस गाँव में निश्चित ही सुख,शांति और समृद्धि का वातावरण निर्मित होता है और गाँव की माताओं बहनों से अपील करते हुए आपने कहा कि जब भी आपके बच्चे स्कूल पढ़ने जाते हैं तो निश्चित ही वे। उनके दादा,दादी एवं माता पिता के पैर छूकर स्कूल जाएं। इस प्रकार के संस्कार देना चाहिए और यदि बच्चे आशीर्वाद लेकर जाते हैं तो निश्चित ही वे हर कक्षा को उत्तीर्ण करेंगे।और हर माँ और पिता के सपनों को साकार करेंगे।

हार्मनी ग्रुप नीमच की संगीत निशा तीन अक्टूबर को आयोजित होगी

नीमच। शहर व क्षेत्र में संगीत के लिए समर्पित गैर व्यावसायिक साधको की संस्था हार्मनी ग्रुप नीमच है जो विगत 36 वर्षों से संगीत, आर्केस्ट्रा के साथ सदाबहार गीतों के गायन का वार्षिक आयोजन करती आ रही है द्य पुराने अनुभवी और नवोदित कलाकारो के साथ लगभग एक माह के अथक परिश्रम और रियाज के बाद सदाबहार गीतों की संख्या लेकर आती है। इस कार्यक्रम मे शहर क्षेत्र सहित अजमेर,कोटा, चित्तौड़ आदि के कलाकार भी प्रस्तुतियां देंगे द्य गीत सगींत का अद्भुत आनंद देने वाले हार्मनी के कार्यक्रम का आयोजन इस बार 3 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे राठौर परिसर में संगीत निशा का आयोजन किया जाएगा। संस्था के कार्यक्रम संयोजक जम्बुकुमार जैन, प्रशान्त मित्तल एवं रवि शर्मा के अनुसार हार्मनी कार्यक्रम की श्रृंखला में संगीत के नवोदित एवं उभरते कलाकारों द्वारा अपनी संगीत कला का प्रदर्शन किया जाएगा।

सिंधिया फैंस क्लब ने श्रद्धापूर्वक मनाई स्व. माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि

मन्दसौर। सिंधिया फैंस क्लब द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि पर स्थानीय जिला पंचायत परिसर में स्थित स्व. सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जनसेवा के कार्यों का स्मरण किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि स्व. माधवराव सिंधिया का व्यक्तित्व दलगत राजनीति से परे था और उन्होंने अपने कार्यकाल में नैतिकता की अनूठी मिसाल पेश की। भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित ने कहा कि स्व. महाराज के दिखाए मार्ग पर चलकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जनसेवा के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने कहा कि सिंधिया परिवार हमेशा अंचल के नागरिकों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहा है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गौतम एवं मुकेश काला ने भी संबोधित करते हुए कहा कि स्व. महाराज का मालवा क्षेत्र से गहरा लगाव था और उनके द्वारा दी गई रेल सुविधाओं की सौगातें आज भी याद की जाती हैं।



नगर की बहू कौन बनेगा करोड़ पति के वीडियो रिकॉर्डिंग शो में

महिदपुर रोड। नगर के भटनागर परिवार की बहू पिंकी भटनागर सोनी टीवी चैनल पर चल रहे कौन बनेगा करोड़पति शो के स्टूडियो में बने शो में शामिल होकर वापस महिदपुर रोड आई । पिंकी का हॉट सीट पर सवाल जवाब करने वाला एपिसोड के शो का प्रसारण 6, 7, 8 अक्टूबर को होगा जिसमें वह हॉट सीट पर बैठी शो के एंकर अमिताभ बच्चन के सवालों का जवाब देती दिखाई देगी। पिंकी भटनागर के पति विश्रांत भटनागर ग्राम पंचायत कोयल में पदस्थ रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ हैं। वही पिंकी भटनागर ग्राम रोहल खुर्द के शासकीय विद्यालय में शिक्षिका के पद पदस्थ है पिंकी अपने पति के साथ 22 सितंबर को शो की पूर्व रिकॉर्डिंग के लिये मुंबई के लिये गई थी।

मजदूर नेता कामरेड नटवर सिंह का निधन

नागदा। उज्जैन जिले के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एवं मजदूर हितों के लिए संघर्षरत कामरेड नटवर



सिंह का 72 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से कम्युनिस्ट जगत, एटक और ग्रेसिम मजदूर यूनियन से जुड़े कार्यकर्ताओं में शोक व्याप्त है। कामरेड नटवर सिंह ने नागदा के मजदूर आंदोलनों में वरिष्ठ नेता कामरेड कृष्णा स्वामी के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रेसिम मिल मजदूरों और मण्डेलिया केमिकल कर्मचारियों के वेतनमान की लड़ाई से लेकर किरण टॉकीज कर्मचारियों के हक के लिए उन्होंने संघर्ष किया।

उदनखेड़ी स्वास्थ्य केंद्र में नए डॉक्टर की पदस्थापना

सारंगपुर। उदनखेड़ी कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से चली आ रही डॉक्टर की कमी आखिरकार दूर हो गई है। नए चिकित्सक की पदस्थापना से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का इंतजार कर रहे उदनखेड़ी और आसपास के गांवों के लोगों को अब अपने क्षेत्र में ही समय पर उचित इलाज मिलना शुरू हो गया है। इससे पहले अस्पताल में डॉक्टर न होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सामान्य से लेकर गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को सारंगपुर, पचोर, शाजापुर और ब्यावरा जैसे दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता था।

स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन

सारंगपुर। मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नियमित स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण के महत्व से अवगत कराना रहा। शिविर में पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के निर्देशक डॉ. ऋषभ यादव एवं डॉ. सीमा यादव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

मुक्तिधाम विकास समिति की बैठक में आगामी योजनाओं पर बनी सहमति

सारंगपुर। मुक्तिधाम विकास समिति सारंगपुर की महत्वपूर्ण बैठक समिति अध्यक्ष अनिल बरकिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति की वर्तमान आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिस पर सदस्यों द्वारा चर्चा एवं आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही मुक्तिधाम के आगामी विकास, व्यवस्थाओं एवं विभिन्ना योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुक्तिधाम के बेहतर रखरखाव, स्वच्छता, आवश्यक सुविधाओं के विस्तार तथा आगामी विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न प्रस्ताव रखे गए। सदस्यों द्वारा प्रस्तावों पर अपने सुझाव दिए गए तथा चर्चा के पश्चात आय-व्यय एवं आगामी विकास योजनाओं से संबंधित सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

13,843 में से 10,515 मतदाताओं ने डाला वोट

75.96 प्रतिशत मतदान के साथ ईवीएम में बंद हुआ नगर सरकार का फैसला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए मंगलवार को हुए मतदान में मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक चले मतदान में 13,843 मतदाताओं में से 10,515 मतदाताओं ने वोट डाले। इस तरह कुल 75.96 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें 5,500 पुरुष और 5,015 महिलाएं शामिल हैं, जबकि 3,328 मतदाता मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचे। मतदान समाप्त होते ही दोनों प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। अब 3 अक्टूबर को होने वाली मतगणना में नगर सरकार का फैसला सामने आएगा।

मतदान के दौरान शहर के अधिकांश मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। कहीं कतारें लगीं तो कहीं मतदाताओं को अपनी बारी के लिए इंतजार करना पड़ा। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता भी उत्साह के साथ मतदान करने पहुंचे। सुबह 9 बजे तक 13.86 प्रतिशत, 11 बजे 32.34 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे 47.88 प्रतिशत, दोपहर 3 बजे 65 प्रतिशत और शाम 5 बजे मतदान समाप्त होने तक 75.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

मतदान प्रतिशत में पुरुषों की भागीदारी महिलाओं से अधिक रही। पुरुषों का मतदान प्रतिशत 79.55 रहा, जबकि महिलाओं का मतदान प्रतिशत 72.39 दर्ज किया गया। दोनों के बीच 7.16 प्रतिशत अंक का अंतर रहा। वहीं वर्ष 2022 के नगर निकाय चुनाव की तुलना में इस बार मतदान करीब 8 प्रतिशत कम रहा। वर्ष 2014 में



87.37 प्रतिशत मतदान हुआ था।

मौके पर पहुंचे कांग्रेस विधायक भैरोसिंह परिहार ने ईवीएम बदले जाने को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि मशीन बदले जाने की जानकारी नहीं दी गई। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी अनिल मालवीय ने विधायक की तहसीलदार भंवर सिंह चौहान से फोन पर बातचीत कराई। बातचीत के दौरान विधायक ने बिना सूचना मशीन बदलने को लेकर सवाल उठाए और अधिकारियों से तीखे अंदाज में जवाब मांगा। मामले में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में अधिकारियों ने प्रक्रिया स्पष्ट की, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई।

10 घंटे तक चले मतदान के बाद अब दोनों प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में सुरक्षित है। 13,843 मतदाताओं में से 10,515 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। अब सभी की नजर 3 अक्टूबर को होने वाली मतगणना पर है। मतगणना के बाद ही स्पष्ट होगा कि सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी किस प्रत्याशी को मिलती है और नगर की नई राजनीतिक तस्वीर क्या होगी।

मतदान केंद्रों के बाहर दिनभर रही गहमागहमी

मतदान के दौरान मतदान केंद्रों के बाहर भी दिनभर गहमागहमी का माहौल रहा। प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने बस्तों पर मतदाताओं की पर्चियां बनाते नजर आए। पुलिसकर्मी मतदाताओं की आवाजाही और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखते रहे। अंतिम समय तक दोनों प्रत्याशियों के समर्थक एक-एक वोट के लिए प्रयास करते दिखाई दिए। समर्थक अपने वाहनों से मतदाताओं को घरों से मतदान केंद्र तक लेकर पहुंचे। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक अधिकांश केंद्रों पर कतारें देखने को मिलीं।



राष्ट्रीय पोषण माह के तहत बच्चों को मिल रहा पौष्टिक आहार

सुसनेर। सेवा ही संकल्प के तहत राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया में विद्यार्थियों को पीएम पोषण योजना के तहत साप्ताहिक मीनू के अनुसार पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। विद्यालय के स्वास्थ्य समूह के माध्यम से बच्चों को नियमित रूप से शासन की योजना का लाभ दिया जा रहा है। भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय एवं राज्य मुख्यालय के निर्देशन तथा जिला कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीणा एवं जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी निलेश पांडे के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित प्रोजेक्ट ह्यूथ फॉर चेंजह्न के तहत यह गतिविधि आयोजित की जा रही है। प्रोजेक्ट यूथ फॉर चेंज लीडर भेरूलाल ओसारा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करने के साथ ही पीएम पोषण योजना के माध्यम से उन्हें नियमित पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

शाजापुर से मक्सी आई सेवा संकल्प अभियान जन जन सेवा बाइक यात्रा का स्वागत



मक्सी। सेवा संकल्प अभियान जन जन सेवा बाइक यात्रा दिनांक 29 सितंबर को शाजापुर से यात्रा बाइक यात्रा झंडा चौक मक्सी में दोपहर 4:00 बजे आई इस बाइक यात्रा में करीबन सेवा संकल्प 50 बाइक यात्री शामिल थे साथ में विभिन्न नदियों से भरा हुआ जल कलश भी था यह यात्रा पूरे देश भर में चल रही है। सभी यात्रियों का भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर रवि पांडे मक्सी मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल महामंत्री सुनील नानू पंड्या महामंत्री नगर परिषद उपाध्यक्ष मोड़ सिंह सिंह लोधी राजेश गुप्ता मक्सी मंडल मीडिया प्रभारी नरेंद्र भावसार दिलीप लोधी पार्षद ओम चौधरी पार्षद हंसराज जैन पार्षद प्रतिनिधि अविनाश परमार दरियाव मंडलोई अमित सोनी मनोज पटेल राधेश्याम जाट अर्पित भावसार आदि भाजपा कार्यकर्ता पंच एजसरपंच पर्षद अध्यक्ष द्वारा भव्य स्वागत किया गया स्वागत के पश्चात सभी यात्री सभी पदाधिकारी द्वारा वर्कशॉप हनुमान मंदिर में वृक्षारोपण भी किया गया बच्चा रोपण के पश्चात सभी यात्री उज्जैन की तरफ रवाना हुए।

स्ट्रीट लाइट, ट्रेंचिंग ग्राउंड, गौ-सुरक्षा और जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार की मांग

■ पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर ने सौंपा ज्ञापन

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़

राजगढ़ नगर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर एवं शहर कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ नगर पालिका परिषद राजगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से नगर में लंबे समय से चली आ रही स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा प्रबंधन एवं गौ-सुरक्षा तथा जल प्रदाय व्यवस्था से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि नगर की बंद पड़ी स्ट्रीट



लाइटों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। विशेष रूप से खरला नाला, वार्ड क्रमांक 8, संकट मोचन कॉलोनी एवं बरदवारी सहित अन्य क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि रात्रि के समय नागरिकों को असुविधा एवं सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। वहीं ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे के पृथक्करण सेग्रेगटेड वेस्ट, उचित निस्तारण एवं बाउंड्रीवॉल की व्यवस्था करने की मांग की गई। खुले में पड़े हानिकारक कचरे के कारण गौवंश को होने वाले नुकसान को देखते हुए गौ-सुरक्षा के लिए भी ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 05, 14 एवं 15 में जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार की मांग की गई।

विहार सेवक परिवार का प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय सम्मेलन में लेगा भाग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद

विहार सेवक परिवार, खाचरोद का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आगामी विहार राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए 1 अक्टूबर को अवंतिका एक्सप्रेस ट्रेन से मुंबई के लिए रवाना होगा। विहार सेवक परिवार के कैप्टन नमीत वनवट ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल 2 अक्टूबर की प्रातः बोरीवली पहुंचेगा। यहां सेवा-पूजा एवं नवकारसी के पश्चात बोरीवली वेस्ट स्थित क्रीड़ा मैदान में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में सभी सदस्य सम्मिलित होंगे। जिसके अंतर्गत आचार्य महाबोधि, अक्षय बोधि , रत्नसुंदर सूरी आदि आचार्य एवं संघ संचालक मोहन भागवत के मुख्य आतिथ्य मे सम्मेलन संपन होगा

101 विहार करवा कर बनाई विशेष पहचान

विहार सेवक परिवार के राज भटेवरा ने बताया कि खाचरोद विहार सेवक परिवार द्वारा अब तक 101 विहार करवाए जा चुके हैं। परिवार के सदस्य प्रातः करीब 4 बजे उठकर नित्य क्रिया से निवृत्त होकर साधु-साध्वी भगवंतों के विहार स्थल पर पहुंचते हैं तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से विहार सेवा करते हैं।

सम्मेलन के उपरांत रात्रि विश्राम किया जाएगा। अगले दिन 3 अक्टूबर की प्रातः प्रतिनिधिमंडल भायंदर के लिए रवाना होगा। वहां सेवा-पूजा एवं नवकारसी के पश्चात परम पूज्य निपुणरत्न विजय जी म.सा. के दर्शन, वंदन एवं प्रवचन का लाभ प्राप्त करेगा।

वैदिक गणित की तीन दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखी त्वरित गणना की विधियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, आकली-सुसनेर में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत वैदिक गणित की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कोटा राजस्थान से आए वैदिक गणित विशेषज्ञ एवं प्रचारक रघुवीर सिंह सोलंकी ने विद्यार्थियों को वैदिक गणित के सूत्रों के साथ मानसिक एवं त्वरित गणना की सरल विधियों का प्रशिक्षण दिया।

कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने रघुवीर सिंह सोलंकी का स्वागत किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में वैदिक गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को गणितीय गणनाओं को कम समय में हल करने की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया। मानसिक गणना, गणितीय सूत्रों के प्रयोग और पारंपरिक भारतीय गणितीय तकनीकों के माध्यम से विद्यार्थियों ने जटिल गणनाओं को सरल तरीके से करने का अभ्यास किया। विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि, तार्किक क्षमता, आत्मविश्वास एवं मानसिक गणना कौशल विकसित करना रहा। समापन अवसर पर विद्यालय परिवार ने विशेषज्ञ रघुवीर सिंह सोलंकी के प्रति आभार व्यक्त किया।

20 वर्षों से कर रहे वैदिक गणित का प्रचार-प्रसार

वैदिक गणित विशेषज्ञ रघुवीर सिंह सोलंकी पिछले 20 वर्षों से इसके प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने राजस्थान एवं मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक संस्थानों में कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया है।

बद्रीनाथ धाम में तीर्थ 108 कथा श्रृंखला की 100वीं कथा व यात्रा संपन्न

■ 50 से अधिक परिवारों ने लिया भाग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

108 कथाओं की यात्रा की 100वीं कथा श्री बद्रीनाथ धाम में सानंद संपन्न हुई। तीर्थ कथाओं की श्रृंखला में बद्रीनाथ धाम में यह प्रथम कथा थी। कथा के मनोरथी भंवरलाल दवे बाबूजी, चंद्रशेखर दवे गुरुजी, हेमंत दवे, प्रशांत दवे एवं समस्त दवे परिवार, पिपलोदा सागौती माता, नागदा रहे।

अलकनंदा नदी के पावन जल से कलश भरकर भगवान श्री बद्रीविशाल को प्रणाम करने के बाद ढोल-धमाकों के साथ शोभायात्रा निकाली गई,



जो हिमालयन सिद्धी योग आश्रम स्थित कथा स्थल पहुंची। यहां प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक कथा हुई। कथा के विभिन्न प्रसंगों पर घनश्याम दवे द्वारा बाबू जी के निर्देशन में आकर्षक झांकियां तैयार की गईं। सप्ताह मूल पाठ के यजमान उज्जैन निवासी सुभाषजी जोशी रहे।

कथा में 50 से अधिक परिवारों ने सहभागिता कर पूजन एवं कथा श्रवण का लाभ लिया। विशेष व्यवस्थाएं राधेश्याम तंवर ने संभालीं। पितृ पक्ष के प्रारंभ एवं कथा समापन अवसर पर सभी यात्रियों ने ब्रह्मकपाल तीर्थ में तर्पण एवं पितृ पूजन किया। कथा समापन पर हेमंत दवे एवं देवेंद्र दवे ने आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर को हाईकोर्ट के आदेश लागू करने का सौंपा ज्ञापन

सारंगपुर। लंबे समय से वेतन विसंगति और प्रशासनिक उपेक्षा झेल रहे पशुपालन एवं डेयरी विभाग के वेटरनरी अधिकारियों ने अपने हक की लडाई तेज कर दी है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद न्याय न मिलने से आक्रोशित पशु चिकित्सकों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। चिकित्सकों ने ज्ञापन के माध्यम से हाईकोर्ट के फैसलों का अविलंब और प्रभावी क्रियान्वयन कराने की मांग की है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा को सौंपे ज्ञापन में पशु चिकित्सकों ने उच्च न्यायालय के निर्णय को रेखांकित करते हुए कहा कि न्यायालय ने वेटरनरी अधिकारियों को मेडिकल और डेंटल अधिकारियों के समकक्ष माना है।

लोग सोयाबीन की फसल कटाई में व्यस्त, नगर में छाया रहा सन्नाटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया

क्षेत्र में सोयाबीन की फसल पककर तैयार होने के साथ ही खेतों में कटाई का दौर शुरू हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान सुबह से ही खेतों में पहुंचकर सोयाबीन की कटाई में जुटे हुए हैं। तो इधर गांव व नगर में छा रहा सन्नाटा, कटाई के बाद फसल को एक स्थान पर एकत्र करने का काम भी तेजी से चल रहा है। कई खेतों में किसान कटी हुई सोयाबीन को सिर पर उठाकर खेत में एकत्र करते नजर आ रहे हैं। तो वही कई किसान खेतों में टैक्टर ट्रालियों से खलियान व घरों तक फसल ले जा रहे हे।



सोयाबीन क्षेत्र की प्रमुख खरीफ फसलों में शामिल है। फसल पकने के बाद अब किसानों का पूरा ध्यान समय पर कटाई पूरी करने पर है। किसान परिवार के सदस्य भी खेतों में काम में हाथ बंटा रहे हैं। कटी हुई फसल को एकत्र करने के बाद थ्रेसर की मदद से सोयाबीन के दाने अलग किए गए और घर तक आ गए हैं।

अच्छे भाव की उम्मीद

कटाई शुरू होने के साथ ही किसानों की नजर अब सोयाबीन के बाजार भाव पर है। किसानों को उम्मीद है कि मंडी में उपज का अच्छा भाव मिलेगा। खेती में बीज, खाद, दवाइयों, मजदूरी और अन्य खर्च बढ़ने के कारण किसानों के लिए उपज का उचित मूल्य मिलना महत्वपूर्ण है। ऐसे में किसान फसल तैयार होने के बाद बेहतर भाव मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

इन दिनों क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों पर सोयाबीन की कटाई के साथ किसानों की दिनभर की मेहनत दिखाई दे रही है। कोई किसान फसल काट रहा है तो कोई कटी हुई सोयाबीन को एक जगह एकत्र करने में जुटा है। सिर पर उपज उठाकर उसे जमा करते किसानों की तस्वीर खरीफ सीजन में उनकी मेहनत को बयां कर रही है।

आगर और उज्जैन मंडी ले जाएंगे उपज

खेतों में कटी सोयाबीन को एकत्र करने के बाद किसान थ्रेसिंग की तैयारी कर रहे हैं। थ्रेसर से दाना अलग होने के बाद उपज को साफ कर मंडी में बिक्री के लिए ले जाया जाएगा। किसान चाहते हैं कि फसल की कटाई और थ्रेसिंग का काम समय पर पूरा हो, ताकि मौसम में बदलाव से पहले उपज सुरक्षित की जा सके।

वार्ड क्रमाक 25 के उपचुनाव में 70 प्रतिशत हुआ मतदान

तराना। जनपद पंचायत वार्ड क्रमांक 25 में जनता सदस्य के लिए उपचुनाव मंगलवार को संपन्न हुए चुनाव अधिकारी तहसीलदार लखन सोनानिया ने बताया कि सभी 12 मतदान केंद्रों पर चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गए हैं। इस वार्ड में 5 ग्राम पंचायत लगती है। कुल 6003 मतदाताओं में से 4202 मतदाताओं ने मतदान किया है। उप चुनाव में 70 प्रतिशत मतदान हुआ है।जनपद सदस्य के लिए प्रत्याशी राजेंद्र सिंह फौजी एवं शेर सिंह यादव को प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे।इस चुनाव के परिणाम 3 अक्टूबर को आएंगे। जुलाई 2022 में हुए चुनाव परिणाम में मोनू सिंह यहां से विजई हुए थे उनके निधन के बाद यह सीट खाली हो गई थी जनपद पंचायत में 25 वार्ड है जिसमें कुल 25 सदस्य हैं यह चुनाव गेर दलीय आधार पर हुए थे।



ग्रेसिम मजदूर यूनियन एटक ने मनाई भगत सिंह की 119वीं जयंती




नागदा। ग्रेसिम मजदूर यूनियन एटक के उप कार्यालय डी-12 पर 28 सितंबर को अमर शहीद भगत सिंह की 119वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड दिलीप पांचाल ने की तथा संचालन कामरेड महेश सोनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य एवं विशेष अतिथि कामरेड जयंत बोराल उपस्थित रहे। इस अवसर पर कामरेड जयंत बोराल, कामरेड सोमदेव पाल, कामरेड हृदयचंदजी एवं कामरेड अश्फाक खान ने शहीद भगत सिंह के जीवन, क्रांतिकारी विचारों और वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने भगत सिंह के विचारों से प्रेरणा लेते हुए मजदूर-किसान अधिकारों के संघर्ष को मजबूत करने की बात कही। कार्यक्रम में कामरेड महेश सोनी ने शहीद भगत सिंह की शहादत एवं देशप्रेम पर आधारित क्रांतिकारी कविताओं की प्रस्तुति दी। कविताओं ने उपस्थित मजदूर साथियों में देशभक्ति का भाव जगाया। अध्यक्षीय संबोधन के बाद शहीद भगत सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में यूनियन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मजदूर साथी उपस्थित रहे।

पितृपक्ष

गया के अलावा हरिद्वार और उज्जैन में भी कर सकते हैं पिंडदान



पितृपक्ष में पितरों की शांति और मोक्ष के लिए श्राद्ध व पिंडदान किया जाता है। इसके लिए केवल गया जाना ही जरूरी नहीं है, बल्कि देश के अन्य पवित्र तीर्थों पर भी यह अनुष्ठान किया जा सकता है।



पितृपक्ष में पितरों की शांति और मोक्ष के लिए श्राद्ध व पिंडदान किया जाता है। इसके लिए केवल गया जाना ही जरूरी नहीं है, बल्कि देश के अन्य पवित्र तीर्थों पर भी यह अनुष्ठान किया जा सकता है। भक्त कुरुक्षेत्र, काशी, हरिद्वार और उज्जैन जाकर भी अपने पूर्वजों के निमित्त पिंडदान और तर्पण कर सकते हैं। पिंडदान के लिए आपको गया जाने की कोई जरुरत नहीं है। अब आप भारत में गया के अलावा भी कई फेमस जगहें , जहां आप श्राद्ध और पिंडदान कर सकते हैं। आइए आपको इन जगहों के बारे में बताते हैं।

कुरुक्षेत्र, हरियाणा

जैसा कि कुरुक्षेत्र को हमेशा महाभारत से जोड़कर देखा गया है, जबकि यहां ब्रह्म सरोवर, सन्निहित सरोवर और 48 कोस कुरुक्षेत्र में पिंडदान कराए जाने का भी बेहद ही खास महत्व माना जाता है।

कैसे पहुंचें?- यहां पर पहुंचने के लिए सबसे पहले आप कुरुक्षेत्र जंक्शन जाएं। इसके बाद ब्रह्म सरोवर, सन्निहित सरोवर और 48 कोस कुरुक्षेत्र का रास्ता महज, 3-4 किलोमीटर का ही रह जाता है, जिसके लिए बस, ऑटो-रिक्शा या गाड़ी लेना सबसे बेहतरीन ऑप्शन है।

काशी, उत्तर प्रदेश

हिंदू धर्म काशी यानी वारणसी को मोक्ष का द्वार कहा जाता है। इसी कारण से यह भोलेनाथ की इस नगरी में पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान कराया जाता है। यहां पर पिशाच मोचन कुंड स्थल इसके लिए खास है, जहां पिंडदान के साथ ही त्रिपिंडी श्राद्ध और पूर्वजों से संबंधित अन्य अनुष्ठान किए जाते हैं।

कैसे पहुंचें- आप वाराणसी एयरपोर्ट या वाराणसी रेलवे स्टेशन तक पहुंचकर, वहां से अपनी सुविधा के अनुसार टैक्सी या ऑटो ले सकते हैं। वैसे यहां पर पिशाच मोचन कुंड की दूरी करीब 5 किलोमीटरर है।



हरिद्वार, उत्तराखंड



उत्तराखंड में हरिद्वार एक ऐसा स्थान है, जहां पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए अनुष्ठान किए जाते हैं। आपको बता दें कि, हरिद्वार में गंगा के किनारे जो नारायणी शिला मंदिर है, वहां आप पिंडदान कर सकते हैं।

कैसे पहुंचें?- अगर आप हरिद्वार में पिंडदान करने का सोच रहे हैं, तो इसके लिए आपको हरिद्वार रेलवे स्टेशन सबसे नजदीक पड़ता है। रेलवे से यह मार्ग देश के कई बड़े शहरों के सड़क मार्ग से भी जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, फ्लाइट से आने के लिए आपको देहरादून जा सकते हैं।

उज्जैन, मध्य प्रदेश



महाकाल की नगरी उज्जैन पितृकर्म के लिए बेहद खास मानी जाती है। यहां पर सिद्धवट, गयाकोठा मंदिर, राम घाट और नृसिंह घाट पितरों की शांति के लिए पूजा व पिंडदान किए जाते हैं।

कैसे पहुंचें?- अगर आप ट्रेन जाना चाहते हैं, तो सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन उज्जैन है। वहीं, आप फ्लाइट से जाना चाहते है, तो इंदौर का देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट तक आना होगा। यह उज्जैन से करीब 53 किलोमीटर की दूरी पर है। वहीं, सड़क मार्ग से भी उज्जैन जा सकते हैं।

सालों के इंतजार के बाद ऐसे बना शेर मां दुर्गा का दिव्य वाहन



हिंदू धर्म में मां दुर्गा को असीम दिव्य शक्ति और ऊर्जा की सर्वोच्च देवी के रूप में पूजा जाता है। देवी दुर्गा को आदि शक्ति, जगत जननी और ब्रह्मांड की माता माना जाता है। जोकि ज्ञान और बुराई को खत्म करके धर्म की रक्षा करती हैं। भारत में देवी दुर्गा को समर्पित कई मंदिर हैं, जहां पर मां दुर्गा की पूजा होती है। वहीं मां दुर्गा का दिव्य वाहन शेर है, जिस पर मां दुर्गा सवार होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शक्तिशाली शेर मां दुर्गा का वाहन कैसे बना। आज हम इस आर्टिकल के जरिए इस पौराणिक कथा के बारे में बताने जा रहे हैं।

भूखा शेर बना मां दुर्गा का वाहन

महर्षि व्यास द्वारा रचित 'श्रीमद् देवीभागवत पुराण' मां दुर्गा की उत्पत्ति और उनके कर्तव्यों को समर्पित है। शेर की मां दुर्गा के वाहन बनने की कहानी तब शुरू होती है, जब देवी पार्वती भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए घोर तपस्या कर रही थीं। कई सालों की तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव देवी पार्वती को पत्नी रूप में स्वीकार कर लेते हैं। इसी बीच तपस्या के प्रभाव से देवी पार्वती का रंग काला पड़ गया था। एक दिन भगवान शिव देवी पार्वती को काली कह देते हैं, यह बात देवी पार्वती को अच्छी नहीं लगती है और वह नाराज होकर फिर से तपस्या करने चली जाती हैं।

Sport

तीरंदाजी में 3, शूटिंग में 1 गोल्ड, मेडल टैली में सातवें नंबर पर पहुंचा भारत

भारत को 10वां गोल्ड, ईरान को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने एशियन गेम्स के 11वें दिन 4 गोल्ड जीते। इनमें 3 गोल्ड तीरंदाजी और 1 शूटिंग में आया। इसके साथ भारत के 10 गोल्ड समेत 60 मेडल हो गए हैं। वह ईरान को पीछे छोड़कर मेडल टैली में 7वें नंबर पर पहुंच गया है।

बुधवार को पहला गोल्ड विमेंस कंपाउंड आर्चरी टीम ने जीता। इसके बाद चिकिता तनिपार्थी और साहिल जाधव की जोड़ी ने मिक्स्ड कंपाउंड आर्चरी में गोल्ड जीता। नीरू ढांडा और किनान चेनाई की जोड़ी को शूटिंग में गोल्ड मिला। दिन का चौथा गोल्ड कंपाउंड आर्चरी के पुरुष टीम इवेंट में साहिल, गणेश और कुशल ने जीता। भारत ने कंपाउंड आर्चरी के तीनों इवेंट में गोल्ड जीते। विमेंस टीम ने चीन को 238-234 से हराकर अपने खिताब का बचाव किया। मिक्स्ड टीम फाइनल में चिकिता और साहिल का मुकाबला साउथ कोरिया की पार्क जंगयून और चोई योंगही से था। भारत ने शूट-ऑफ में गोल्ड अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक के कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट के लिए कोटा भी हासिल किया।



पुरुष टीम फाइनल में साहिल, गणेश और कुशल की टीम ने चीन को 238-237 से हराया। भारत शुरूआती एंड में 58-60 से पीछे था, लेकिन इसके बाद भारतीय तीरंदाजों ने लगातार शानदार निशाने लगाए। फाइनल के बाद के 180 में भारत ने 180 अंक हासिल किए। साहिल ने अपने सभी 8 शॉट में 10 अंक बनाए, जबकि गणेश और कुशल ने भी दबाव के बीच लगातार 10 लगाए।

ट्रैप मिक्स्ड टीम फाइनल में नीरू ढांडा और किनान चेनाई ने भारत को गोल्ड दिलाया। भारत ने शुरूआत में 10 में से 6 हिट किए थे और एक समय चार टीमों में सबसे नीचे था। इसके बाद दोनों ने एक भी टारगेट मिस नहीं किया और शानदार वापसी करते हुए गोल्ड जीता।

नैनो न्यूज

- **भारत ने जीता आर्चरी गोल्ड-** भारतीय महिला कंपाउंड आर्चरी टीम ने एशियन गेम्स में चीन को 238-234 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।
- **आर्चरी में भारत का दूसरा गोल्ड-** चिकिता तनिपार्थी और साहिल जाधव ने शूटऑफ में दक्षिण कोरिया को हराकर मिश्रित कंपाउंड स्पर्धा का स्वर्ण जीता।
- **भारत का पदक आंकड़ा 56 पहुंचा-** एशियन गेम्स में भारत ने बुधवार को तीन स्वर्ण और एक कांस्य सहित चार पदक जोड़कर कुल संख्या 56 कर ली।
- **भारत की एशियन गेम्स में आज कई स्पर्धाएं-** 30 सितंबर को भारतीय खिलाड़ी टेनिस, जूडो, साइक्लिंग, नौकायन, गोल्फ और ई-स्पोर्ट्स सहित कई खेलों में उतरेंगे।
- **जोगा पुरती क्वार्टर फाइनल में-** भारत की स्पीड क्लाइंबर जोगा पुरती ने अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड फिर सुधारा और एशियन गेम्स के महिला स्पीड क्लाइंबिंग क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।
- **भारत वॉलीबॉल टीम की वापसी चर्चा में-** भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने कतर के खिलाफ मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी की। कोच ड्रैगन मिहाइलोविच ने टीम के भरोसे को अहम बताया।
- **महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में उतरेगी-** एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम 30 सितंबर को दक्षिण कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी।

वनडे टीम से बाहर पंत बोले- बुरा लगता है

पंत ने 2 साल पहले आखिरी वनडे खेला था, हर झटके के बाद वापसी का भी मौका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



ऋषभ पंत भारत की वनडे टीम से बाहर हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए उन्हें टीम में नहीं चुना गया। पंत ने इस पर कहा है कि टीम में जगह नहीं मिलने पर बुरा लगता है।

पंत ने बिजनेस ऑफ स्पोर्ट पॉडकास्ट में कहा- जाहिर है, जब ऐसा कुछ होता है तो बुरा लगता है। लेकिन एक एथलीट की सोच आपको यह एहसास कराती है कि अगर कोई झटका लगता है, तो वापसी का मौका भी हमेशा होता है। पंत ने कहा कि इस स्तर पर बने रहने के लिए खिलाड़ी को अपने रास्ते के बारे में स्पष्ट होना चाहिए। उन्होंने कहा- आपको पता होता है कि आप कितनी कड़ी मेहनत कर रहे हैं और इस लेवल पर बने रहने के लिए आपका रास्ता बिल्कुल साफ होता है।

पंत के मुताबिक, बाहरी राय के बजाय खिलाड़ी को अपनी मेहनत और लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए। उनके लिए टीम से बाहर होना एक झटका है, लेकिन इससे वापसी की संभावना खत्म नहीं होती। पंत ने भारत के लिए आखिरी वनडे 7 अगस्त 2024 को खेला था। इसके बाद से वे टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम का हिस्सा बने हुए हैं, लेकिन वनडे टीम में उनकी जगह नहीं बन सकी। उन्होंने अब तक भारत के लिए 31 वनडे मैच खेले हैं। इसमें 871 रन बनाए हैं और उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 125 रन है।

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

किराए से देना है
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

प्रॉपर्टी बेचना है
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

मकान बेचना है
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

प्रवेश प्रारंभ
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओं की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

बरमंडल-सिंदुरिया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क 2 साल से खस्ताहाल

धार। जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़कें बदहाल होती जा रही हैं। बरमंडल-सिंदुरिया मार्ग दो साल से ज्यादा समय से खस्ताहाल है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी डामर की वजह से ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिले में ऐसी सैकड़ों पीएमजीएसवाय सड़कें हैं, जो खराब हो चुकी हैं। कई सड़कें अभी मेंटेनेंस अवधि में हैं, इसके बावजूद समय पर मरम्मत नहीं हो रही है।

इंदौर-अहमदाबाद एनएच के टोल पर कंपनी की दादागीरी

धार1। इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाटाबिल्लौद के मेठवाड़ा टोल प्लाजा के आसपास टोल कंपनी ने वसूली का नया डिजिटल सिस्टम खड़ा कर दिया है। प्लाजा से करीब 10 किमी पहले कलसाड़ा फाटा और 10 किमी बाद बेटमा-छोटी बेटमा के पास हाईटेक चेक पोस्ट लगाए गए हैं। सिस्टम शुरू होने के बाद मेठवाड़ा टोल से बचने के लिए गांव के रास्ते से निकलना आसान नहीं होगा। कलसाड़ा फाटा की ओर से हाईवे पर आने वाले वाहन की पहली तस्वीर और नंबर दर्ज होगा।

आलीराजपुर में नए मतदाताओं का रजिस्ट्रेशन शुरू

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले में युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए एक खास अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 18-19 साल के उन युवाओं के लिए है, जिनके नाम अभी तक वोटर लिस्ट में नहीं जुड़े हैं। इसमें वे लोग भी शामिल होंगे जो 1 जनवरी 2027 को 18 साल के हो जाएंगे। यह अभियान 28 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों- 191-आलीराजपुर और 192-जोबट में स्वीप गतिविधियों के जरिए युवाओं को मतदाता बनने का महत्व और नाम जुड़वाने की प्रक्रिया बताई जा रही है।

झाबुआ में मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका



कांग्रेस ने वोट चोरी का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया, इस्तीफा देने की मांग

झाबुआ। झाबुआ में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग और कथित 'वोट चोरी' के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने राजवाड़ा चौक पर करीब 2 घंटे धरना दिया। इसके बाद पैदल मार्च निकालकर बस स्टैंड स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और सीईसी ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजवाड़ा चौक पर नारेबाजी करते हुए धरना दिया। धरने के बाद सभी कार्यकर्ता राजवाड़ा से पैदल मार्च करते हुए बस स्टैंड पहुंचे। यहां चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने कहा कि लोकतंत्र की नींव जनता के वोट और उसके भरोसे पर टिकी है। चुनाव में जीत-हार होती रहती है, लेकिन चुनावी प्रक्रिया पर जनता का विश्वास बना रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई वोट, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है।

नैनो न्यूज

- **सराफा कारोबारियों को राहत मिली-** हाईकोर्ट ने सराफा नाइट चौपाटी के सीमित विक्रेता चयन को रद्द किया, जिससे हटाए गए खाद्य कारोबारियों को राहत मिली।
- **चौइथराम मंडी में बंपर टमाटर -** आवक बढ़ने से चौइथराम मंडी में जगह का संकट बना है। रोजाना खपत से अधिक आवक के कारण कीमतों पर दबाव है।
- **टमाटर भाव छह रुपये पहुंचे-** चौइथराम मंडी में भारी आवक के बीच टमाटर के थोक भाव छह से 20 रुपये किलो तक दर्ज हुए।
- **मंडी कारोबारियों की परेशानी बढ़ी-** टमाटर की अधिक आवक के साथ मंडी में क्रेट रखने की जगह कम पड़ी। कारोबारियों ने कचरा और लोडिंग समस्या भी उठाई।
- **इंफोसिस ने केंद्र विस्तार किया-** सुपर कॉरिडोर स्थित इंफोसिस परिसर में नया सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट ब्लॉक शुरू हुआ, जिससे आईटी गतिविधियों का विस्तार हुआ।
- **आईटी क्षेत्र में निवेश बढ़ा-** इंफोसिस का नया 3.30 लाख वर्गफीट ब्लॉक इंदौर में एआई, क्लाउड और साइबर सुरक्षा गतिविधियों को विस्तार देगा।
- **ऑफिस लीजिंग में तेजी लौटी-** देश के प्रमुख शहरों में कंपनियां नए कार्यालयों के लिए लीज समझौते कर रही हैं। इससे व्यावसायिक रियल एस्टेट गतिविधियों में सुधार दिखा।
- **इंदौर में कॉरपोरेट गतिविधियां बढ़ीं-** कार्यालय विस्तार और नई लीजिंग से शहर के व्यावसायिक रियल एस्टेट बाजार में कंपनियों की सक्रियता बढ़ने के संकेत मिले।
- **एयरपोर्ट क्षेत्र में एरासिटी प्रस्तावित-** इंदौर एयरपोर्ट के पास करीब 11 हेक्टेयर क्षेत्र में एरासिटी विकसित करने की योजना है, जिसमें होटल, कार्यालय और आवास प्रस्तावित हैं।

इंदौर में पोलिंग एजेंट ने कहा-उस बूथ पर भाजपा को 337 वोट मिले, रिकॉर्ड मेरे पास

जीतू पटवारी के 300 फर्जी वोट वाले बयान पर पलटवार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा 28 सितंबर को निर्वाचन आयोग के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान बूथ पर फर्जी मतदान को लेकर दिए गए कथित बयान पर भाजपा मंडल अध्यक्ष और पोलिंग एजेंट नीरज नागदावाला ने बुधवार को प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष रखा।

नागदावाला ने पटवारी के उस दावे को तथ्यहीन बताया, जिसमें बिना नाम लिए एक बूथ पर भाजपा का पोलिंग एजेंट बैठाए जाने और करीब 300 फर्जी वोट पड़ने की बात कही गई थी। नागदावाला ने कहा कि इस तरह के आरोपों से उनकी राजनीतिक निष्ठा, छवि और सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। उन्होंने वार्ड क्रमांक 78 के मतदान केंद्र का डेटा, पोलिंग एजेंट से जुड़े दस्तावेज और अन्य प्रमाण पत्रकारों के सामने रखे।



कांग्रेस के पोलिंग एजेंट को हमने पोहे खिलाए

पोलिंग एजेंट को लेकर लगाए गए आरोप पर नागदावाला ने कहा कि पटवारी ने बिना नाम लिए दावा किया था कि संबंधित बूथ पर भाजपा की ओर से पोलिंग एजेंट उन्होंने बैठाया था। नागदावाला ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि मतदान केंद्र पर कांग्रेस के पोलिंग एजेंट मौजूद थे और उनके साथ उनका व्यवहार भी सामान्य था। उन्होंने कहा, आपके और आपके लोग वहां बैठे थे, जिन्हें हमने कांग्रेस के पोलिंग एजेंट को पोहे तक खिलाए हैं। ऐसे में आप मुझे वहां भाजपा का पोलिंग एजेंट कैसे बता सकते हैं?

नागदावाला ने कहा कि वे भाजपा के छोटे कार्यकर्ता हैं, लेकिन उनके खिलाफ सार्वजनिक रूप से इस तरह के आरोप लगाए जाते हैं तो वे चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से जिस स्तर पर शिकायत करने के निर्देश मिलेंगे, वे वहां उपलब्ध दस्तावेज और प्रमाण के साथ अपनी बात रखेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर नागदावाला ने कहा कि वे इस मुद्दे पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों को भी तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर देखा जाना चाहिए। नागदावाला ने कहा कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप अपनी जगह हैं, लेकिन किसी व्यक्ति की राजनीतिक निष्ठा या सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़े आरोप लगाने से पहले तथ्यों और आंकड़ों की पुष्टि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कैमरे के सामने आरोप लगाना आसान है, इसलिए संबंधित व्यक्ति को उपलब्ध रिकॉर्ड के जरिए अपना पक्ष रखने का अधिकार भी है।

बूथ नंबर 88 पर भाजपा को 337 वोट मिले

- नागदावाला ने कहा कि जिस बूथ का जिक्र किया जा रहा है, वह बूथ नंबर 88 है। इसी मतदान केंद्र पर उनका और जीतू पटवारी के परिवार का भी मतदान होता है। उनके मुताबिक, इस बूथ पर भाजपा को कुल 337 वोट मिले थे और मतदान का पूरा रिकॉर्ड उनके पास है।
- उन्होंने कहा कि उनका परिवार बिजलपुर का बड़ा परिवार है और परिवार के कई सदस्य इसी बूथ पर मतदान करते हैं। इसलिए बूथ के मतदान आंकड़ों को लेकर किसी भी तरह की शंका होने पर उपलब्ध रिकॉर्ड देखा जा सकता है।

इंदौर में आज से दूध 3 रुपये महंगा

68 रु. लीटर मिलेगा, घर तक डिलीवरी पर 1 रु. अतिरिक्त; किसानों को 33 पैसे प्रति फैट ज्यादा भुगतान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में 1 अक्टूबर से दूध की कीमतों में बदलाव होने जा रहा है। दूध उत्पादक किसानों को मिलने वाले भुगतान में बढ़ोतरी के साथ ही घर तक दूध पहुंचाने की सेवा के लिए भी अतिरिक्त शुल्क तय किया गया है।

नई दर लागू होने के बाद डेयरी और दुकानों पर दूध 68 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। वहीं, होम डिलीवरी कराने वाले उपभोक्ताओं को इसके लिए 1 रुपए प्रति लीटर अतिरिक्त चुकाना होगा।

दूध उत्पादक किसानों को 33 पैसे प्रति फैट ज्यादा भुगतान- नई व्यवस्था के तहत दूध उत्पादक किसानों को मिलने वाले भुगतान में 33 पैसे प्रति फैट की बढ़ोतरी की गई है। दूध का भुगतान उसकी फैट की मात्रा के आधार पर तय किया जाता है। इसी आधार पर 5.5 से 6 फैट वाले दूध के नए भाव निर्धारित किए गए हैं। डेयरी और दुकान पर 68 रुपए लीटर मिलेगा दूध 1 अक्टूबर से लागू होने वाली नई दर के अनुसार, डेयरी और दुकानों पर उपभोक्ताओं को दूध 68 रुपए प्रति लीटर की दर से मिलेगा। यानी मौजूदा कीमत की तुलना में दूध 3 रुपए प्रति लीटर महंगा होगा।



होम डिलीवरी चार्ज भी देना होगा

घर तक दूध मंगाने पर 1 रुपए अतिरिक्त देना होगा जो उपभोक्ता डेयरी या दुकान से दूध लेने के बजाय घर पर दूध मंगवाते हैं, उन्हें अब निर्धारित कीमत के अलावा 1 रुपए प्रति लीटर होम डिलीवरी चार्ज देना होगा। ऐसे में घर पर पहुंचने वाले दूध के लिए उपभोक्ता को कुल 69 रुपए प्रति लीटर तक भुगतान करना होगा। दूध की नई दरें 5.5 से 6 फैट के आधार पर तय की गई हैं।

नगर निगम के टैंकर ने बी टेक की छात्रा को रौंदा, मौत, भाई घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

छोटा बांगड़दा इलाके में नगर निगम के पानी के टैंकर ने दोपहिया वाहन सवार बीटेक छात्रा और उसके भाई को टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई मामूली रूप से घायल हुआ है।

एक्सीडेंट के बाद चालक टैंकर को तेज रफ्तार में लेकर भागने लगा। कुछ राहगीरों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। टैंकर चालक शुभम उर्फ सोहन चौकसे, निवासी गांधी नगर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के मुताबिक, हादसा छोटा बांगड़दा इलाके में वेदांत स्कूल के पास बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे हुआ। कटनी निवासी अर्चिता झार अपने भाई प्रणय के साथ दोपहिया वाहन से जा रही थी। इसी दौरान नगर निगम के तेज रफ्तार टैंकर ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अर्चिता सड़क पर गिर गई और टैंकर की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद टैंकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, अर्चिता सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रही थी। घटना की सूचना उसके परिजन को दे दी गई है। पुलिस टैंकर चालक की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।



इंदौर में 10 हजार का इनामी दो बार पहुंचा कोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाने की पुलिस जिस आरोपी को हत्याकांड में पिछले एक महीने से तलाश रही थी, वह सीधे कोर्ट में पेश हुआ और जज के आदेश पर जेल चला गया। पुलिस को हत्या के मामले में उसका रिमांड भी नहीं मिल सका। खास बात यह है कि सूरज जिस थाने के हत्याकांड में आरोपी है, उसी थाने से जारी एक अन्य वारंट के मामले में भी वह करीब एक सप्ताह पहले कोर्ट पहुंचा था। वारंट नहीं मिलने पर मजिस्ट्रेट ने उसे दो दिन बाद आने को कहा था। इसके बाद वह दूसरे थाने के वारंट के मामले में कोर्ट में पेश हुआ और जेल चला गया। लसूड़िया इलाके में 22 दिन पहले देवास नाका निवासी चंदर लोहार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

हत्याकांड में पंचवटी कॉलोनी निवासी सूरज जाट का नाम सामने आया था। सूरज पर हत्या और लूट समेत करीब दो दर्जन गंभीर अपराध दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी के लिए लसूड़िया पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। डीसीपी जोन-2 अमन राठौर ने उस पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। उसकी पत्नी ने पुलिस पर एनकाउंटर की आशंका जताई थी। गिरफ्तारी को लेकर हाईकोर्ट के वकील पवन राय के माध्यम से कोर्ट में आवेदन भी लगाया गया था। हालांकि, पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि वह सूरज को तलाश रही है और उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। सूरज पर लसूड़िया थाने में काफी समय पहले रंगदारी का केस दर्ज हुआ था। इसमें सूरज जाट के साथ उदय को आरोपी बनाया गया था।

खाद्य विभाग की कार्रवाई: रोमियो लेन का किचन बंद

बिना लाइसेंस बन रहे मोमोज पर भी रोक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने दो प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की है। हाई स्ट्रीट अपोलो, एबी रोड, निपानिया स्थित ट्रिनिटी हॉस्पिटैलिटी (रोमियो लेन) के किचन में खाद्य सुरक्षा संबंधी कई अनियमितताएं मिलने पर खाद्य पदार्थों के निर्माण का काम तत्काल रुकवा दिया गया। वहीं खातीवाला टैंक की बैराठी कॉलोनी में बिना लाइसेंस मोमोज का निर्माण और सप्लाई किए जाने का मामला सामने आने पर निर्माण बंद कराया गया।

टीम ने ट्रिनिटी हॉस्पिटैलिटी का निरीक्षण किया। मौके पर होटल के जनरल मैनेजर अमोघ शरण मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान किचन के फ्रीजर में शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य पदार्थ एक साथ रखे मिले। खाद्य पदार्थों की टैगिंग भी उचित तरीके से नहीं की गई थी। जांच के दौरान खसखस और मशरूम पुराने एवं कीटग्रस्त पाए गए। इन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया। परिसर में पानी की जांच रिपोर्ट और खाद्य कर्मियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध नहीं मिले। खाद्य पदार्थों के भंडारण में एफआईएफओ और एफईएफओ व्यवस्था का पालन भी नहीं पाया गया। टीम ने मौके से पनीर, दही, मूंगफली दाना, खड़ा धनिया और ग्लास वमीर्सेली के 5 सैंपल लिए। इन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। निरीक्षण में परिसर का खाद्य लाइसेंस भी अवधि समाप्त पाया गया। इसके बाद किचन परिसर में खाद्य पदार्थों के निर्माण संबंधी कार्य को तत्काल अवरुद्ध कराया गया।

इसी क्रम में शिकायत के आधार पर खातीवाला टैंक स्थित बैराठी कॉलोनी के गोस्वामी मोमोज का निरीक्षण किया गया। यहां मौके पर मोमोज बनाकर दुकान से बेचने के साथ-साथ अन्य मोमोज विक्रेताओं को भी सप्लाई किए जाने की जानकारी सामने आई। निरीक्षण के दौरान विक्रेता पंकज गिरी के पास खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए लाइसेंस नहीं मिला।

भागीरथपुरा में दूषित जल की घटना एक लापरवाही का परिणाम नहीं थी

यह कई दशकों के दौरान विभिन्न स्तरों पर हुई लगातार चूकों का सामूहिक परिणाम थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हाई कोर्ट के निर्देश पर हुई न्यायिक जांच की रिपोर्ट आज हाई कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई। इसके निष्कर्ष में जो महत्वपूर्ण तथ्य सामने आये इनमें आयोग ने माना है कि जिम्मेदारी उन अधिकारियों तक भी जाती है, जो क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों को बदलने के लिए निविदाओं की प्रक्रिया, जांच, अनुमोदन और अंतिम रूप देने से सीधे जुड़े थे।

आयोग ने पाया कि भागीरथपुरा में दूषित जल की घटना किसी एक लापरवाही का परिणाम नहीं थी, बल्कि कई दशकों के दौरान विभिन्न स्तरों पर हुई लगातार चूकों का सामूहिक परिणाम थी। इसकी जिम्मेदारी अलग-अलग प्राधिकरणों और विभिन्न पदों पर कार्यरत अधिकारियों की है।

तत्कालीन इंदौर विकास प्राधिकरण/इंदौर विकास प्राधिकरण के वे अधिकारी, इंजीनियर और तकनीकी अधिकारी जिम्मेदार हैं, जो 1990 से 1995 के बीच सीवरेज परियोजना की योजना, डिजाइन और क्रियान्वयन तथा 1999 से 2004 के बीच सीवरेज पाइपलाइन बिछाने से जुड़े थे। यह कार्य सीपीएचईईओ मैनुअल के प्रावधानों के विपरीत किया गया।

इंदौर नगर निगम के वे अधिकारी, जिन्हें सीवरेज और पेयजल व्यवस्था के संचालन, रखरखाव और निगरानी की जिम्मेदारी दी गई थी, वे समय रहते बुनियादी ढांचे में हो रही खराबी को पहचानने, रोकने और ठीक करने में विफल रहे।

अधीक्षण यंत्री संजीव कुमार श्रीवास्तव, जो 2013 से 2026 तक लगातार पदस्थ रहे और संबंधित क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था के रखरखाव के लिए सबसे वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी थे, वे कमजोर पाइपलाइन नेटवर्क का पर्याप्त निरीक्षण, निवारक रखरखाव, समय पर पाइपलाइन बदलने और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने में विफल रहे।

क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों को बदलने के लिए निविदाओं की प्रक्रिया और उन्हें अंतिम रूप देने में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की प्रशासनिक देरी ने सुधारात्मक कार्यों को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इससे अंततः दूषित जल की घटना का जोखिम बढ़ गया।

आयोग के अनुसार इस मामले में जिम्मेदारी सामूहिक और समानांतर है। निर्माण के दौरान हुई मूल खामी, उसके बाद लंबे समय तक रखरखाव और निगरानी में विफलता तथा क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को बदलने में हुई प्रशासनिक देरी-इन सभी ने मिलकर लापरवाही की ऐसी श्रृंखला बनाई, जिसके परिणामस्वरूप भागीरथपुरा के लोगों को दूषित पेयजल की आपूर्ति हुई। आयोग ने कहा कि अलग-अलग समय पर कार्यपालन यंत्री, अधीक्षण यंत्री और अन्य इंजीनियरिंग अधिकारी संबंधित विभागों में पदस्थ रहे और जलापूर्ति तथा सीवरेज व्यवस्था की निगरानी एवं रखरखाव की जिम्मेदारी निभाते रहे।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर
किराये से होम स्टे देना है
(नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास अवंतिका होटल के सामने)
ब्रिजा कार (2022 मॉडल-45000किमी)
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176 समय : 11:30 से 3 बजे तक

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com